


राष्ट्र एवं राज्य के प्रगति पथ पर...

# समय दर्शन

ESTD : Since 2011

रायपुर एवं दुर्ग से प्रकाशित

संस्थापक : स्व. श्रीमती निलिमा खड़तकर

निष्पक्ष निर्भीक खबरों के साथ




वर्ष 14, अंक 195 पृष्ठ 8, मूल्य 3.00 रूपये दुर्ग, शुक्रवार 09 मई 2025 www.samaydarshan.in

### पाकिस्तान का रात में 15 भारतीय सैन्य ठिकानों पर हमला

# एस 400 डिफेंस सिस्टम से सभी नाकाम; हार्पी ड्रोन से पाकिस्तानी डिफेंस सिस्टम तबाह

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** ऑपरेशन सिंदूर के अगले दिन यानी बुधवार-गुरुवार की रात पाकिस्तान ने भारत के 15 से ज्यादा सैन्य ठिकानों पर हमले की कोशिश की थी। भारत ने रूस से मिले एस 400 डिफेंस सिस्टम के जरिए इस हमले को नाकाम कर दिया।

जवाबी कार्रवाई में भारत ने गुरुवार सुबह पाकिस्तान का एयर डिफेंस सिस्टम तबाह कर दिया। इसके लिए इजराइल से मिले हार्पी ड्रोन का इस्तेमाल किया गया।

रक्षा मंत्रालय ने गुरुवार दोपहर 2.30 बजे बताया कि पाकिस्तान ने उत्तर और पश्चिम भारत के शहरों को भी निशाना बनाया। इस दौरान अवंतिपोरा, श्रीनगर, जम्मू, पठानकोट, अमृतसर, कपूरथला, जालंधर, लुधियाना, आदमपुर, बठिंडा, चंडीगढ़, नाल, फलोदी, उत्तरलाई और भुज में ड्रोन्स और मिसाइलें दागी गई थीं। इन्हें भी नाकाम कर दिया गया।



भारतीय सेना ने पहले ही सीमाओं पर रूस से मिले एस-400 एयर डिफेंस मिसाइल सिस्टम को तैनात कर रखा है, जैसे ही पाकिस्तान ने मिसाइलों से हमला किया, इस सिस्टम को एक्टिव कर दिया गया। रक्षा मंत्रालय ने बताया कि पाकिस्तान के हमलों के बाद आज सुबह भारतीय सशस्त्र बलों ने पाकिस्तान में कई स्थानों पर हार्पी ड्रोन से वहां के एयर डिफेंस रडार और सिस्टम को निशाना बनाया। भारत की कार्रवाई उसी क्षेत्र में, तेजी के साथ की गई है जैसी पाकिस्तान ने की थी। सूत्रों ने बताया कि लाहौर, सियालकोट, कराची में एयर डिफेंस सिस्टम को तबाह कर दिया गया। एस-400 एक एयर डिफेंस सिस्टम है। ये हवा में हो रहे अटैक को रोकता है। ये दुश्मन देशों के मिसाइल, ड्रोन, रॉकेट लॉन्चर और फाइटर जेट्स के हमले को रोकने में कारगर है। यह 600 किमी दूर टारगेट को ट्रैक कर लेता है। इसकी टारगेट हिट करने की रेंज 400 किमी है। इसे रूस के एलमाज सेंट्रल डिजाइन ब्यूरो ने बनाया है। दुनिया के बेहद आधुनिक एयर डिफेंस सिस्टम में इसकी गिनती होती है।

इस बीच, पाकिस्तान नियंत्रण रेखा पर फायरिंग कर रहा है। इसमें जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा, बारामूला, उरी, पुंछ, मेंढर और राजौरी सेक्टर में मोर्टार और गोलीबारी की जा रही है। भारत ने 6 मई की देर रात को पाकिस्तान और पीओके स्थित 9 आतंकी ठिकानों पर मिसाइल से हमला किया था।

### पाक की टेंशन बढ़ी , आपरेशन सिंदूर अभी जारी है

केंद्र सरकार द्वारा ऑपरेशन सिंदूर के बारे में सभी राजनीतिक दलों को जानकारी देने के लिए आज सर्वदलीय बैठक आयोजित की गई। बैठक में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि पाकिस्तान के खिलाफ ऑपरेशन सिंदूर अभी भी जारी है। यानी 7 मई को पाकिस्तान के 9 ठिकानों पर हुए एयर स्ट्राइक के बाद भी ऑपरेशन रोका नहीं गया है। करीब डेढ़ घंटे चली बैठक से बाहर आने के बाद संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने भी रक्षा मंत्री के बयान को दोहराया। कांग्रेस अध्यक्ष और राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा है कि संकट की इस घड़ी में देशहित में समूचा विपक्ष सरकार के साथ खड़ा है।

### एक भी मिसाइल नहीं रोक सके : पाकिस्तानी नागरिक ने खोली पाक सेना और उसकी कमजोर रक्षा प्रणाली की पोल

जब भारत ने पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) और पाकिस्तान में प्रमुख आतंकी ठिकानों पर बमबारी की, तो पाकिस्तान ने अपनी साख बचाने के लिए झूठे प्रचार का सहारा लिया। हालांकि, पाकिस्तान के ही कुछ लोग ऐसे भी हैं जो बिना हिचक के पूरी बेबाकी के साथ अपनी सेना की खामियों को उजागर कर रहे हैं। सोशल मीडिया पर एक पाकिस्तानी नागरिक का वीडियो वायरल हो गया है, जिसमें उसने पाकिस्तानी सेना की रक्षा प्रणाली में बड़ी खामियों और किसी भी हमले को विफल करने की तैयारी के बारे में खुलकर बात की है।

वीडियो में पाकिस्तानी नागरिक कह रहा है, कल रात भारत ने पाकिस्तान के खिलाफ 24 मिसाइल हमले किए और हैरानी की बात है सारे टारगेट पर जाकर लगे। इंडिया ने अपना टारगेट हासिल कर लिया और हम एक भी मिसाइल को रोक नहीं सके। हम पूरी तरह नाकाम रहे और भारत ने अपने लक्ष्य को हासिल कर लिया। कहावत है %घर में घुसकर मारना%, और भारत ने यही काम करके दिखाया। हम भारत को रोक नहीं सके। उसने आगे कहा, आप लोग यह मत सोचें कि मैं भारत की तारीफ कर रहा हूं। आप सुनते आ रहे हैं कि ईरान ने इजरायल की ओर लक्ष्य करके हजारों मिसाइल दाग दी। लेकिन वास्तव में इजरायल में एक भी मिसाइल नहीं गिरती क्योंकि उनका डिफेंस सिस्टम बहुत मजबूत है। ईरान की केवल एक-दो मिसाइल ही मुश्किल से इजरायल में जाकर गिर पाती हैं। इजरायल के डिफेंस सिस्टम की तुलना में हमारा हाल बुरा है। हम भारत की 24 मिसाइल में एक को भी गिरा नहीं पाए। वीडियो में पाकिस्तानी नागरिक ने अपने देश की सुरक्षा तैयारियों पर गंभीर सवाल उठाते हुए कहा, गनीमत यह रही कि भारत ने हमारे सैन्य ठिकानों या रिहायशी इलाकों पर हमला नहीं किया। भारत ऐसा करता तब भी हम उन मिसाइलों को रोक नहीं पाते।

## ऑपरेशन सिंदूर' के बाद भारत ने बंद किया करतारपुर कॉरिडोर

**चंडीगढ़ (एजेंसी)।** पहलगाम हमले के जवाब में भारत ने ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान स्थित नौ आतंकी ठिकानों को तबाह कर दिया है। इस कार्रवाई के बीच, गृह मंत्रालय ने घोषणा की है कि भारत ने अगले आदेश तक करतारपुर कॉरिडोर को बंद कर दिया है। पंजाब के गुरदासपुर के डिप्टी कमिश्नर दलविंदरजीत सिंह ने मीडिया को बताया कि कॉरिडोर एक दिन के लिए बंद रहेगा। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन को आने वाले दिनों के लिए सरकार से कोई आदेश नहीं मिला है। पाकिस्तान के नरोवाल जिले में ऐतिहासिक श्री दरबार साहिब गुरुद्वारे की तीर्थयात्रा के लिए करीब 150 भारतीय तीर्थयात्री इंटीग्रेटेड चेक पोस्ट (आईसीपी) पर पहुंचे थे, लेकिन बाद में उन्हें घर लौटने के लिए कहा गया। गुरदासपुर जिले के डेरा बाबा नानक में स्थित आईसीपी करतारपुर कॉरिडोर तक पहुंच की सुविधा प्रदान करता है। एक तीर्थयात्री ने मीडिया को बताया, आव्रजन और रक्षा अधिकारियों ने बताया कि स्थिति अनुकूल नहीं है और हमें सुबह 11 बजे के आसपास वापस लौटने की सलाह दी। दरअसल, यह गुरुद्वारा सिखों के लिए अत्यंत आध्यात्मिक महत्व रखता है, क्योंकि सिखों के पहले गुरु 'गुरु नानक देव' ने अपने जीवन के अंतिम 18 वर्ष यहीं बिताए और यहीं उनका निधन हुआ था।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 9 नवंबर, 2019 को इसका उद्घाटन किया था। करतारपुर कॉरिडोर एक वीजा-मुक्त सीमा क्रॉसिंग है, जो भारतीय नागरिकों और ओवरसीज सिटीजन ऑफ इंडिया (ओसीआई) कार्ड धारकों को भारत-पाकिस्तान सीमा से 4.7 किमी दूर स्थित गुरुद्वारे में बिना वीजा के दर्शन करने की अनुमति देता है।

भारत की सैन्य कार्रवाई के बाद अमृतसर जाने वाली दो अंतरराष्ट्रीय उड़ानों को दिल्ली की ओर मोड़ दिया गया और पंजाब में पाकिस्तान सीमा पर स्थित शैक्षणिक संस्थान बंद कर दिए गए हैं।

## माथमौर में महुआ पेड़ की छांव तले लगी सीएम की चौपाल

### नवविवाहिताओं को भी जल्द मिलेगा महतारी वंदन योजना का लाभ : मुख्यमंत्री साय

**रायपुर (समय दर्शन)।** सुशासन तिहार के तीसरे चरण के अंतर्गत मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय आज अचानक मनेंद्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिले के ग्राम माथमौर पहुंचे। बिना किसी पूर्व सूचना के जब मुख्यमंत्री माथमौर गांव पहुंचे, तो गांव में उत्साह की लहर दौड़ गई। अचानक पहुंचे मुख्यमंत्री के स्वागत के लिए ग्रामीणों ने आस-पास लगे फूलों से सुन्दर गुलदस्ता तैयार कर उनका आत्मीय स्वागत किया। मुख्यमंत्री ने गांव के बीच स्थित महुआ के पेड़ के नीचे चौपाल लगाई और वहां मौजूद ग्रामीणों से सीधा संवाद किया। ग्रामीणों से शासकीय योजनाओं के लाभ की जानकारी लेते हुए कहा कि, नई बहुओं को भी जल्द महतारी वंदन योजना का लाभ मिलेगा। वहीं ग्राम सरपंचों को पीएम आवास के लिए पात्र परिवारों की सूची बनाकर भेजने के लिए कहा।

मुख्यमंत्री ने चौपाल की शुरुआत भारत माता और छत्तीसगढ़ महतारी के जयकारों के साथ की। उन्होंने गांव के सरपंच को अपने पास बिठाया और पंचायत में विकास कार्यों एवं



जनहित की योजनाओं के क्रियान्वयन तथा समस्याओं की विस्तार से जानकारी ली। मुख्यमंत्री के आगमान की खबर पाकर आसपास के कोलियारी और कुवांरपुर पंचायत के साथ निकट के कई ग्रामों से भी बड़ी संख्या में ग्रामीण माथमौर पहुंचे थे, जिन्होंने अपनी समस्याएं और मांगें मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के सामने रखीं। चौपाल में मुख्यमंत्री श्री साय ने राशन दुकान संचालन, महतारी वंदन योजना और प्रधानमंत्री आवास योजना की स्थिति पर ग्रामीणों से फीडबैक लिया। उन्होंने महिलाओं से पूछा कि, क्या उन्हें हर माह हजार रुपये की राशि समय पर मिल रही है। मुख्यमंत्री श्री साय ने स्पष्ट किया कि जिन नवविवाहित महिलाओं की पात्रता बनती है, उन्हें भी जल्द महतारी वंदन योजना का लाभ मिलेगा।

जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन की जमीनी सच्चाई जानने के साथ ही मुख्यमंत्री श्री साय ने माथमौर और उसके आसपास के गांवों के लिए कई बड़ी घोषणाएं भी कीं। उन्होंने कुवांरपुर में 33/11 केवी विद्युत उपकेंद्र की स्थापना की घोषणा की।

## दादी के इलाज के लिए किसान पुत्र को स्वयं की राशि के लिए होना पड़ा परेशान

**गरियाबंद (समय दर्शन)।** एक किसान का बेटा जो अपनी दादी के इलाज के लिए अपने ही पैसा निकालने गुरुवार के सुबह से बैंक का कई चक्कर लगाया और थक हार कर ये आश्वासन के साथ अपना घर लौट गया कि उसे उसके खुद को धान की राशि आज नहीं कल याने शुक्रवार को दिया जायेगा।वही ग्राम फुलकर्रा निवासी स्वर्गीय दिनेश देवांगन का पुत्र पुखराज और भुनेश्वरी देवांगन ने बताया कि उनके पिता का देहांत दिया पूर्व हो गया है,उनके द्वारा धान बेचा गया था उसकी राशि लगभग 86 हजार रुपया बैंक जिला सहकारी बैंक गरियाबंद में जमा है,उस राशि को वे अपनी दादी जो लकवा बीमारी से ग्रस्त है उसके इलाज के लिए निकलवाने आए,साथ ही मृतक की पत्नी के साथ शपथ पत्र भी लेकर आए।लेकिन प्रार्थी को अपने पिता की ही राशि को बैंक यह कह कर नहीं दिए कि इस




राशि को निकालने में काफी लिखा पढ़ी करना पड़ेगा,इस वजह से राशि कल दिया जायेगा।जबकि प्रार्थी की दादी की तबियत ज्यादा खराब होने से उनके इलाज के लिए ये राशि लेने आए और काफी गिड़गिड़ाते भी दिखे,लेकिन बैंक मैनेजर के पास समय नहीं था कि उनके इस समस्या का इलाज कर उन्हें राशि प्रदान कर दे। वही बैंक के मैनेजर एच आर ध्रुव से जानकारी लेने पर उन्होंने कहा कि आज उनकी मीटिंग है जिसके चलते उन्हें काफी लिखा पढ़ी करना है। इस तरह एक किसान का पुत्र स्वयं के पिता द्वारा बेचे गए धान की राशि का उपयोग स्वयं के मां के लिए लेने काफी परेशान होते दिखा।

## हावेरी में कार-ट्रक की टक्कर में 6 की मौत, 2 घायल

**हावेरी (एजेंसी)।** कर्नाटक के हावेरी जिले में एक भीषण सड़क हादसे में छह लोगों की मौत हो गई, जबकि दो अन्य घायल हो गए। यह हादसा ब्यादगी तालुक के मोटेबेन्नूर गांव के पास राष्ट्रीय राजमार्ग 48 पर हुआ, जब एक कार ने ट्रक को पीछे से जोरदार टक्कर मारी।

पुलिस के अनुसार, हादसा इतना भयावह था कि कार में सवार छह लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। मृतकों की पहचान अभी तक नहीं हो पाई है। हादसे में दो लोग घायल हुए हैं, जिनमें से एक की हालत गंभीर बनी हुई है। घायलों को तुरंत नजदीकी जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनका इलाज चल रहा है।

ब्यादगी थाना पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर मामले की जांच शुरू कर दी है। प्रारंभिक जांच में पता चला है कि कार तेज रफ्तार में थी और संभवतः चालक ने नियंत्रण खो दिया, जिसके कारण यह टक्कर हुई। पुलिस ने ट्रक को कब्जे में ले लिया है और चालक से पूछताछ की जा रही है।



ब्यादगी थाने के एक अधिकारी ने बताया, ÷हम हादसे के कारणों की गहन जांच कर रहे हैं। सड़क पर मौजूद सीसीटीवी फुटेज और प्रत्यक्षदर्शियों के बयानों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। घायलों के बेहतर इलाज के लिए अस्पताल प्रशासन को निर्देश दिए गए हैं।÷

हादसे के बाद राजमार्ग पर कुछ देर के लिए यातायात प्रभावित रहा, जिसे पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से सामान्य किया।

स्थानीय लोगों ने बताया कि राष्ट्रीय राजमार्ग 48 पर अक्सर तेज रफ्तार और लापरवाही के कारण हादसे होते रहते हैं। उन्होंने प्रशासन से इस मार्ग पर सुरक्षा उपायों को और सख्त करने की मांग की है।

### नेशनल असेंबली के सदस्य और सेना के पूर्व मेजर रो पड़े

## भारत के हमले से पाकिस्तान में खौफ, संसद में रोते हुए पूर्व मेजर बोले- अल्लाह हमारी हिफाजत करे



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकवादी हमले के बाद भारत के करारे जवाब से पाकिस्तान में दहशत का माहौल है। वहां के लोग डरे-सहमे नजर आ रहे हैं और दुआ कर रहे हैं कि वे सुरक्षित रहें। इसका उदाहरण पाकिस्तानी संसद से भी सामने आया है, जहां चर्चा के दौरान नेशनल असेंबली के सदस्य और सेना के पूर्व मेजर रो पड़े। पूर्व पाकिस्तानी मेजर ताहिर इकबाल ने नेशनल असेंबली में कहा, ÷हम अपनी कौम से कहते हैं कि सब मिलकर चलो और अपने रब से दुआ करो कि हम सबकी हिफाजत करें। इस मुल्क की रक्षा करें।

ताहिर इकबाल ने कहा कि अल्लाह ने चाहा कि पाकिस्तान बने और उन्होंने ही इस मुल्क को बनाया है। अब वही इसकी हिफाजत करेंगे।

उन्होंने रोते हुए कहा, ÷अल्लाह, तू हमें माफ कर दे। हम तेरे सामने सर झुकाते हैं, माफी मांगते हैं और इसमें कोई दो राय नहीं है कि हम तेरे बड़े गुनहगार हैं।÷

पूर्व पाकिस्तानी मेजर ने कहा कि अल्लाह की रहमत काम आएगी। उनकी रहमत मिलेगी तो हम कामयाब होंगे और इस मुल्क की हिफाजत करेंगे।

उल्लेखनीय है कि भारत ने पहलगाम आतंकवादी हमले का बदला ऑपरेशन %सिंदूर% से लिया है। इसके तहत पाकिस्तान और पीओके में नौ आतंकवादियों के ठिकानों को तबाह कर दिया गया। भारत की सैन्य कार्रवाई में करीब 100 आतंकवादियों के मारे जाने की खबर है। हालांकि, अभी आधिकारिक तौर पर इसकी पुष्टि नहीं की गई है।

इस हमले से बौखलाए पाकिस्तान ने एलओसी से सटे सीमावर्ती इलाके में गोलाबारी की, जिसमें कई भारतीय हताहत हो गए हैं। इसके साथ ही उसने भारत में बुधवार रात कई शहरों को निशाना बनाने की कोशिश की, लेकिन भारतीय सेना ने सभी हमलों को नाकाम कर दिया और पाकिस्तानी सेना अपनी योजना में बुरी तरह विफल हो गई।

## चंडीगढ़, अमृतसर समेत 27 एयरपोर्ट्स 10 मई तक रहेंगे बंद,



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत की ओर से 'ऑपरेशन सिंदूर' सफलतापूर्वक किए जाने के बाद गुरुवार को करीब 430 नागरिक उड़ानों को रद्द कर दिया गया है। यह देश की कुल शेड्यूल उड़ानों का करीब 3 प्रतिशत है। इसके साथ ही 27 एयरपोर्ट्स 10 मई तक बंद रहेंगे। फ्लाइटराडर24 प्लेटफॉर्म के फ्लाइट ट्रैकिंग डेटा के मुताबिक, पाकिस्तान और भारत के पश्चिमी गलियारे का एयरस्पेस का ज्यादातर हिस्सा नागरिक विमानों से फ्री था। फ्लाइट को ट्रैक करने वाले पोर्टल के मुताबिक, पाकिस्तान के ऊपर हवाई क्षेत्र और जम्मू-कश्मीर एवं गुजरात के बीच भारत के पश्चिमी क्षेत्र में नागरिक हवाई यातायात नहीं था। इसकी वजह एयरलाइनों द्वारा संवेदनशील क्षेत्र से दूरी बनाए रखना है। जिन एयरपोर्ट्स को बंद रखा गया है, उनमें श्रीनगर, जम्मू, लेह, चंडीगढ़, अमृतसर, लुधियाना, पटियाला, बठिंडा, हलवारा, पठानकोट, भुंतर, शिमला, गग्गल, धर्मशाला, किशनगढ़, जैसलमेर, जोधपुर, बीकानेर, मुंद्रा, जामनगर, राजकोट, पोरबंदर, कांडला, केशोद, भुज, ग्वालियर और हिंडन शामिल हैं। बुधवार को 300 से अधिक उड़ानों को रद्द कर दिया गया था।

इस दौरान उत्तर और पश्चिमी भारत के 21 एयरपोर्ट्स बंद थे।एयर इंडिया ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि उसके संपर्क केंद्रों पर वर्तमान में बहुत अधिक कॉल आ रही हैं। एयरलाइन ने कहा, ÷हमारे सभी प्रतिनिधि सक्रिय रूप से ग्राहकों की सहायता कर रहे हैं, कुछ मामलों में संपर्क होने में अपेक्षा से अधिक समय लग सकता है। कृपया निश्चिंत रहें, हम आपकी सहायता के लिए यहां हैं।÷ एयरलाइन ने कहा, ÷जिन ग्राहकों की उड़ानें वर्तमान व्यवधानों से प्रभावित हैं, उनके लिए एयर इंडिया कैंसिलेशन पर फुल रिफंड और रीशेड्यूलिंग पर वन-टाइम छूट की पेशकश कर रही है। यह 10 मई, 2025 तक प्रभावित उड़ानों पर बुक की गई टिकटों के लिए मान्य है।÷ एयर इंडिया ने कहा कि हम हमारे सैन्य और रक्षा कर्मियों की निस्वार्थ सेवा और समर्पण के लिए आभारी है।

### हाईकोर्ट जजों की नियुक्ति में देरी

## सरकार को 'सुप्रीम' निर्देश- कॉलेजियम की सिफारिशों को दी जाए मंजूरी



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** देश के उच्च न्यायालयों में न्यायाधीशों की नियुक्ति में देरी पर सुप्रीम कोर्ट ने चिंता जताई है। सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार को निर्देश दिए हैं कि वह हाईकोर्ट के न्यायाधीशों की नियुक्ति पर कॉलेजियम की सिफारिशों को शीघ्रता से मंजूरी दे। कोर्ट ने कहा कि उच्च न्यायालय के न्यायाधीशों की नियुक्ति के लिए कई सिफारिशें केंद्र के पास लंबित हैं। इसके अलावा सुप्रीम कोर्ट ने हाईकोर्ट में लंबित मामलों को लेकर भी चिंता जताई। कोर्ट ने कहा कि देश के उच्च न्यायालयों में 7,24,192 आपराधिक अपीलें लंबित हैं। इसमे अकेले इलाहाबाद उच्च न्यायालय में 2.7 लाख मामले लंबित हैं।

सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को बताया था कि नवंबर 2022 से अब तक हाईकोर्ट जजों के लिए सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने 221 नामों का अनुमोदन किया है। इसमें से 29 नाम केंद्र सरकार के पास लंबित हैं। सुप्रीम कोर्ट की वेबसाइट पर कॉलेजियम द्वारा अनुशंसित न्यायाधीशों के नाम, उच्च न्यायालयों या शीर्ष अदालत के वर्तमान या सेवानिवृत्त न्यायाधीशों से उनके संबंध और सरकार द्वारा स्वीकृत प्रस्तावों की संख्या की जानकारी साझा की थी। सुप्रीम कोर्ट ने बताया था कि कॉलेजियम ने नौ नवंबर 2022 से 10 नवंबर 2024 तक उच्च न्यायालय के न्यायाधीशों के रूप में नियुक्ति के लिए 330 नामों का अनुमोदन किया था। इसमें से केंद्र ने 170 नामों को मंजूरी दी है। 17 नाम अभी भी सरकार के पास मंजूरी के लिए लंबित हैं। इसके बाद 11 नवंबर 2024 से पांच मई 2025 के बीच हाईकोर्ट जज के लिए 103 उम्मीदवारों के नामों की सिफारिश की गई। इनमें से केवल 51 नामों को मंजूरी दी गई। इनमें से भी 12 नाम केंद्र सरकार की मंजूरी के लिए लंबित हैं। वहीं नौ नवंबर 2022 से पांच मई 2025 तक उच्च न्यायालयों में न्यायाधीश पद के लिए कॉलेजियम ने 221 नामों का अनुमोदन किया। इसमें से 29 उम्मीदवारों के नाम केंद्र की मंजूरी के लिए लंबित हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिका पद पर होगी भर्ती, वरीयता सूची जारी होने के बाद दावा आपत्ति मंगाई गई

**पाटन (समय दर्शन)।** एकीकृत बाल विकास परियोजना पाटन कार्यालय द्वारा करेला 01 हेतु आंगनबाड़ी सहायिका तथा ग्राम पंचायत बोरेंदा में नवीन स्वीकृत केंद्र 04 में कार्यकर्ता एवं सहायिका का भर्ती किया जाना है/नियुक्ति हेतु सम्बंधित ग्राम पंचायत/वार्ड की आवेदिकाओ द्वारा प्राप्त आवेदन पत्र एवं दस्तावेज अनुसार अनंतिम वरीयता सूचि ग्राम पंचायत परिसर में चस्पा कर दिया गया है। लिपिकीय त्रुटि वश यदि किसी भी आवेदिका को उसके द्वारा कार्यालय में दिए दस्तावेज अनुसार नियमानुसार निर्धारित अंक प्राप्त नहीं हुए हैं तो वह कार्यालय में दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकती हैं। इस चरण में केवल उपलब्ध दस्तावेज के अनुसार ही अंक दिया जाएगा ,नए दस्तावेज लेने का कोई प्रावधान नहीं है 7दावा आपत्ति हेतु दिनांक 9.5.25 से 19.5.25 तक आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं।

### स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी स्कुल मर्रा के निखिल साहू ने दसवीं में किया टॉप



**सेलूद(समय दर्शन)।** छत्तीसगढ़ दसवीं बोर्ड का परिणाम जारी हुआ। विदित हो स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी स्कुल मर्रा के निखिल कुमार साहू ने 83 प्रतिशत प्रतिशत अंको के साथ स्कुल में टॉप किया। पाटन ब्लाक के मटंग निवासी निखिल कुमार ने बताया की उनके शिक्षकों ने सदैव पढ़ाई के लिये प्रेरित करते रहें, तथा परीक्षा में उपयोगी संबधित टिप्स बताया थे जिसका परिणाम आज स्कुल में टॉप किया हूँ। बतादे की सरकारी स्कुल के निखिल कुमार ने बिना कोई ट्यूशन किया सभी विषयों में डिस्टेंशन के साथ अंक अर्जित कर मर्रा स्कूल में टॉप किया है।

### जंगली सुअर ने किया हमला, तत्काल दी गई सहायता राशि



**महासमुंद (समय दर्शन)।** सांकरा परिवृत्त के माटीदरहा परिसर में लघु वनोपज समिति मोहगांव ग्राम बगार दरहा से लगे कक्ष क्रमांक 290 में तेंदूपता संग्रहण के दौरान देवना बाई साव पति जोगीराम साव निवासी बगार दरहा, वृंदावती चौहान पति शेष देव ग्राम बगार दरहा को जंगली सुअर द्वारा हमला कर दिया गया। उनका उपचार किया जा रहा है एवं 500 - 500 रू तात्कालिक सहायता राशि दी गई।

### नवीन शासकीय कन्या महाविद्यालय को मिली स्थायी भूमि, कलेक्टर ने किया आबंटित

**मुंगेली(समय दर्शन)।** कलेक्टर कुन्दन कुमार के द्वारा नवीन शासकीय कन्या महाविद्यालय मुंगेली के लिए स्थायी भूमि आबंटित किया गया है। राजस्व पुस्तक परिपत्र 4(1) की कंडिका के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए कलेक्टर ने खसरा नंबर 177 (शा.183), 178, 184 एवं 186 की कुल 5.99 एकड़ शासकीय भूमि में से 05 एकड़ भूमि उच्च शिक्षा विभाग, छत्तीसगढ़ शासन रायपुर को हस्तांतरित की है। यह भूमि पटवारी हल्का नंबर 18, रा.नि.मं. मुंगेली शहरी, तहसील मुंगेली क्षेत्र में एस.एन.जी. महाविद्यालय के पास स्थित है।

### डॉ. भीमराव अंबेडकर आवासीय विद्यालय मुंगेली का बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन

**मुंगेली (समय दर्शन)।** छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा कक्षा 10वीं एवं 12वीं बोर्ड परीक्षा परिणाम की घोषणा कर दी गई है। डॉ. भीमराव अंबेडकर आवासीय विद्यालय, मुंगेली के विद्यार्थियों ने इस बार भी उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम रोशन किया है।



कु. सुनिता सोनकर 10वीं 84% कक्षा में प्रथम — कु. प्रियंका बंजारे 10वीं 82.6% कक्षा में प्रथम

कक्षा 10वीं का परिणाम: कक्षा 10वीं में कुल 29 छात्र-छात्राएं परीक्षा में सम्मिलित हुए। इनमें से 06 विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी एवं 06 ने द्वितीय श्रेणी में सफलता प्राप्त की। प्रथम स्थान पर सुनिता सोनकर रहीं, जिन्होंने 84 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। द्वितीय स्थान आरती खांडे को मिला, जिनके अंक 65.6 प्रतिशत रहे। तृतीय स्थान मुस्कान जांगड़े को 64.3 प्रतिशत अंकों के साथ प्राप्त हुआ। कक्षा 12वीं (विज्ञान संकाय) का परिणाम: विज्ञान संकाय की कक्षा 12वीं में कुल 18 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी, जिनमें से 08 ने प्रथम श्रेणी एवं 03 ने द्वितीय श्रेणी में उत्तीर्णता प्राप्त की। प्रथम स्थान प्रियंका बंजारे ने 82.6 प्रतिशत अंक अर्जित कर प्राप्त किया। द्वितीय स्थान जान्हवी टोंडे को 74.6 प्रतिशत अंक मिले। तृतीय स्थान प्रियांशु दिवाकर ने 73.8 प्रतिशत अंकों के साथ प्राप्त किया।

# प्रधान पाठक का हुआ शाला स्तर पर सम्मान विदाई

होमन सिंह ठाकुर

**नंदिनी अहिवारा(समय दर्शन)।** शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला कोड़िया के प्रधान पाठक श्री राम राजेश जी साहू का ससम्मान विदाई समारोह का आयोजन किया गया ।श्री राम राजेश साहू जी का विदाई समारोह शास. पूर्व माध्यमिक शाला कोड़िया मे आयोजित किया गया। इस विदाई कार्यक्रम में ग्राम पंचायत कोड़िया की सरपंच श्रीमती जानकी साहू जी उपसरपंच श्रीमती मंजू निषाद जी एसएमसी के अध्यक्ष एवं सदस्यगण, सहायक विकास शिक्षा अधिकारी श्री बेनीराम वर्मा जी ग्राम के पूर्व सरपंच श्री झुमुक साहू जी वरिष्ठ नागरिक एवं साहित्यकार श्री नीलकंठ देवांगन जी संकुल प्रभारी श्रीमती रश्मि बंसियार जी एवं शाला परिवार के शिक्षक गण ब्रह्मानंद नाविक, मोतीलाल साहू, उत्तम कुमार ठाकुर, प्राथमिक शाला से अंकिता दुबे शशि प्रभा चंदेल, मेरे सर आप प्राथमिक प्रधान पाठक सुनील बंछोर ,





पोषण वर्मा उपस्थित थे। इस विदाई समारोह में एक मुख्य बात यह थी कि श्री राम राजेश साहू जी ने अपने सर्विस समय में जितने भी शिक्षक वृंद के साथ कार्य किया है उन सभी शिक्षकों को आमंत्रित किया गया था।और इस आमंत्रण को सभी ने स्वीकार करते हुए विदाई समारोह में उपस्थित हुए सभी शिक्षक एक दूसरे से मिलकर बड़े ही उत्साहित एवं प्रफुल्लित नजर आए सभी ने रामराजेश जी साहू के कार्यकाल का बखान किया सभी ने बताया कि रामराजेश जी साहू शाला स्तर पर पढ़ाई के अलावा मानस पर भी अच्छी पकड़ रखते हैं। संकुल प्रभारी श्रीमती रश्मि बांसियार ने कहा कि राम राजेश साहू जी एक कर्तव्य निष्ठ और अनुशासन प्रिय प्रधान पाठक रहे है। जिन्होंने अपने सर्विस समय में इन्होंने बच्चों के अनुशासन ,पढ़ाई एवं उनके सर्वांगीण विकास पर समुचित ध्यान दिया है। विदाई समारोह में आमंत्रित सभी शिक्षकों ने स्कूल में बिताए गए समय और अनुभव को साझा किया की किस प्रकार से हमने राम राजेश साहू जी के साथ काम किया है।और उनका मार्गदर्शन प्राप्त किया। श्री प्रवीण कुमार ताम्रकार ने कहा कि शासन अनुसार जो व्यक्ति सर्विस में आते हैं वह एक निश्चित समय पश्चात रिटायरमेंट होते हैं यह एक सतत प्रक्रिया है। सहायक विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी श्री बेनी राम वर्मा जी ने कहा कि राम राजेश साहू जी रिटायरमेंट के समय भी स्वस्थ, तंदुरुस्त और प्रसन्नचित्त हैं यही उनकी सबसे बड़ी उपलब्धि है ।उन्होंने अपना कार्यकाल निर्विवाद रूप से संपन्न किया है । उन्होंने कभी भी कार्य का तनाव अपने ऊपर हावी नहीं होने दिया इसी प्रकार हम सभी अपने कामों को बड़े मनोभाव से करें तो बड़ी से बड़ी परेशानी भी सरलता से क्रियान्वित हो जाती है।सभी आगंतुकों ने अपने-अपने वक्तव्य रखें और कार्यक्रम के अंत में सभी ने उपहार प्रदान कर प्रधान पाठक को ससम्मान विदाई दी ।कार्यक्रम का सफल संचालन प्रवीण कुमार ताम्रकार ने किया और आभार प्रदर्शन प्राथमिक शाला के प्रधान पाठक श्रीमती हेमलता चेलक ने किया।

# दसवीं में बेटी नुतन वर्मा रही राज्य में नावें स्थान पर

### जनपद पंचायत पाटन के पूर्व अध्यक्ष श्रीमती हर्षा लोकमनी चंद्राकर ने दी बधाई

**पाटन (समय दर्शन)।** माध्यमिक शिक्षा बोर्ड छत्तीसगढ़ कक्षा दसवीं का परिणाम जारी हुआ। जिसमें दुर्ग जिला व पाटन ब्लॉक के स्वामी आत्मानंद हिन्दी स्कूल पाहंदा (अ) के कु नुतन वर्मा ने 97.83 प्रतिशत अंक के साथ छत्तीसगढ़ राज्य में नावें स्थान पर टांप कर जिला, ब्लाक, गाँव व स्कूल का नाम रोशन किया है। नुतन वर्मा ने अपने माता पिता के सपनों को साकार किया नुतन वर्मा पुर्व सरपंच व किराना व्यवसायी भारती पवन वर्मा की पुत्री हैं।



कु नूतन की इस उपलब्धि पर जनपद पंचायत पाटन के पूर्व अध्यक्ष श्रीमती हर्षा लोकमनी चंद्राकर ने नूतन वर्मा के घर जाकर बधाई दी है साथ मे उत्तर मंडल के पूर्व अध्यक्ष लोकमनी चंद्राकर शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष टीकाराम साहू व सेवा सहकारी समिति झीट के अध्यक्ष धर्मेंद्र कौशिक, प्रबंधन समिति के सदस्य भारत लाल साहू, चेतन लाल देवांगन, सासंद प्रतिनिधि डां कुलेश्वर निमर्लकर, प्राथमिक शाला सासंद प्रतिनिधि डां विश्वकर्मा पाल पुर्व माध्यमिक शाला सासंद प्रतिनिधि होरीलाल यादव, बिसरूराम कुर्रे, कृष्ण साहू, मेघनाथ साहू उत्तम साहू व अन्य सदस्य ने इसके पीछे सस्था प्रमुख प्राचर्य जेपी पांड़े, शिक्षक व शिक्षका, माता पिता की महती भुमिका के लिए सभी को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं व नूतन की उज्जवल भविष्य की कामना की।

# सरस्वती शिशु मंदिर पिथौरा में दसवीं का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत

**पिथौरा(समय दर्शन)।** महासमुंद जिले के पिथौरा शहर में स्थित सरस्वती शिशु मंदिर पिथौरा का परिणाम शत प्रतिशत रहा। सरस्वती शिशु मंदिर जो कि संस्कार के नाम से अपनी अलग छवि बनाकर रखा हुआ है और आज महासमुंद जिले में इस स्कूल की अलग पहचान है।किसी ने खूब कहा है हर पहलु जिंदगी का इम्तिहान होता है। डरने वालों को कुछ नहीं मिलता। जिंदगी में लड़ने वालों के कदमों मे पर लग जाते हैं, इस वाक्य को अपने जीवन में आत्मसात करने वाली सरस्वती शिशु मंदिर पिथौरा की बहन शिवानी पाल पिता संतोष कुमार ने 91त्न अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया। द्वितीय स्थान पर स्वाति तिवारी पिता राजेश तिवारी जिनका




82.67 प्रतिशत अंक तथा तृतीय स्थान पर जयकुमार पिता उत्तर कुमार जिनका 78त्न अंक रहा।

सरस्वती शिशु मंदिर के तीनों बच्चे बिना ट्यूशन के घर में मेहनत करके इतना प्रतिशत प्राप्त किए है। साधारण एवं सामान्य परिवार संबंध रखने वाले यह बच्चे शुरू से ही होनहार बच्चे रहे हैं । सरस्वती शिशु मंदिर पिथौरा द्वारा भारतीय संस्कृति एवं भारत में होने वाले सभी त्यौहार को बहुत ही धूमधाम से विद्यालय में मनाते हैं चाहे रामनवमी हो चाहे कृष्ण जन्माष्टमी हो चाहे होली हो हर त्यौहार को विद्यालय में बच्चों को उनके बारे में बताते भी हैं साथ-साथ इन त्योहारों को विद्यालय में मनाते भी हैं। सरस्वती शिशु मंदिर पिथौरा में विद्यालय की प्राचार्य श्रीमती गायत्री राजपूत ,आचार्य सरजू राम सिन्हा, टेकलाल जगत, सीताराम पटेल, लोक सिंह नाग ,सावित्री साहू, सावित्री प्रजापति, अशोक बरिहा ,योगेंद्र हसीना, गीतांजलि विनीता, सुखदेवी रागिनी ,पूनम एवं शहीद भगत सिंह शिक्षण समिति के सदस्यों ने बच्चों उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं की एवं विद्यालय की ओर से स्मृति चिन्ह प्रदान किया गया।

# समाधान शिविर में लोगों को मिला राशन, आयुष्मान, श्रम और मनरेगा जॉब कार्ड




### बांसउरकुली क्षेत्र के 12 गांव से मिला 23 हजार कार्य की मांग

**सारंगढ़ बिलाईगढ़, (समय दर्शन)।** सुशासन तिहार के तृतीय चरण में बिलाईगढ़ ब्लॉक के ग्राम पंचायत बांसउरकुली में समाधान शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें क्षेत्र के जिला पंचायत सदस्यों, अन्य जनप्रतिनिधियों द्वारा क्षेत्र के हितग्राहियों को राशन कार्ड, आयुष्मान कार्ड, जॉब कार्ड, आदि उनके मांग के अनुरूप प्रदान किए गए। बांसउरकुली क्षेत्र के 12 गांव से मिला 23 हजार 25 कार्य का मांग प्राप्त हुआ है।

सुशासन तिहार में बिलाईगढ़ क्षेत्र के 12 गांव से 23025 मांग प्राप्त हुआ, जिसमें पीएम आवास ग्रामीण के 976, स्वच्छ भारत मिशन के 12, मनरेगा के 232, पेंशन के 43, राशन कार्ड के 68 आवेदन शामिल है। बिलाईगढ़ ब्लॉक के हितग्राहियों को महिला एवं बाल विकास विभाग से 3 अन्न प्रासन्न, 2 किशोरी बालिका सम्मान, श्रम विभाग से 7 श्रम कार्ड, राजस्व विभाग से 8 भूमि स्वामी को किसान (ऋण) पुस्तिका, पंचायत विभाग से 53 जॉब कार्ड वितरण, खाद्य विभाग से 23 राशन कार्ड, स्वास्थ्य विभाग से राधे लाल और परमिला बाई को आयुष्मान कार्ड, कृषि विभाग से 20 किसानों को खरपतवार नाशक दवा वितरण, वन और उद्यानिकी विभाग से पौधा वितरण किया गया। समाधान शिविर का शुभारंभ बिलाईगढ़ जनपद पंचायत के अध्यक्ष जयशंकर साहू के साथ साथ जिला और जनपद पंचायत के सदस्यों में युवराज शरण सिंह, सुशीला साहू, भगवंतीन कुंजराम पटेल, दिनेशलाल जांगड़े आदि जनप्रतिनिधि शामिल थे।

शिविर में जिला पंचायत सीईओ इंद्रजीत बर्मन, बिलाईगढ़ के अनुविभागीय अधिकारी (रा) डॉ. वर्षा बंसल, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत प्रतीक प्रधान, तहसीलदार कमलेश सिदार समेत जिला स्तरीय और ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों की उपस्थिती रही।

# चोरों ने किसानों के खेतों में लगे पंप को बनाया निशाना, एक ही रात में पांच जगह चोरी की घटना

**पाटन (समय दर्शन)।** ग्राम सोनपुर में बीती रात को अज्ञात चोर ने एक ही रात में पांच जगह चोरी की घटना को अंजाम दिया है। बता दे कि चोरी की घटना बुधवार रात को हुई है और एक दिन पहले मंगलवार को सोनपुर में मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री, मंत्रियों, विधायकों सहित गृह विभाग के एसपी से लेकर आला अधिकारी दिन भर एक कार्यक्रम में रहे। उसके एक दिन बाद ही किसानों के खेतों में लगे मोटर पंप, स्पेयर मशीन की निशाना बनाना पुलिस को चुनौती देने जैसा है। मिली जानकारी के मुताबिक ग्राम सोनपुर में बुधवार की रात्रि गांव के ही खुमान सिंह, नथानी कुंभकार, रविन्द्र मिश्रा, सुखचैन सहित एक अन्य किसान के खेत में लगे मोटर पंप के केबल को चोरी कर लिया है। इसके अलावा पंप हाउस में रखे दवाई छिड़काव का स्पेयर मशीन



को भी चोर ले उड़े। अब किसान काफी परेशान है। अभी धान का फसल लगा हुआ है। मोटर पंप के माध्यम से ही खेतों की सिंचाई होती है। लेकिन अब ये किसान मुसीबत में है। धान की फसल सूखने को लेकर चिंतित है। सरपंच संतराम कुंभकार ने बताया कि करीब 2 माह पहले और चोरी हुई थी। उस घटना में चोर को पकड़े नहीं गए है और अब यह घटना हो गई। सोनपुर में लगातार चोरी की घटना बढ़ती जा रही है। उन्होंने बताया कि गांव में नशीली गोली खाने वाले तथा शराब पीकर घूमने वाले युवकों की संख्या बढ़ती जा रही है। इस पर भी अंकुश लगाया जाना चाहिए। उन्होंने बताया कि शराब की अवैध बिक्री भी लगातार बढ़ गई है। पुलिस में शिकायत करते है तो शराब बेचने वालो को खबर लग जाती है। फिर गांव में पुलिस से शिकायत करने वालो को हो उल्टे फंसा देने की धमकी गांव में शराब बेचने वाले करते हैं ।

### गृह मंत्री विजय शर्मा ने लगाई फटकार

मंगलवार को गृह मंत्री विजय शर्मा एक शोक के कार्यक्रम में शामिल होने सोनपुर पहुंचे थे। ग्रामीणों ने उसे गांव में हो रही अवैध शराब बिक्री, चोरी की घटना से अवगत कराया। इसके बाद श्री शर्मा ने तत्काल मौके पर ही पुलिस के आला अधिकारियों को जमकर फटकार लगाई। ग्रामीणों द्वारा दिए गए जानकारी के मुताबिक सोनपुर गांव में संघ के तीन प्रचारक रहते है। उसके बाद भी इस तरह की शिकायत मिलना उसे कतई बर्दाश्त नहीं होगी।

# जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन के संस्थापक भुवन ऋभु हुए वर्ल्ड ज्यूरिस्ट एसोसिएशन से सम्मानित

### कृषक सहयोग संस्थान के साथ मिलकर कबीरधाम में बाल अधिकारों की सुरक्षा में निभा रहे प्रमुख भूमिका

**कवर्धा (समय दर्शन)।** जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन (जेआरसी) बाल अधिकारों की सुरक्षा के क्षेत्र में दुनिया का सबसे बड़ा कानूनी हस्तक्षेप नेटवर्क है जिसके सहयोगी नागरिक समाज संगठन देश के 416 जिलों में काम कर रहे हैं। जिले को बच्चों के लिए सुरक्षित बनाने व 2030 तक बाल विवाह के खात्मे के लिए कृषक सहयोग संस्थान भुवन ऋभु के कानूनी व रणनीतिक दिशानिर्देशों पर अमल कर रहा है। भुवन ऋभु कबीरधाम में बाल अधिकारों की सुरक्षा व संरक्षण के काम से करीब से जुड़े हैं जहां जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन बाल विवाह व बच्चों की ट्रैफिकिंग की रोकथाम के लिए स्थानीय स्तर पर कृषक सहयोग संस्थान का सहयोग व मार्गदर्शन कर रहा है।

प्रख्यात बाल अधिकार अधिवक्ता व जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन (जेआरसी) के संस्थापक भुवन ऋभु को वर्ल्ड लॉ कांग्रेस की बैठक में वर्ल्ड ज्यूरिस्ट एसोसिएशन (डब्ल्यूजेए) ने प्रतिष्ठित 'मेडल ऑफ ऑनर' से सम्मानित किया। वे यह सम्मान



पाने वाले पहले भारतीय हैं। भुवन ऋभु का छत्तीसगढ़ और खास तौर से कबीरधाम से गहरा नाता रहा है जहां जेआरसी के सहयोगी के तौर कृषक सहयोग संस्थान जिले में बाल अधिकारों की सुरक्षा के लिए जमीनी स्तर पर काम कर रहा है। बाल अधिकारों की सुरक्षा के लिए जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन दुनिया का सबसे बड़ा कानूनी हस्तक्षेप नेटवर्क है जिसके सहयोगी संगठन देश के 416 जिलों में जमीन पर काम कर रहे हैं।

जेआरसी के संस्थापक को मिले इस प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय सम्मान पर सहयोगी संगठन कृषक सहयोग संस्थान के निदेशक डॉ एच बी सेन ने कहा, यह सिर्फ भुवन जी का व्यक्तिगत सम्मान नहीं है- यह हम उन सभी लोगों के लिए अत्यंत गर्व का पल है जो प्रत्येक बच्चे की सुरक्षा के लिए जमीन पर काम कर रहे हैं। वर्ल्ड ज्यूरिस्ट एसोसिएशन ने उनके कार्यों को जो मान्यता दी है, वह हम सभी के संघर्ष और विश्वास का सम्मान है। यह हमारे प्रयासों को नई गति और उर्जा देगा और राज्य सरकार व जिला प्रशासन के सहयोग से हम 2030 तक कबीरधाम को बाल विवाह मुक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। हम यह भी सुनिश्चित करने के लिए दृढ़प्रतिज्ञ हैं कि बाल मजदूरी के लिए जिले के एक भी बच्चे की ट्रैफिकिंग नहीं होने पाए। यह वैश्विक सम्मान हमारे संकल्प को और मजबूती देता है और बच्चों के लिए एक सुरक्षित और बेहतर दुनिया बनाने के हमारे सपने को नई उर्जा देता है। डोमिनिकन रिपब्लिक में 4 से 6 मई के बीच हुए इस कार्यक्रम में दुनिया के 70 से ज़्यादा देशों से आए लगभग 1500 विधिवेत्ता और 300 से अधिक वक्ता शामिल हुए। इस मौके पर दुनिया की सबसे पुरानी ज्यूरिस्ट संस्था ने भुवन ऋभु को बच्चों के अधिकारों और सुरक्षा के लिए दो दशकों से ज़्यादा समय से किए जा रहे उनके बेहतरीन काम- चाहे वो क़ानूनी लड़ाइयां हों या जमीनी जागरूकता- के लिए सम्मानित किया। डोमिनिकन रिपब्लिक के श्रम मंत्री एडी ओलिवारेज ऑर्तेगा और वर्ल्ड ज्यूरिस्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष जेवियर क्रेमाडेस ने उन्हें श्मेडल ऑफ ऑनर प्रदान किया।

'व्हेन चिल्ड्रेन हैव चिल्ड्रेन रू टिपिंग प्वाइंट टू इंड चाइल्ड मैरेज' किताब में 'पिकेट' रणनीति के जरिए बाल विवाह के खात्मे का समग्र रणनीतिक खाका पेश किया जिसे सुप्रीम कोर्ट ने 2024 में जारी दिशानिर्देशों में एक व्यापक मार्गदर्शिका के तौर पर मान्यता दी। कृषक सहयोग संस्थान भी इसी रणनीति पर अमल करते हुए कबीरधाम को वर्ष 2030 तक बाल विवाह मुक्त बनाने के लिए दृढ़ संकल्पित है।

ऋभु के संघर्षों और उपलब्धियों की मुक्तकंठ से सराहना करते हुए डब्ल्यूजेए के अध्यक्ष जेवियर क्रेमाडेस ने कहा, भुवन ऋभु का दृढ़ता से मानना है कि न्याय लोकतंत्र का सबसे मजबूत खंभा है और उन्होंने पूरा जीवन भारत व पूरे विश्व में बच्चों और यौन हिंसा से पीड़ित महिलाओं को न्याय दिलाने के लिए समर्पित कर दिया है।

सार समाचार

## मकान से घर से दो नग सोने की चैन पार

**रायपुर( समय दर्शन )।** किशोर होटल के पास स्थित मकान से अज्ञात चोर ने 2 नग सोने का चैन पार कर दिया। प्रार्थिया की शिकायत पर डीडीनगर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थिया अर्चना तिवारी 55 वर्ष किशोर होटल के पास सुंदरनगर की रहने वाली है। प्रार्थिया ने थाना में शिकायत किया अज्ञात चोर ने उसके घर में प्रवेश कर बिस्तर पर रखे 2 नग सोने के चैन पार कर दिया। चोरी गए जुमला कीमती करीब 60 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। प्रार्थिया की शिकायत पर डीडीनगर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

## गांजा तस्करी करते एक्टिवा सवार चार युवक गिरफ्तार

**रायपुर( समय दर्शन )।** कोतवाली पुलिस ने कालीबाड़ी गुरूकुल कॉम्प्लेक्स के पास दबिश देकर गांजा परिवहन करते एक्टिवा सवार चार युवकों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से 5 किलो 30 ग्राम गांजा जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार कोतवाली पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर कालीबाड़ी गुरूकुल कॉम्प्लेक्स के पास दबिश देकर एक्टिवा सवार आरोपी करण तिवारी 32 वर्ष, कुणाल, भावेश सचदेव व रिषभ महोबिया को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से एक्टिवा वाहन और बोरी में रखे 5 किलो 30 ग्राम गांजा जब्त किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

## मुख्यमंत्री ने कर्रेगुट्टा पहाड़ पर जारी एंटी नक्सल ऑपरेशन का अपडेट लिया

**रायपुर( समय दर्शन )।** मुख्यमंत्री साय ने बुधवार को मंत्रालय महानदी भवन स्थित अपने कार्यालय कक्ष में गृह विभाग की समीक्षा बैठक ली। मुख्यमंत्री साय ने बीजापुर जिले के कर्रेगुट्टा पहाड़ी पर सुरक्षाबलों की नक्सलियों के विरुद्ध जारी मुठभेड़ के विषय में अधिकारियों से अपडेट लिया और अधिकारियों को दिशानिर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने ऑपरेशन के संदर्भ में भविष्य की रणनीति के बारे में अधिकारियों से चर्चा की। बैठक में गृह विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव मनोज पिंगुआ, पुलिस महानिदेशक अरूण देव गौतम, मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव सुबोध कुमार सिंह, अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक नक्सल ऑपरेशन विवेकानंद सिन्हा उपस्थित थे।

# मुख्यमंत्री स्वयं कर रहे फील्ड विजिट





### समाधान के संकल्प के साथ आगे बढ़ रहा सुशासन तिहार

**रायपुर( समय दर्शन )।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ राज्य में आम जनता की शिकायतों एवं मांगों के त्वरित समाधान के लिए 'सुशासन तिहार' का आयोजन पूरे उत्साह के साथ जारी है। तीसरे चरण में प्रदेशभर के गांवों और कस्बों में शासन-प्रशासन पूरी तत्परता और तन्मयता के साथ आमजन की बाते सुन रहा है और उनका का समाधान कर रहा है। मुख्यमंत्री स्वयं इस अभियान की निगरानी कर रहे हैं। वे हेलीकाप्टर से गांवों के आकस्मिक दौरे कर रहे हैं। शासकीय योजनाओं की जमीनी हकीकत का मूल्यांकन कर रहे हैं। जनता से सीधा संवाद कर रहे हैं और समाधान शिविरों में पहुंचकर लोगों की समस्याओं को सुनकर उसका मौके पर निराकरण करवा रहे हैं। यह जनता-जनार्दन के प्रति छत्तीसगढ़ सरकार की संवेदनशीलता और प्रतिबद्धता का प्रतीक है। सुशासन तिहार के तहत अब तक 40 लाख 95 हजार से अधिक आवेदन प्राप्त हुए हैं, जिनमें से अधिकांश का निराकरण कर लिया गया है। इसमें धमतरी जिला ने लगभग 2 लाख 28 हजार आवेदनों में से 99.38 प्रतिशत का निराकरण कर राज्य में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। प्रदेश के 14 जिले क्रमशः धमतरी, महासमुंद, सक्ति, बालोद, रायगढ़, सारंगढ़-बिलाईगढ़, मुंगेली, रायपुर, सरगुजा, दक्षिण बस्तर दंतेवाडा, दुर्ग, जांजगीर-चाम्पा, नारायणपुर, बीजापुर ने 90 प्रतिशत से अधिक आवेदनों का निराकरण कर लिया है, जबकि गरियाबंद, गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही, बिलासपुर, राजनांदगाँव, खैरागढ़-छुईखदान-गंडई, बलौदा बाज़ार-भाटापारा, मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी, कबीरधाम, बेमेतरा, जशपुर, कोरिया, उत्तर बस्तर कांकेर, सूरजपुर जिले ने 80 से 90 प्रतिशत आवेदनों का समाधान किया है। बस्तर जिले में 78.48 प्रतिशत, कोण्डागांव में 70.97 प्रतिशत, बलरामपुर-रामानुजगंज जिलें में 60.59 प्रतिशत, मनेंद्रगढ़ चिरमिरी भरतपुर ने 59.09. प्रतिशत, कोरबा जिले ने 41.61 प्रतिशत तथा सुकमा जिले ने 30 प्रतिशत से अधिक आवेदनों का निराकरण किया जा चुका है, जो इस बात का प्रमाण है कि राज्यभर में त्वरित एवं प्रभावी समाधान की दिशा में निरंतर प्रयास जारी हैं। रायपुर जिले को 3 लाख 764 आवेदन प्राप्त हुए, जो राज्य में सर्वाधिक है। इसके बाद दूसरे क्रम पर बलौदाबाजार-भाटापारा जिला है। धमतरी, बिलासपुर और बस्तर क्रमशः तीसरे, चौथे और पांचवे स्थान पर हैं। निराकरण के मामले में धमतरी पहले, महासमुंद दूसरे और सक्ति जिला तीसरे स्थान पर हैं। बालोद और रायगढ़ चौथे और पांचवें क्रम पर हैं।

## निमार्णाधीन मकान में चोरी की घटना को अंजाम देने वाले 2 आरोपी पुलिस गिरफ्त में

**रायपुर( समय दर्शन )।** थाना टिकरापारा क्षेत्रांतर्गत स्थित कमल विहार सेक्टर 02 में निमार्णाधीन मकान में चोरी की घटना को दिये थे अंजाम। 107 नग कॉपर वायर का बंडल किये थे चोरी। सभी आरोपी है अपराधिक प्रवृत्ति के, जो पूर्व में भी रह चुके है कई मामलों में निरूद्ध। आरोपियों के कब्जे से चोरी की कॉपर वायर 33 बंडल, 01 नग सिमेंट बोरी एवं 15 किलो तांबा किया गया है जप्त। जप्त मशरूका की कुल कीमत है लगभग 1,50,000/- रूपये। आरोपियों के विरूद्ध थाना टिकरापारा में अपराध क्रमांक 271/25 धारा 331(4), 305, 3(5) बी.एन.एस. का अपराध किया गया है पंजीबद्ध। विवरण - प्रार्थी सुभाष साहू ने थाना टिकरापारा में रिपोर्ट दर्ज कराया कि उसके द्वारा कमल विहार सेक्टर 05 में नये मकान का निर्माण कराया जा रहा है। निर्माण कार्य देखने के लिए प्रार्थी दिनांक 14.04.2025 को शाम करीबन 18.30 बजे गया था तब सब ठीक था। प्रार्थी दिनांक 15.04.2025 को सुबह 09.00 बजे निर्माणाधीन मकान को देखने गया तो पाया कि कमरे का ताला टूटा हुआ था, रखे हुए सामान को चेक करने पर पाया कि कॉपर वायर का 107 बंडल नही था कमरे में नही था एवं बाजू कमरे का सारा सामान बिखरा पड़ा था। किसी अज्ञात चोर द्वारा प्रार्थी के निर्माणाधीन मकान अंदर प्रवेश कर समान रखने वाले कमरे का ताला तोड़कर अंदर प्रवेश कर उक्त मशरूका को चोरी कर फरार हो गया था। जिस पर अज्ञात आरोपी के विरूद्ध थाना टिकरापारा में अपराध क्रमांक 271/25 धारा 331(4), 305, 3(5) बी.एन.एस. का अपराध पंजीबद्ध किया गया है। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट तथा थाना टिकरापारा पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा घटना के संबंध में प्रार्थी तथा आस-पास के लोगों से विस्तृत पूछताछ करते हुए अज्ञात आरोपियों की पतासाजी करना प्रारंभ किया गया। टीम के सदस्यों द्वारा घटना स्थल का निरीक्षण करने के साथ-साथ घटना स्थल तथा उसके आस-पास लगे सी.सी.टी.व्ही कैमरों के फुटेजों का अवलोकन करने के साथ ही प्रकरण में मुखबीर भी लगाये गये थे। इसी दौरान टीम के सदस्यों को घटना में संलिप्त आरोपियों के संबधं में महत्वपूर्ण सूचना प्राप्त हुई जिस पर टीम के सदस्यों द्वारा मुजगहन निवासी विनाशक उर्फ मास्टर देवार की पतासाजी कर पकड़कर पूछताछ करने पर विनाशक देवार उर्फ मास्टर द्वारा अपने अन्य रोहित देवार के साथ मिलकर चोरी की उक्त घटना को अंजाम देना स्वीकार किया गया।

# खेल मंत्री टंकराम वर्मा ने किया ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ

**रायपुर( समय दर्शन )।** खेल एवं युवा कल्याण मंत्री टंकराम वर्मा ने सारंगढ़ प्रवास के दौरान खेलभांठा मैदान में जिला स्तरीय ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ किया। इस दौरान उन्होंने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया और उन्हें प्रोत्साहन स्वरूप खेल सामग्री वितरित की। खिलाड़ियों को उनकी खेल प्रतिभा को निखारने के लिए ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। लगभग एक माह तक चलने वाले इस शिविर में छह खेल कराटे, क्रिकेट, फुटबॉल, बैडमिंटन, वॉलीबॉल, टेबल टेनिस खिलाड़ियों को उच्च स्तरीय प्रशिक्षण दिया जाएगा। यह प्रशिक्षण खेलभाठा मैदान, क्लब हाउस और इनडोर स्टेडियम में




आयोजित किया जा रहा है। यह खेल प्रशिक्षण सुबह 6 से 8 बजे और शाम को 5 से 8 बजे तक दिया जाएगा। इसमें 8 से 17 वर्ष के बालक बालिका प्रवेश ले सकते हैं। आयु प्रमाण पत्र के लिए जन्म प्रमाण पत्र, आधार कार्ड और अंकसूची को मान्य किया जाएगा। इस संबंध में अधिक जानकारी के लिए 9977115799 प्रभारी खेल अधिकारी से संपर्क किया जा सकता है। इस अवसर पर खेल मंत्री वर्मा ने प्रशिक्षण में शामिल खिलाड़ियों को लक्ष्य न ओझल होने पाए, कदम मिलाकर चल, मंजिल तेरी पग चूमेगी आज नहीं तो कल कविता के माध्यम से खेल के प्रति हौसला अफजाई की। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय खेल और खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करते आ रहे हैं। मलखंभ खेल में हमारे बस्तर के खिलाड़ी राष्ट्रीय स्तर पर पहचान बनाए हैं। खेल मंत्री ने खिलाड़ियों की मांग पर खेल मैदान में रेलिंग वाली गेट तथा विद्युत व्यवधान को दूर करने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर उन्होंने खिलाड़ियों को नशे से दूर रहने की शपथ भी दिलाई। कार्यक्रम में कलेक्टर डॉ. संजय कन्नौजे, पुलिस अधीक्षक अंजनेय वार्ष्णेय सहित खिलाड़ी और खेल प्रेमी उपस्थित थे।

## ऑपरेशन सिंदूर भारत की सामरिक शक्ति और राजनीतिक दृढ़ता का प्रतीक: बृजमोहन

**रायपुर( समय दर्शन )।** सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने भारत द्वारा पाकिस्तान पर की गई जवाबी कार्रवाई %ऑपरेशन सिंदूर% को मोदी सरकार की एक ऐतिहासिक और साहसिक उपलब्धि बताया है। उन्होंने कहा कि यह ऑपरेशन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निर्णायक नेतृत्व, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की आंतरिक सुरक्षा पर पकड़ और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की सटीक सैन्य रणनीति का प्रतिफल है। सांसद अग्रवाल ने कहा कि भारत अब आतंकवाद को सिर्फ सहन नहीं कर रहा, बल्कि उसका मुंहतोड़ जवाब दे रहा है। हमारी सेना ने एक बार फिर साबित कर दिया कि भारत की सुरक्षा के साथ कोई भी समझौता नहीं किया जाएगा। यह ऑपरेशन केवल एक सैन्य कार्रवाई नहीं, बल्कि देश की संप्रभुता, शौर्य और स्वाभिमान का प्रतीक है। उन्होंने कहा, आज का भारत अब चुप नहीं बैठता, बल्कि आतंकवाद के हर स्वरूप का



जवाब उसी की भाषा में देता है। %ऑपरेशन सिंदूर% इस बात का जीता-जागता प्रमाण है कि भारत अपने नागरिकों, अपनी सीमाओं और अपने सम्मान की रक्षा करने में पूर्ण रूप से सक्षम है। बृजमोहन अग्रवाल ने इस मौके पर भारतीय सेना के जवानों को सलाम करते हुए कहा कि उनके अदम्य साहस और बलिदान के कारण ही आज हम एक सुरक्षित और सशक्त भारत की कल्पना कर पा रहे हैं।

## मुख्य चुनाव पदाधिकारी यशवंत कुमार ने संभाला पदभार

**रायपुर( समय दर्शन )।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी यशवंत कुमार को छत्तीसगढ़ का नया मुख्य चुनाव पदाधिकारी नियुक्त करने के बाद उन्होंने पदभार ग्रहण कर लिया है। आयोग को विधानसभा और लोकसभा चुनाव कराने के प्रमुख जिम्मेदारी है। राज्य शासन ने मुख्य चुनाव पदाधिकारी का चयन करने के लिए एक पैनल बनाकर भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली भेजा था जिसमें यशवंत कुमार शिखा राजपूत तिवारी का नाम शामिल था। भारत आयोग ने यशवंत कुमार का चयन किया। राज्य शासन द्वारा आदेश जारी करने के बाद उन्होंने अपना पदभार ग्रहण कर लिया है। आयोग के अधिकारी ने उनका आयोग के जिम्मेवारी विस चुनाव और लोस चुनाव करोन की है। इस समय मतदाता सूची पुनरीक्षण का काम चल रहा है। आयोग के ऊपर चुनाव की निष्पक्षता को लेकर कई सवाल उठाए जाते हैं इसलिए मतदाता सूची को आयोग द्वारा लॉक कर दिया जाता है ताकि इसमें कोई फेरबदल न हो सके। फोटोयुक्त मतदाता परिचय पत्र को लेकर भी सतर्कता बरती जा रही है। प्रति एक हजार जनसंख्या के पीछे एक मतदान केंद्र बनाया जाता है इसलिए आयोग द्वारा बार बार मतदान केंद्रों की संख्या बढ़ाई जाती है। नये सीईओ ने फिलहाल अलग अलग विभागों के प्रमुखों से चुनाव की जानकारी दी है। आयोग के अनुसार छग में पंजीकृत गैर राजनीतिक दल की संख्या बढ़ती जा रही है इनकी संख्या करीब 40 हो गई है। सभी सामाजिक नेता जातिगत आधार पर सत्ता की चाबी अपने हाथों रखना चाहते हैं। आयोग के अनुसार राष्ट्रीय मान्यता प्राप्त दल भारतीय जनता पार्टी अखिल भारतीय कांग्रेस और आप है बाकि अन्य दल क्षेत्रिय दलों में शामिल किये गये हैं।

)उरी सेक्टर में सीमा पार से हुई गोलाबारी के बाद एक घायल नागरिक को जीएमसी बारामुल्ला में उपचार मिलता हुआ। गोलीबारी में कई नागरिक घायल हो गए।



## एक्सिस मैक्स लाइफने प्रोटेक्शन कोशेंट के सातवें संस्करण से मिले निष्कर्ष जारी किये

**रायपुर।** एक्सिस मैक्स लाइफइंश्योरेंस लिमिटेड ने अपने फ्लैगशिप सर्वे इंडिया प्रोटेक्शन कोशेंट के सातवें संस्करण से मिले निष्कर्ष जारी कर दिए हैं। इस सर्वेक्षण को दुनिया की अग्रणी मार्केटिंग डाटा एवं एनालिटिक्स कंपनी कांतार के साथ मिलकर अंजाम दिया गया है। 25 भारतीय शहरों में 6,360 परिवारों में किए गए इस सर्वेक्षण से वित्तीय सुरक्षा को लेकर शहरी भारत की नब्ज को समझने में मदद मिली है। एक्सिस मैक्स लाइफइंश्योरेंस के सीईओ एवं मैनेजिंग डायरेक्टर प्रशांत त्रिपाठी ने कहा भरोसा टॉक्स के तहत इंडिया प्रोटेक्शन कोशेंट भारत में वित्तीय तैयारियों का शक्तिशाली मानक बनकर सामने आया है। यह भारत में प्रोटेक्शन नैरेटिव को आगे बढ़ाने में अहम भूमिका निभा रहा है। इंश्योरेंस ऑनरशिप के अब तक के सर्वोच्च स्तर के साथ इस साल का रिकॉर्ड प्रोटेक्शन कोशेंट उपभोक्ताओं की प्राथमिकताओं में निर्णायक बदलाव दिखाता है। यह बदलाव है लागत के प्रति संवेदनशीलता से प्रोटेक्शन की जरूरतों की तरफ बढ़ते रुझान का। हालांकि अभी भी वित्तीय सुरक्षा के मामले में लैंगिक असमानता दिखाती है कि ज्यादा व्यापक एवं समावेशी कदम उठाने की जरूरत है।

# वाहनों में हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट के लिए वर्चुअल समीक्षा बैठक

### परिवहन अधिकारियों एवं अनुबंधित कंपनियों को कार्य में तेजी लाने के निर्देश

### परिवहन सुविधा केन्द्र के माध्यम से भी हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट के लिए किया जा सकता है आवेदन

**रायपुर( समय दर्शन )।** आज सचिव परिवहन सह परिवहन आयुक्त श्री एस. प्रकाश एवं अपर परिवहन आयुक्त श्री डी. रविशंकर द्वारा राज्य में 01 अप्रैल 2019 के पूर्व पंजीकृत समस्त श्रेणी के वाहनों में हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट लगाने हेतु समस्त क्षेत्रीय / जिला परिवहन अधिकारियों एवं अनुबंधित कम्पनियों मेसर्स रोजमार्टा एवं रियल मेजॉन के प्रतिनिधियों के साथ वर्चुअल बैठक ली गयी। बैठक में हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट के संबंध में पूर्व समीक्षा बैठक दिनांक 02/05/2025 में दिये गये निर्देशों के अनुपालन की अद्यतन स्थिति की समीक्षा की गई। वर्चुअल बैठक में अनुबंधित कंपनियों के प्रतिनिधियों को कार्य में तेजी



लाने हेतु मैनपॉवर बढ़ाने, फिटमेंट सेंटरों की संख्या में वृद्धि करने के साथ प्रत्येक जिले के आरटीओ/डीटीओ को कंपनियों के साथ कैम्प टीम / शिविर लगाने और हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट निर्माण सेंटर बढ़ाने के निर्देश दिये गये। अनुबंधित कंपनियों के अधिकृत टीम लीडर / स्टॉफ आवेदकों से उनके मोबाईल नंबर पर संपर्क कर अथवा एसएमएस के माध्यम से नंबर प्लेट फिटिंग की जानकारी दे, ऐसी व्यवस्था सुनिश्चित किये जाने के निर्देश दिये गये। नंबर प्लेट फिटिंग सेंटर में आवेदकों के बैठने, पानी की पर्याप्त व्यवस्था भी किये जाने के निर्देश दिए गए। बैठक में निर्देशित किया गया कि अनुबंधित कम्पनियां इस बात का विशेष ध्यान रखें की आवेदकों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। आवेदकों को बहुत ही सरल, सुलभ तरीके से उनके पंजीकृत वाहन में हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट लगाने की व्यवस्था की जाए। किसी प्रकार के अनावश्यक विलंब होने की स्थिति में आवेदकों को पहले ही सूचित कर दिया जाए। बैठक में जानकारी दी गयी कि आम नागरिकों को किसी प्रकार की असुविधा होने पर अनुबंधित कम्पनी रियल मेजोन के सम्पर्क नम्बर +911206457502, +911206457503 एवं रोजमाटा कम्पनी के सम्पर्क नम्बर 9818188721 या ई-मेल आई डी में सम्पर्क किया जा सकता है। वर्चुअल समीक्षा बैठक में जिला परिवहन अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि वे अपने-अपने क्षेत्राधिकार अंतर्गत नंबर प्लेट फिटिंग सेंटर का अवलोकन करें तथा साथ ही इस कार्य में परिवहन सुविधा केन्द्रों को भी जोड़कर कार्य में तेजी लाएं। परिवहन कार्यालयों में नंबर प्लेट हेतु स्थाई कैम्प लगायें तथा मोबाईल टीम जिला परिवहन अधिकारियों के निर्देशानुसार महत्वपूर्ण स्थानों/लोकेशन में नंबर प्लेट लगाने के कार्य संपादित करें। उपरोक्त मीटिंग में परिवहन विभाग की ओर से श्री यू.बी.एस. चौहान संयुक्त परिवहन आयुक्त, श्री मनोज ध्रुव उप परिवहन आयुक्त, सुश्री युगेश्वरी वर्मा सहायक क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी तथा राज्य के सभी वरिष्ठ क्षेत्रीय / जिला परिवहन अधिकारी भी शामिल हुए। इसके अतिरिक्त हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट हेतु अनुबंधित कम्पनी रियल मेजोन की ओर से श्री आशीष मिश्रा तथा रोजमाटा की ओर से श्री अशोक शर्मा शामिल हुए।

## संपादकीय

### ट्रंप विरोधी राष्ट्रवाद

ट्रंप ने अपने जुबानी तीर से कनाडा की संप्रभुता पर जिस तरह निशाने साधे, वही कनाडा के आम चुनाव में निर्णायक मुद्दा साबित हुआ। वरना, ट्रुडो की सरकार इतनी अलोकप्रिय कि लिबरल पार्टी का सत्ता में लौटना नामुमकिन लगने लगा था। ये वाजिब सवाल होगा कि कनाडा के चुनाव नतीजों को अमेरिकी राष्ट्रपति के खिलाफ जनादेश कैसे कहा जा सकता है। लेकिन हकीकत यही है कि डॉनल्ड ट्रंप ने अपने जुबानी तीर से कनाडा की संप्रभुता पर जिस तरह निशाने साधे, वही कनाडा के आम चुनाव में निर्णायक मुद्दा साबित हुआ। वरना, पूर्व प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रुडो की सरकार इतनी अलोकप्रिय हो गई थी कि लिबरल पार्टी का सत्ता में लौटना नामुमकिन लगने लगा था। दरअसल, ट्रुडो को नेतृत्व छोड़ना ही इसलिए पड़ा, क्योंकि पार्टी अपने को सियासी संकट में पा रही थी। मगर ट्रंप के ह्वाइट हाउस में प्रवेश के साथ कनाडा की राजनीति ने करवट लेना शुरू किया। पिछले साल के आखिर तक अगले प्रधानमंत्री के रूप में देखे जा रहे कंजरवेटिव पार्टी के नेता पियरे पॉलिवर ने अपनी छवि कनाडा के ट्रंप के रूप बना रखी थी। ट्रंप जैसी नीतियों के जरिए कनाडा के आर्थिक संकट को दूर करने का उनका वादा काम करता दिख रहा था। लेकिन जब असली ट्रंप का आक्रामक रूप दुनिया के सामने आया, जिसकी चपेट में कनाडा भी आ गया, तो वहां के लोगों में विपरीत प्रतिक्रिया होना लाजिमी ही था। पॉलिवर ने नए माहौल में ट्रंप विरोधी तेवर अपनाए, कनाडा की संप्रभुता की रक्षा के लिए अपनी प्रतिबद्धता जताई, लेकिन तब तक माहौल बदल चुका था। अब साफ है कि मतदाताओं ने ट्रंप के हमलों से कनाडा की रक्षा करने के लिहाज से लिबरल पार्टी के नए नेता मार्क कार्नी को अधिक सक्षम माना है। कार्नी ने अमेरिकी बैंक गोल्डमैन शैक्स से करियर शुरू किया और बैंक ऑफ कनाडा तथा बैंक ऑफ इंग्लैंड के गर्वनर रह चुके हैं। नव-उदारवाद और मुक्त व्यापार के पैरोकार हैं। राजनीति में आने के बाद से आर्थिक नीतियों में नैतिक मूल्यों को भी स्थान देने की वकालत उन्होंने की है। बहरहाल, उनके सामने चुनौतियां बेहद गंभीर हैं। एक तो ट्रुडो शासनकाल में पैदा हुई समस्याएं हैं और ऊपर से ट्रंप की नीतियों से पेश आईं चुनौतियां हैं। फिलहाल, कनाडा में बना ट्रंप विरोधी राष्ट्रवाद उनकी ताकत बना है, मगर अंततः लोग उनका आकलन समस्याओं के समाधान की कसौटी पर ही करेंगे।

## पहलगाम हमले से वक्फ की लड़ाई से देश का ध्यान भटका

**हरिशंकर व्यास**

जम्मू कश्मीर के पहलगाम की घटना और उससे पहले पाकिस्तानी सेना के प्रमुख जनरल असीम मुनीर की भड़काऊ भाषण ऐसे समय में हुआ है, जब भारत में कई किस्म के सांप्रदायिक विवाद चल रहे हैं। एक बड़ा विवाद वक्फ संशोधन कानून का है, जिसे सरकार ने संसद के बजट सत्र में पास किया। तीन और चार अप्रैल को यह विधेयक क्रमशः लोकसभा और राज्यसभा से पास हुआ। छह अप्रैल को राष्ट्रपति ने इसकी मंजूरी दी और केंद्र सरकार ने दो दिन बाद इसे लागू करने की अधिसूचना जारी कर दी। इस कानून के खिलाफ दो स्तर पर लड़ाई चल रही है। एक लड़ाई सुप्रीम कोर्ट में चल रही है, जहां 70 से ज्यादा याचिकाएं दायर की गई हैं तो दूसरी लड़ाई सड़क पर चल रही है, जिसका नेतृत्व ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड कर रहा है। पहलगाम की घटना ने वक्फ की लड़ाई से देश का ध्यान भटका दिया है।

गौरतलब है कि ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड यानी एआईएमपीएलबी ने 10 अप्रैल से 87 दिन के विरोध प्रदर्शन का ऐलान किया था और कहा था कि सात जुलाई तक उसका प्रदर्शन चलेगा। इस दौरान वक्फ कानून के खिलाफ एक करोड़ लोगों के दस्तखत जुटाए जाएंगे और उन्हें प्रधानमंत्री को भेजा जाएगा। इसके बाद एआईएमपीएलबी की ओर से विरोध प्रदर्शन के दूसरे चरण की घोषणा होनी थी।

एआईएमपीएलबी के साथ साथ जमात ए उलमा ए हिंद की ओर से भी प्रदर्शन हो रहा था और इसके अलावा हर जुमे को नमाज के बाद किसी न किसी रूप में विरोध प्रदर्शन किया जा रहा था। परंतु पहलगाम में आतंकवादियों द्वारा पर्यटकों से 'कलमा' पढ़वाने और धर्म पूछ कर हत्या कर देने की घटना के बाद समूचा विरोध प्रदर्शन एक तरह से स्थगित हो गया है। आम लोगों का ध्यान भी इससे हट गया है। यह ऐसी घटना हुई है, जैसी इससे पहले कश्मीर घाटी में देखने सुनने को नहीं मिली थी। कुछ आतंकवादी बाहरी लोगों की हत्या कर रहे थे लेकिन पर्यटकों को निशाना नहीं बनाया जा रहा था। इसी वजह से सुरक्षा बल भी लापरवाह हो गए थे। पंजाब में आतंकवाद के समय धर्म पूछ कर हत्या करने की अनेक घटनाएं हुई थीं और उसके बाद उसको खत्म करने में समय नहीं लगा। कश्मीर घाटी में ऐसा नहीं होता था। पहली बार ऐसा हुआ कि हिंदुओं को धर्म पूछ कर मारा गया। इस वजह से वक्फ कानून के खिलाफ लड़ रहे संगठन और नेता भी बैकफुट हैं और व्यापक रूप से मुस्लिम आबादी भी हिली हुई है।

उसको लग रहा है कि इससे भारतीय समाज में उनका अलगाव पहले से ज्यादा बढ़ेगा। यही कारण है कि ऑल इंडिया एमआईएम के नेता हों यो एआईएमपीएलबी और जमात के नेता, सब आगे बढ़ कर इस आतंकवादी घटना की निंदा कर रहे हैं। उनमें होड़ लगी है कि कौन ज्यादा कठोर शब्द में निंदा कर सकता है। इतना ही नहीं उन्होंने देश भर के मुस्लिम लोगों से कहा कि वे इस जुमे को यानी शुक्रवार, 25 अप्रैल को नमाज के दौरान काली पट्टी बांध कर पहलगाम की घटना का विरोध जताएं।

सोचें, जो मुस्लिम समाज जुमे की नमाज के दौरान काली पट्टी बांध कर वक्फ संशोधन कानून का विरोध कर रहा था और उसको उत्तर प्रदेश सरकार नोटिस भेज रही थी उसने काली पट्टी बांध कर कश्मीर में हुए आतंकवादी हमले का विरोध जताया है। हालांकि ऐसा नहीं है कि इससे स्थायी रूप से वक्फ का मामला समाप्त हो जाएगा। लेकिन कानून बनने के बाद जो मोमेंटम था वह अब वापस नहीं मिल पाएगा। अब इसका विरोध औपचारिकता है क्योंकि पहलगाम की घटना से जो घटनाक्रम शुरू हुआ है वह तुरंत समाप्त नहीं होने वाला है।

# ...बदला हुआ भारत, बदला लेना जानता है

**आशीष वशिष्ठ**

जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के एक पखवाड़े बाद भारत ने इसका जवाब उपयुक्त और निर्णायक ढंग से दिया। 6/7 मई की मध्यरात्रि भारतीय सेना ने पाकिस्तान और पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर यानी पीओके में आतंकियों के ठिकानों को निशाना बनाकर एयर स्ट्राइक की। इस कार्रवाई में 100 से ज्यादा आतंकवादियों के मारे जाने और कई अन्य के घायल होने की खबरें आ रही हैं।

भारत ने इस जवाबी कार्रवाई को नाम दिया है 'ऑपरेशन सिंदूर'। ये नाम उन महिलाओं को समर्पित है, जिनके पतियों की पहलगाम में आतंकियों ने धर्म पूछकर हत्या कर दी थी। इस सैन्य कार्रवाई को केवल रणनीतिक पलटवार नहीं, बल्कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के उस स्पष्ट संकल्प की पुष्टि के रूप में देखा जा रहा है, जो उन्होंने हमले के दो दिन बाद बिहार के मधुबनी से दिया था।

24 अप्रैल को पंचायती राज दिवस के मौके पर मधुबनी पहुंचे प्रधानमंत्री मोदी ने पहलगाम हमले पर गहरा शोक प्रकट किया और देशवासियों से दो मिनट का मौन रखवाया। इसके बाद उन्होंने एक कड़े और प्रतिज्ञाबद्ध स्वर में कहा था– मैं बहुत स्पष्ट शब्दों में कहना चाहता हूं कि जिन्होंने ये हमला किया है, उन आतंकियों को और इस हमले की साजिश रचने वालों को उनकी कल्पना से भी बड़ी सज़ा मिलेगी। बिहार मधुबनी में प्रधानमंत्री का दिया गया बयान अब 'ऑपरेशन सिंदूर' के रूप में धरातल पर उतर चुका है, जिसमें आतंकी नेटवर्क की जड़ें हिलाकर रख दी गई हैं। ऑपरेशन सिंदूर के लिए जिन आतंकी ठिकानों को मिट्टी में मिलाया गया है, उनमें से चार पाकिस्तान में और पांच पीओके में हैं।

इसे भी पढ़ेंः उरी पर नवाज की निकाली शराफ़त, पुलवामा पर इमरान के होश फ़ाख्ता, पहलगाम पर मुनीर का मन किया शांत, सॉफ्ट नेशन वाली छवि से दूर नए भारत का एक्शन भरपूर

पहलगाम में आतंकी हमला कोई पहली घटना नहीं था जिसको पाक का समर्थन प्राप्त था। दशकों से पाकिस्तान में पले–बढ़े और प्रशिक्षित आतंकी भारत में आतंकी घटनाओं को अंजाम देते आए हैं। लेकिन हर बार घटना के बाद भारत सरकार का रवैया जबानी जमा खर्च तक रहा। दो चार दिन की बयानबाजी और कागजी कार्रवाई के बाद गाड़ी पुरानी पटरी पर दौड़ती रही। और पाकिस्तान अपनी कारस्तानियों से बाज नहीं आया।

26 नवंबर 2008 की रात, भारत की आर्थिक राजधानी मुंबई उस समय दहल उठी जब पाकिस्तान के आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा के 10 आतंकियों ने समुद्र के रास्ते शहर में




प्रवेश किया। हमले के दौरान, भारतीय सुरक्षा बलों, जिसमें मुंबई पुलिस, एनएसजी और अन्य कमांडो शामिल थे, ने तीन दिनों तक ऑपरेशन चलाया। इस ऑपरेशन में 9 आतंकी मारे गए, लेकिन अजमल कसाब को 27 नवंबर 2008 को जुहू चौपाटी पर जिंदा पकड़ लिया गया। इस हमले में 166 लोग मारे गए, जिनमें 26 विदेशी नागरिक भी शामिल थे और 300 से अधिक लोग घायल हुए।

तत्कालीन कांग्रेस नीत यूपीए सरकार केंद्र की सत्ता में थी। प्रधानमंत्री थे डॉ. मनमोहन सिंह। इस घटना के बाद तत्कालीन भारत सरकार का रवैया जगजाहिर है। असल में तत्कालीन सत्तासीन दल का पूरा जोर इस बात पर था कि इस हमले में शामिल लोगों को हिंदू साबित किया जाए, जिससे वो हिंदू आतंकवाद की थ्योरी को स्थापित कर सके। गनीमत यह रही कि आतंकी अजमल कसाब जिंदा पकड़ लिया गया। वरना सुरक्षाबलों द्वारा मारे गए आतंकियों के हाथों मे षड्यंत्र पूर्वक बंधे कलावे से ही सरकार हिंदू आतंकवाद की थ्योरी स्थापित करने में सफल हो जाती।

12 मार्च 1993 को मुंबई के विभिन्न इलाकों खासकर हिंदू आबादी बहुल में 13 सिलसिलेवार बम धमाके हुए, जिसमें 257 निर्दोष नागरिकों की जान चली गई और 700 से ज्यादा निर्दोष नागरिक घायल हो गए। उस समय केंद्र में कांग्रेस की सरकार थी। पीवी नरसिंह राव देश के प्रधानमंत्री थे। 13 दिसंबर 2001 को, जैश-ए-मोहम्मद और लश्कर-ए-तैय्यबा नामक आतंकवादी संगठनों के पांच आतंकवादियों ने भारत की संसद पर एक घातक हमला किया। इस आतंकी हमले का मुख्य आरोपी मोहम्मद अफ़ज़ल गुरु था। इस हमले में दिल्ली पुलिस के पांच जवान, एक महिला कांस्टेबल और दो सुरक्षा गार्ड शहीद हो गए।

24 सितंबर 2002... शाम के करीब पौने पांच बजे का समय, ये वो दिन था जब गुजरात के अक्षरधाम मंदिर को आतंकियों ने अपना निशाना बनाया। इस आतंकी हमले में मंदिर परिसर में मौजूद 32 श्रद्धालुओं और 3 सुरक्षाकर्मियों की जान गई थी। आतंकियों ने हथियारों से लैस होकर श्रद्धालुओं को निशाना बनाया था। इस घातक हमले में लश्कर-ए-तैयबा से जुड़े आतंकवादियों का संबंध था। आतंकवादियों को एनएसजी कमांडो ने मार गिराया था। संसद और अक्षरधाम हमले के समय देश में भाजपा नीत एनडीए के नेता प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी गठबंधन की सरकार चला रहे थे।

देश में आतंकी घटनाओं की लंबी फेहरिस्त है। चूंकि देश में सबसे ज्यादा लंबे समय तक कांग्रेस का राज रहा है। ऐसे में पाक समर्थित आतंकवाद से निपटने के लिए बयानबाजी और डोजियर भेजने का जो तरीका कांग्रेस की सरकार ने शुरू किया, वो रिवायत 2014 तक जारी रही। हर आतंकी हमले के बाद भारत ने जिस तरह रिएक्ट किया, उससे पूरी दुनिया में यह मैसेज गया कि भारत एक 'सॉफ्ट स्टेट' है। भारत के इस टालू और ठंडे रवैये से पाकिस्तान के हौसले बुलंद हुए। 2004 से 2014 में कांग्रेस नीत यूपीए सरकार के शासन में आतंकियों के हौसले इतने बुलंद थे कि वो जहां चाहते थे आसानी से हमले को अंजाम दे देते थे। उन्हें पता था कि भारत सरकार का रवैया बयानबाजी और कागजी लिखा पढ़ी से ज्यादा कुछ नहीं होगा।

वर्ष 2014 में केंद्र की सत्ता में भाजपा नीत एनडीए सरकार का आगमन हुआ। जिसका नेतृत्व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कर रहे हैं। मोदी सरकार ने सत्ता संभालने के साथ आतंकवाद के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति पर काम करना शुरू किया। जिसका नतीजा यह रहा है कि कश्मीर को छोड़कर देश के किसी हिस्से में आतंकी घटनाओं की खबर सामने नहीं आई। कश्मीर में स्थानीय लोगों की मदद से आतंकियों और उनके सरगनाओं के हौसले बुलंद है। 2019 में धारा 370 को हटाने के बाद घाटी के हालात तेजी से बदले। के बाद से देश में आतंकी घटनाओं का ग्राफ गिरा है।

18 सितंबर 2016 में जम्मू-कश्मीर स्थित उरी भारतीय सेना के ब्रिगेड हेडक्वार्टर पर जैश-ए-मोहम्मद के चार आतंकवादियों ने सुबह सवेरे घात लगाकर हमला किया। हमले में हमारे कई जवान शहीद हुए। इस हमले के महज 10 दिन बाद भारतीय जवानों ने 28-29 सितंबर की दरम्यानी रात को पीओके में सीमा के भीतर तीन किलोमीटर अंदर तक घुसकर आतंकी ठिकानों को नेस्तनाबूद कर डाला। पाकिस्तान को सबक सिखाने का इससे बेहतर तरीका नहीं हो सकता था। जम्मू कश्मीर के पुलवामा में 14 फरवरी 2019 की शाम करीब तीन बजे सीआरपीएफ के एक काफिले को श्रीनगर-जम्मू हाईवे पर आतंकी हमला हुआ था। इस हमले में 40 जवान शहीद हो गए थे। इस हमले का बदला लेने के लिए भारत ने एयर स्ट्राइक का विकल्प चुना था।

इन दो बड़ी घटनाओं के बाद मोदी शासनकाल में पहलगाम घटना सामने आई है। जिसका प्रत्युत्तर मोदी सरकार ऑपरेशन सिंदूर के तौर पर दिया है। चूंकि आतंकियों ने धर्म पूछकर हिंदू पुरुषों की हत्या उनकी पत्नी और परिवार के सामने की। आतंकियों ने हिंदू महिलाओं का सुहाग उजाड़ कर उनके माथे के गौरव सुहाग चिह्न सिंदूर को पोंछने का कुकृत्य किया था। इसलिए प्रधानमंत्री मोदी ने नापाक पाकिस्तान को सबक सिखाने के लिए हुए ऑपरेशन का नामकरण सिंदूर रखकर दुनिया को यह संदेश दिया है कि निर्दोष नागरिकों को मारकर सुहाग उजाड़ने और सिंदूर मिटाने वाले ज्यादा दिन सांस नहीं ले पाएंगे।

पहलगाम आतंकी घटना में हुई नृंशसता के बारे में भारत की बेटियों ने रो–रोकर पूरी दुनिया को बताया था। पाकिस्तान के आतंकी ठिकाने उजाड़ने के बाद भारतीय सैनिकों की वीरता की कहानी भी प्रेस वार्ता के माध्यम से भारत की दो बेटियों कर्नल सोफिया कुरैशी और विंग कमांडर व्योमिका सिंह ने ही पूरी दुनिया के सामने रखी। इस ऑपरेशन के जरिये भारत ने फिर स्पष्ट किया है कि अब कोई आतंकी हमला बिना जवाब के नहीं जाएगा। यह कार्रवाई सिर्फ एक सैन्य उपलब्धि नहीं, बल्कि 140 करोड़ भारतीयों की सामूहिक इच्छा का परिणाम है। प्रधानमंत्री के शब्दों में–अब आतंकियों की बची-खुची जमीन को भी मिट्टी में मिलाने का समय आ गया है।

# 'आपरेशन सिंदूर' एक सार्थक पहल और सख्त सन्देश

**ललित गर्ग**

पहलगाम आतंकी हमले में सुहागनों के सिन्दूर को उजाड़ने वालों पर कड़ा प्रहार करते हुए 'आपरेशन सिंदूर' की सफलतम कार्रवाई हर भारतीय के सीने को गर्व से भरने वाली है। बुधवार की सुबह पाकिस्तान और पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर (पीओके) में आतंकी शिविरों पर भारतीय सशस्त्र बलों द्वारा की कई सटीक, संयमित एवं नपी-तूली कार्रवाई पाकिस्तान को करारा सबक एवं सख्त संदेश है। निश्चित ही अब भारत की आत्मा पर होने वाले हमलों को बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। 'आपरेशन सिंदूर' में प्रतिबंधित आतंकवादी संगठनों जैश-ए-मोहम्मद (जेईएम), लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) और हिजबुल मुजाहिदीन से जुड़े नौ ठिकानों को निशाना बनाया गया। पाकिस्तान में मौजूद 90 आतंकी मारे गए। यह कार्रवाई 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकी हमले का बदला लेने के लिए की गई, जिसमें 26 नागरिक मारे गए थे। भारत भीतर घूस कर मारता है, इस बार भी उसने बिना पाकिस्तानी सीमा में प्रवेश किये, आतंकवादियों को नेस्तनाबूद करने का कार्य किया, जो बहुत सराहनीय कदम है, गौरवान्वित करने और जोश से भर देनेवाली साहसिक एवं अनूठी घटना है।

'आपरेशन सिंदूर' से आतंकवाद को समाप्त करने की दिशा में एक सार्थक पहल हुई है। शांति का आश्वासन, उजाले का भरोसा भारत से ही क्यों किया जाता है, कब तक हम अपनी मानवीयता एवं संवेदनशीलता को दर्शाते रहेंगे? इस बार समूचा देश एकजुट हुआ, उन्हें तो आतंक का माकूल जबाव चाहिए था, पाकिस्तान में पोषित हो रहे आतंकवाद के लिये कठोर कार्रवाई चाहिए थी। वायुसेना की इस कार्रवाई से न केवल भारत को बल्कि समूची दुनिया को राहत की सांसें मिली हैं। इस कार्रवाई से भारत ने पाकिस्तान को बेहद सख्त और निर्णायक संदेश दिया है कि अब आतंकवाद नहीं चलेगा। भारत ने




किसी भी पाकिस्तानी सैन्य प्रतिष्ठान को निशाना नहीं बनाया गया है। भारत ने लक्ष्यों के चयन और निष्पादन के तरीके में काफी संयम बरता है। नौ आतंकी ठिकानों पर सटीक मिसाइलों से हवाई हमला किया गया। ऑपरेशन को 'ऑपरेशन सिंदूर' नाम खुद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सुझाया था, पहलगाम में 26 हिंदू पर्यटकों की नृशंस हत्या के बाद, यह जवाब भारतीय बहनों एवं सुहागिनों के लिए एक उचित प्रतिशोध है, जिन्होंने बर्बर आतंकी हमले में अपने पतियों को खो दिया।

भारत के बदले की कार्रवाई का समय भी महत्वपूर्ण है। एयर स्ट्राइक एक हिंदू परिवार में मौत के बाद शोक के 13 दिन (तेरहवीं) के बाद हुई और हमारी बहनों एवं पीड़ितों को उचित न्याय मिला है। भारतीय वायु सेना द्वारा अपनी सीमा के भीतर से दागी गई सटीक मिसाइलों के माध्यम से मुजफ्फराबाद, कोटली, गुलपुर, भिमबर, सियालकोट, चक अमरू, मुरीदके और बहावलपुर में केवल ज्ञात और पहचाने गए आतंकी ठिकानों को निशाना बनाया गया। भारत ने बहावलपुर में जैश-ए-मोहम्मद (जेईएम) के कुख्यात आतंकी मुख्यालय को नष्ट कर स्पष्ट संदेश दिया है। जैश-ए-मोहम्मद चीफ हाफिज सैयद द्वारा बनाया गया यह स्थान आतंक का केंद्र, प्रयोगशाली एवं नर्सरी बन गया था। आगे भी भारतीय सेनाएं किसी भी स्थिति से निपटने के लिए पूरी तरह सक्षम और तैयार हैं। भारत आतंकवाद को कतई बर्दाश्त नहीं करने के अपने संकल्प पर दृढ़ है। पहलगाम हमले के बाद पाकिस्तान की बहानेबाजी एवं आतंकवाद को लगातार प्रोत्साहन एवं पल्लवन देने की स्थितियों को देखते हुए यह आवश्यक हो गया था कि उसे न केवल सबक सिखाया जाए, बल्कि यह संदेश भी दिया जाए कि भारत अब उसकी चालबाजी में आने वाला नहीं है।

यदि भारत ने पाकिस्तान और वहां पल-पल पनप रहे आतंकवाद को सबक नहीं सिखाया तो वे पुलवामा, उरी, पहलगाम जैसी दुखद घटनाओं को अंजाम देते रहेंगे, भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने एक सच्चे राष्ट्रभक्त एवं राष्ट्रनायक की भांति आतंकवाद की अनिर्णायक स्थिति में निष्पक्षता एवं कठोरता का पार्ट अदा किया हैं। अब तक हमने सदैव क्षमा करो और भूल जाओ को वरीयता दी है। यही कारण है कि आतंकवाद बढ़ता गया, आतंकवादी पनपते गये, निर्दोष लाशें बिछती रही। अब यह वक्त बताएगा कि पाकिस्तान कोई सही सबक सीखता है या नहीं, लेकिन इसमें दोराय नहीं कि एयर स्ट्राइक से बिना उसकी सीमा में घुसे बड़े आतंकी अड्डे पर हमला करके यह बता दिया कि भारत के सहने की एक सीमा है, उसके धैर्य का बांध टूट गया है। पाकिस्तानी सेना की उन्मादी मानसिकता एवं विकृत सोच को हम जानते हैं कि वह अपनी गंदी चालों से बाज नहीं आयेगा। लेकिन भारतीय सैन्य बल के सामने वह टिक नहीं पाएंगे। इस बार भारत पाकिस्तान के किसी भी दुस्साहस से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार है। भारतीयों ने भी मोदी सरकार के नेतृत्व के पीछे अभूतपूर्व एकता दिखाई है। जाहिर है कि पाकिस्तान बड़े-बड़े दावे करेगा और दुनिया के सामने विक्टिम कार्ड खेलने की कोशिश करेगा। लेकिन पाकिस्तान को स्पष्ट संदेश मिल गया है भारत के साथ खिलवाड़ न करें। फिलहाल पहलगाम आतंकी हमले के पीड़ितों को न्याय मिल गया है। पाकिस्तान से आतंक की जड़ों को मिटाने का यह स्पष्ट और सार्थक कदम है। पाकिस्तान ने संयम एवं इंसानियत को छोड़ दिया है, उसने मर्यादा और सिद्धान्तों के कपड़े उतार कर नंगापन को ओढ़ लिया है। पूर्वाग्रह एवं आतंकवादी अहंकार के कारण वह विवेक शून्य हो गया है। उसको एवं उसके द्वारा पोषित आतंकवाद को परास्त करना जरूरी हो गया था, उसको परास्त करने का अर्थ उसे काबू में कर सही रास्ते पर लाना नहीं बल्कि आतंकवाद नेस्तनाबूद करना है। अब भी यदि वह सबक नहीं सिखता है तो उसका संकट बढ़ सकता है। भारत युद्ध नहीं चाहता, लेकिन पाकिस्तान युद्ध की मानसिकता से ग्रस्त है। उसे यह भी समझ आना चाहिए कि परमाणु बम के इस्तेमाल की उसकी धमकियां अब काम आने वाली नहीं। हर आतंकवादी घटना मानवीयता को घायल करती है और हर ऐसी जलने वाली लाश का धुआं मानवता पर कालिख पोत देता है। लेकिन आतंकवाद के शमन का रास्ता खोल कर भारत ने दुनिया को भी आश्वस्त किया है कि अब आतंकवाद की दिन लद गये है। भारत की कार्रवाई इस दिशा में एक सार्थक पहल है जिसने आतंकवाद के पैर ले लिये हैं, उसे पंगु बना दिया है। यह निश्चित ही सम्पूर्ण मानवता के लिये उजली सुबह की आहत है। दरअसल, पाकिस्तान इसलिए अपनी आतंकी सोच बढ़ाता जा रहा था, क्योंकि उसे ठीक से कड़ा संदेश नहीं मिल रहा था। इस तरह उनकी हिम्मत बढ़ती गयी थी और उसने भारत में एक नहीं अनेक बार पहलगाम जैसी दर्दनाक घटनाओं को अंजाम दिया है। उनकी आतंकी योजनाओं को नाकाम करने की सख्त जरूरत पड़ी, ताकि आगे हम अपने और जवान न खोयें, निर्दोषों को मरते न देखें, अशांति को न झेले एवं भय को न जीये। भारत ने यह कर दिखाया है। तमाम आतंकी अड्डे को मटियामेट किया गया, वैसे तमाम अड्डे पाकिस्तानी सेना के संरक्षण और समर्थन से ही चलते रहे हैं। अभी तक पाकिस्तान ऐसे अड्डों को खत्म करने का दिखावा करने के साथ यह बहाना भी बनाता रहा है कि हम तो खुद ही आतंक के शिकार हैं। यह झूठ न जाने कितनी बार बेनकाब हो चुका है, किंतु पाकिस्तान बेशर्मी से बाज नहीं आता। सफल हवाई हमले को अंजाम देने के बाद भारत दुनिया को यह संदेश देने में भी कामयाब रहा कि उसने पाकिस्तान को निशाना बनाने के बजाय उसके यहां कायम आतंकी ठिकानों को निशाना बनाया। वायुसेना ने अपनी पराक्रम क्षमता और साहस का जो परिचय दिया, वह पाकिस्तान के साथ विश्व समुदाय को भी एक संदेश है। वह यह संदेश इसीलिए दे सकी, क्योंकि प्रधानमंत्री ने जरूरी राजनीतिक इच्छाशक्ति का परिचय दिया। पाकिस्तान के मनोबल को तोड़कर ही आतंकवाद को परास्त किया जा सकेगा। अब पाकिस्तान को यह भय भी सताएगा कि उसकी ओर से भारत के खिलाफ कोई कदम उठाया गया तो उसे कहीं अधिक करारा जवाब मिलेगा। उस जबाव का अर्थ होगा पाकिस्तान के सम्मुख संकटों के पहाड़ खड़े होना, वहां की अर्थ-व्यवस्था ध्वस्त होना, जनजीवन का परेशान होना, अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अलग-थलग पड़ना।

# भूमि दोष होने पर आपके घर में घटती हैं ये अशुभ घटनाएं

**भूमि या भवन खरीदते समय आपको कुंडली भी अवश्य दिखानी चाहिए, क्योंकि कुंजली में शनि और गुरु की स्थिति से पता चल जाता है कि ली जाने वाली जमीन आपके लिए कैसी रहेगी। अगर भूमि में दोष है तो नीच दिए गए लक्षणों से आप पता कर सकते हैं।**

**भूमि दोष का होना आपके पारिवारिक जीवन में कई परेशानियां लेकर आ सकता है। वास्तु शास्त्र में कई तरह के दोष बताए गए हैं, लेकिन भूमि दोष को इन सब में सबसे घातक माना गया है। इस दोष के होने से घर के सभी लोग प्रभावित होते हैं। इसलिए वक्त रहते इसका निवारण आपको अवश्य करना चाहिए। आइए ऐसे में जान लेते हैं कि, भूमि दोष के होने पर क्या संकेत आपको मिलते हैं, कैसी घटनाएं आपके घर में घटित हो सकती हैं और भूमि दोष को दूर करने के लिए क्या उपाय आपको करने चाहिए। वास्तु के अनुसार, भूमि या भवन खरीदने से पहले कुछ बातों का विशेष ध्यान रखना चाहिए। बिना विचार किए भूमि खरीदने से कई बार दिक्कतों का सामना व्यक्ति को करना पड़ सकता है।**



भूमि दोष होने पर मिलते हैं ये संकेत

अगर भूमि पर कांटेदार वृक्ष, पेड़-पौधे स्वयं उगे हुए है तो समझ जाइए भूमि जागृत अवस्था में नहीं है। ऐसी जमीन को खरीदने से दिक्कतों का सामना आपको जीवन में करना पड़ सकता है।

जमीन पूरी तरह से बंजर है और उसके आसपास की जगह हरी-भरी है तो ऐसी जमीन को खरीदे से भी आपको बचना चाहिए। भूमि दोष के कारण ही भूमि बंजर रहती है।

अगर किसी भूमि पर स्वयं फूलो के पौधे उगे हैं, हरी-हरी घास भूमि पर है तो इस तरह की जमीन को वास्तु में सबसे श्रेष्ठ माना जाता है। ऐसी जमीन पर भवन लगाने से परिवार में समृद्धि आती है।

अगर दोष वाली भूमि पर आपका घर बना है तो परिवार के लोगो के साथ अप्रिय घटनाएं हो सकती हैं।

ऐसे घर में पालतू जानवर जैसे- कुत्ता, बिल्ली, गाय ज्यादा दिन तक जी नहीं पाते।

घर के लोगों के साथ दुर्घटनाएं होती रहती हैं, तो समझ जाइए इसका कारण भूमि दोष हो सकता है।

घर में अनजान आवाजों का सुनाई देना या विचित्र आकृतियां दिखने का भ्रम पैदा होना भी भूमि दोष का कारण है।

धन का संचित न हो पाना और बने-बनाए कार्यों का भी बिगड़ जाना।

करियर में मेहनत करने पर भी तरक्की न होना और घर के लोगों के बीच लड़ाई-झगड़े होने का कारण भी भूमि दोष हो सकता है।

## भूमि दोष को दूर करने के उपाय

भूमि दोष को दूर करने के लिए आपको वास्तु शांति करवानी चाहिए। अगर आप साल में एक बार भी घर में वास्तु शांति करवाते हैं तो भूमि से जुड़े कई दोष दूर हो जाते हैं।

अगर आप भूमि को डेढ़ या दो फिट खुदवाते हैं और इसकी मिट्टी को कहीं दूर फिंकवा देते हैं, तो वास्तु के अनुसार भूमि दोष दूर हो जाता है।

भूमि दोष को दूर करने के लिए आपको केले, तुलसी आदि के पौधे जमीन पर लगाने चाहिए।

भूमि दोष से बचने के लिए घर में काले और लाल रंग का प्रयोग कम करना चाहिए।

हनुमान चालीसा, दुर्गा सप्तशती और गीता का घर में पाठ करने से भी भूमि दोष दूर होने लगता है।



# आपके और आपके बच्चे के बीच का रिश्ता कितना मजबूत

**यदि छोटे-छोटे व्यवहारों के माध्यम से आपका बच्चा अपने प्यार को जाहिर करता है। ये संकेत बताते हैं कि आपके और आपके बच्चे के बीच का रिश्ता कितना मजबूत और प्यारा है। बच्चे का प्यार सच्चा और मासूम होता है। उनके कुछ छोटे-छोटे व्यवहार दिखाते हैं कि वे आपसे कितना प्यार करते हैं। आपके बच्चे के ऐसे पांच व्यवहार जो उनके दिल में आपके लिए बसे गहरे प्यार को दर्शाते हैं।**

**आपकी नकल करना :** बच्चे अक्सर अपने माता-पिता की नकल करते हैं। अगर आपका बच्चा आपकी तरह बोलता, चलता या आपके हावभाव अपनाता है, तो यह दिखाता है कि वह आपसे कितना प्रभावित है और आपको कितना पसंद करता है।

**आपकी गोद में बैठना :** जब आपका बच्चा आपकी गोद में बैठना चाहता है या आपको गले लगाता है, तो यह उसके आपसे गहरे लगाव का संकेत है। यह उसकी सुरक्षा और स्नेह की भावना को दर्शाता है।

**आपकी बातें सुनना :** अगर आपका बच्चा ध्यान से आपकी बातें सुनता है और आपकी सलाह को मानता है, तो यह उसका आपके प्रति सम्मान और प्यार को दर्शाता है। वह जानता है कि आपकी बातें उसके लिए महत्वपूर्ण हैं।

**आपके साथ समय बिताना :** जब आपका बच्चा अपने खेल और दोस्तों को छोड़कर आपके साथ समय बिताना पसंद करता है, तो यह साफ संकेत है कि वह आपसे कितना प्यार करता है। यह उसके लिए सबसे महत्वपूर्ण है कि वह आपके साथ समय बिताए।

**आपकी मदद करना :** बच्चे का छोटी-छोटी चीजों में आपकी मदद करना, जैसे कमरे को साफ करना या खाना बनाते समय आपकी सहायता करना, यह दिखाता है कि वह आपसे प्यार करता है और आपका ख्याल रखता है।

# ओवर एक्सरसाइज शरीर को फायदा नहीं, नुकसान

**अगर आप खुद को फिटनेस फ्रीक मनाते हैं और एक दिन भी अपना जिम मिस नहीं करते हैं तो ये खबर आपके इंटरेस्ट की हो सकती है। जी हां, रोजाना कुछ देर वर्कआउट करने से व्यक्ति एक्टिव बने रहने के साथ सेहतमंद भी बना रहता है,लेकिन कई बार खुद को फिट और टोन्ड रखने की चाहत मन में लिए लोग घंटों जिम में पसीना बहाते रहते हैं। क्या आप जानते हैं जरूरत से ज्यादा एक्सरसाइज सेहत को फायदा नहीं बल्कि नुकसान तक पहुंचा सकती है। ऐसे लोग वर्कआउट करते समय यह बात भूल जाते हैं कि एक्सरसाइज बॉडी को फिट रखने के लिए की जाती है, न कि बॉडी को थकाने और नुकसान पहुंचाने के लिए। आइए जानते हैं जरूरत से ज्यादा वर्कआउट करने से सेहत को होते हैं क्या नुकसान।**



**कैल्शियम की कमी-** जरूरत से ज्यादा एक्सरसाइज करने की वजह से शरीर में कैल्शियम की कमी हो सकती है, जो हड्डियों को मजबूत बनाए रखने के लिए बेहद जरूरी होता है। जिसकी वजह से ऑस्टियोपोरोसिस का खतरा भी बढ़ सकता है।

**कमजोर इम्यूनिटी-** अत्यधिक व्यायाम बॉडी के इम्यून सिस्टम को भी कमजोर बना सकता है। ओवर एक्सरसाइज करने से शरीर में कोर्टिसोल का स्तर बढ़ जाता है, जो इम्यून सिस्टम को कमजोर बना सकता है।

**दिल से जुड़ी समस्याएं-** ओवर वर्कआउट करने से व्यक्ति का शरीर ज्यादा एनर्जी बनाने लगता है, जिसकी वजह से कई लोगों को वर्कआउट के दौरान सांस फूलने की समस्या होने लगती है। जिससे निपटने के लिए व्यक्ति का दिल शरीर को ज्यादा ऑक्सीजन सप्लाई करने लगता है, जिससे हार्ट डिजीज होने का खतरा बढ़ सकता है।

**एक दिन में कितनी एक्सरसाइज करना सही-** सेंटर फॉर डिजीज कंट्रोल एंड प्रिवेंशन के अनुसार हफ्ते में 150 मिनट तक वर्कआउट करना सही रहता है। इसे एक दिन में करने की जगह सप्ताह के 5 दिन में बांट देना ज्यादा फायदेमंद होता है।

**मांसपेशियों में दर्द-** जरूरत से ज्यादा वर्कआउट करने से व्यक्ति की मांसपेशियों पर बुरा असर पड़ सकता है। जिसकी वजह से उसे बदन दर्द या कमजोरी महसूस होने लगती है। इतना ही नहीं ओवर वर्कआउट कई बार हड्डियों के ढ़ाचे पर भी बुरा असर डालता है। दरअसल, अत्यधिक व्यायाम से हड्डियों पर लगातार दबाव पड़ता है, जिसकी वजह से व्यक्ति को स्ट्रेस फ्रेक्चर हो सकते हैं। स्ट्रेस फ्रेक्चर बहुत छोटे-छोटे फ्रेक्चर होते हैं,जो बाद में गंभीर चोटों में बदल सकते हैं।

# प्रेग्नेंसी के दौरान सोने से पहले गर्भवती महिला ध्यान रखें ये बातें



**किसी भी महिला के लिए मां बनने का सुख और अनुभव सबसे अनमोल होता है, लेकिन यह सफर आसान बिल्कुल भी नहीं होता है। गर्भावस्था के दौरान महिलाओं का शरीर कई तरह के शारीरिक और मानसिक बदलाव से होकर गुजरता है। जिसका सीधा असर महिला के चलने-फिरने, खाने-पीने, वजन, मूड और यहां तक की उनकी नींद तक पर पड़ता है। यही वजह है कि नवजात शिशु और मां की सेहत को बनाए रखने के लिए मां को अपने चलने-फिरने और उठने-बैठने के साथ अच्छी नींद लेने की भी सलाह दी जाती है, लेकिन गर्भावस्था के दौरान महिलाओं को सोने में काफी परेशानी होती है। कई बार ऐसा इसलिए भी होता है क्योंकि मां को सोने के सही तरीके की जानकारी नहीं होती हैं। प्रेग्नेंसी के दौरान सोने से पहले गर्भवती महिला ध्यान रखें ये बातें-**

**पीठ या पेट के बल ना सोएं**
गर्भावस्था के दौरान महिला को कभी भी अपनी पीठ या पेट के बल लेटकर नहीं सोना चाहिए। ऐसा करने से महिला के गर्भाशय का दबाव कमर, रीढ़ की हड्डी और आंतों पर पड़ता है। जिसकी वजह से शरीर में रक्त का संचार अच्छी तरह नहीं हो पाता है और महिला मांसपेशियों में दर्द, क्रैंप जैसी समस्याओं से पीड़ित रहती है।

**घुटनों के बीच तकिए का यूज**
प्रेग्नेंसी के दौरान सोते समय बाईं तरफ घुटनों के बीच कम से कम दो तकिए लगाकर सोना चाहिए। ऐसा करने से आपके पेल्विक एरिया, जिसमें ब्लैडर, यूटेरस, वजाइना और रेक्टम से जुड़ी मांसपेशियों पर से दबाव कम होता है और महिला को आराम से सोने में मदद मिलती है। घुटनों के बीच तकिया लगाकर सोने से पीठ दर्द से भी आराम मिलता है।

**सोने से पहले तरल पदार्थ का कम सेवन-**
गर्भावस्था के दौरान बॉडी को हाइड्रेट रखने के लिए पानी पीने की सलाह दी जाती है। लेकिन बात जब रात को सोने की आती है तो रात को सोने से पहले ज्यादा तरल पदार्थ का सेवन नहीं करना चाहिए। ऐसा करने से रात को बार-बार पेशाब आती है, जिससे नींद खराब होती है।

**मसालेदार भोजन करने से बचें-**
गर्भावस्था के दौरान रात को अधिक मसालेदार भोजन करने से बचना चाहिए। ऐसा भोजन रात को करने से एसिडिटी, सीने में जलन की शिकायत हो सकती है। जिससे महिला की नींद टूट सकती है। गर्भावस्था के दौरान अच्छी नींद पाने के लिए महिला को खुद को रिलेक्स रखना चाहिए। इसके लिए महिला रात को सोने से पहले एक कप गर्म दूध पी सकती है।

## सोने के लिए करें प्रेग्नेंसी पिलो का इस्तेमाल

*आजकल गर्भवती महिलाओं के लिए बाजार में प्रेग्नेंसी पिलो आने लगे हैं। जिसे आप अपनी डॉक्टर की सलाह के बाद खरीदकर ला सकते हैं। यह खास तरह के तकिए सोते समय महसूस होने वाली परेशानी को कम करने में मदद करते हैं।*

# बालों के लिए कॉफी के फायदे

**बाल और त्वचा को लेकर अधिकतर लोग परेशान रहते हैं। कई बार जरूरत से ज्यादा बाल झड़ते हैं, जिससे लोग परेशान हो जाते हैं। इससे बचने के लिए लोग कई महंगे प्रोडक्ट का इस्तेमाल करते हैं। यही नहीं कुछ लोग तो मेडिकल ट्रीटमेंट का भी सहारा लेते हैं, लेकिन जरूरत से ज्यादा दवाइयों का सेवन करना सेहत को नुकसान पहुंचा सकता है। आज हम आपको एक ऐसी चीज के बारे में बताएंगे, जो बालों के लिए ही नहीं त्वचा के लिए भी काफी फायदेमंद है।**



## कॉफी का इस्तेमाल

इस चीज का इस्तेमाल कर आप बाल और त्वचा दोनों को स्वस्थ रख सकते हैं। कॉफी पीने में स्वादिष्ट होने के साथ-साथ बाल और त्वचा के लिए काफी फायदेमंद मानी जाती है। इसका इस्तेमाल कर आप अपने बालों को मजबूत और चमकदार बना सकते हैं। वही चेहरे को चमकदार और खूबसूरत बनाने में भी यह काफी मदद करती है।



## कॉफी और शहद

आप कॉफी और शहद का हेयर मास्क भी बना सकते हैं, इसके लिए आपको एक चम्मच कॉफी में एक चम्मच शहद मिलाकर अपने बालों पर इस पेस्ट को आधे घंटे के लिए लगाना होगा। ऐसा आप हफ्ते में एक बार कर सकते हैं।

## कॉफी और नारियल तेल

आप कॉफी और नारियल तेल का हेयर मास्क बना सकते हैं, इसके लिए आपको एक चम्मच कॉफी में एक चम्मच नारियल तेल मिलाकर बालों में 1 घंटे के लिए इस पेस्ट को लगाना होगा। इसके बाद बाल को शैंपू से धो लें, ऐसा हफ्ते में एक से दो बार कर सकते हैं।

## कॉफी और अंडे

कॉफी और अंडे का हेयर मास्क भी काफी फायदेमंद माना गया है, इसे बनाने के लिए एक चम्मच कॉफी में एक चम्मच अंडे के सफेद भाग को अच्छी तरह मिला लें। इसे अपने बालों पर आधे घंटे के लिए लगाएं, फिर शैंपू से अपने बाल धो लें। ऐसा हफ्ते में एक से दो बार कर सकते हैं।

# घी लगी रोटी खाने से सेहत को मिलते हैं गजब के फायदे

**रोटी हमारी जिंदगी में सबसे महत्वपूर्ण और जरूरी आवश्यकता है। रोटी का सेवन करने से शरीर को कई प्रकार के फायदे होते हैं, लेकिन यदि आप रोटी पर घी लगाकर खाते हैं तो यह फायदे दोगुने हो जाते हैं। रोटी पर घी लगाकर खाने से सेहत को क्या फायदे होते हैं।**



- रोटी पर घी लगाने का सबसे बड़ा फायदा है कि आपका पेट ज़्यादा समय तक भरा-भरा रहता है और इसी वजह से आप थोड़ी-थोड़ी देर में अधिक नमकीन, मीठा या स्नैक्स वग़ैरह खाने से बचते हैं।
- रोटी पर घी लगाकर खाने से हार्मोन्स का संतुलन बना रहता है।
- वहीं कोलेस्ट्रॉल लेवल को नियंत्रित रखने में भी ये मदद करता है रोटी के साथ ही का सेवन करने से इंडेक्स को नीचे लाने में मदद मिलती है।
- घी का सेवन यदि सही मात्रा में करें तो स्वास्थ्य के लिए भी यह बेहद फ़ायदेमंद होता है।
- यदि आप मोटे हैं और वजन कम करना चाहते हैं तो रोटी पर घी लगाकर खाएं, ये वजन घटाने में भी मददगार है।
- शुद्ध देसी घी को रोटी पर प्रतिदिन लगाने से हार्ट, स्किन और पेट संबंधी रोग नहीं होते हैं।
- यदि आप गेंहू की रोटी के अलावा बाजरा, ज्वार, मक्का, जौ और मल्टीग्रेन रोटी शुद्ध घी लगाकर खाते हैं तो इससे आपकी हेल्थ को काफी फायदा मिलता है।



# घर पर बनाएं ढेर सारा लौकी पनीर

**हमारे देश में अगर सबसे ज्यादा किसी सब्जी का क्रेज है तो वो है पनीर की सब्जी। छोटी-मोटी दावत हो या शादी-ब्याह का फंक्शन सबसे ज्यादा हाई डिमांड में पनीर ही रहता है। घर पर भी बच्चों की आय दिन यही डिमांड रहती है,लेकिन बाजार में मिलने वाला पनीर एक तो इतना महंगा है ऊपर से इतना मिलावटी कि उसे खाना यानी अपनी सेहत के साथ खिलवाड़ करना। आज हम आपको लौकी से पनीर बनाने की आसान सी ट्रिक बताएंगे। ये सुनने में जरूर अटपटा लग सकता है लेकिन एक बार आप बनाकर देखेंगे तो हैरान हो जाएंगे। ये किफायती होने के साथ-साथ ही पोषक तत्वों से भरपूर है। तो चलिए ये आसान सी ट्रिक जानते हैं।**

## खाना खजाना

### सामग्री

लौकी से पनीर बनाने के लिए आपको एक लौकी, आधा कटोरी चावल का आटा, चावल का आटा ना हो,तो आप मैदा का भी इस्तेमाल कर सकते हैं। इसके अलावा हल्की सी मिठास और फ्लेवर के लिए आपको एक चम्मच दूध पाउडर लेना है। इसके साथ ही एक चम्मच दही, चुटकी भर नमक और दो चुटकी खाने का सोडा।

### बनाने की विधि



लौकी से पनीर बनाने के लिए आपको सबसे पहले एक लौकी लेनी है। अगर लौकी ज्यादा बड़ी है तो आप उसे आधा भी ले सकते हैं। इसके बाद लौकी को धोकर छील लें और इसे छोटे-छोटे टुकड़ों में काट लें। अब आपको लौकी को मिक्सर में डालकर उसका एक पेस्ट बना लेना है। जरूरत पड़ने पर आप बहुत थोड़ा सा पानी इसमें मिला सकते हैं लेकिन कोशिश करें कि कम से कम पानी ही इसमें मिलाया जाए। अब इस लौकी के पेस्ट में आधा कप चावल का आटा डाल लें। अगर आपके पास चावल का आटा नहीं है तो आप मैदा का भी इस्तेमाल कर सकते हैं। अब इसमें एक चम्मच दूध पाउडर, हल्का सा नमक, एक चम्मच दही और दो चुटकी खाने का मीठा सोडा इसमें मिला लें। इन सभी चीजों को बिना पानी मिलाए अच्छे से आपस में फेंट लेना है। अब आपको एक बड़ी थाली की जरूरत होगी। थाली पर तेल या घी की कुछ बूंदे लगा लें और फिर इस लौकी के पेस्ट को उसपर अच्छी तरह फैला लें। जैसे आप घर पर मिठाई जमाती हैं ठीक उसी तरह इस पेस्ट को भी पूरी थाली पर बराबरी से फैला लें। अब बारी है इस पनीर को पकाने की। पनीर को पकाने के लिए आपको एक कढ़ाई में पानी गर्म करना है। अब उसपर एक कटोरा या कोई बर्तन रख लें। इस कटोरे पर अपनी पनीर वाली थाली रखें और ढक दें।



लगभग 10 से 15 मिनट तक मीडियम आंच पर इस पनीर को पकने दें। इसके बाद आप इस थाली को निकालें और एक टूथपिक या चाकू की मदद से चेक करें की आपका पनीर बन गया है या नहीं। इसके बाद चाकू की मदद से इन्हें पनीर की तरह ही छोटे-छोटे टुकड़ों में काट लें। तो लीजिए बनकर तैयार है लौकी से बना हुआ टेस्टी और हेल्दी पनीर।

# संयुक्त राष्ट्र महासचिव ने पहलगाम आतंकी हमले की निंदा की, कहा- सैन्य विकल्प समाधान नहीं



**वाशिंगटन, एजेंसी।** संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने सोमवार को भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव के बढ़ने पर चिंता व्यक्त की और अधिकतम संयम बरतने तथा तनाव के कगार से पीछे हटने का आह्वान किया। गुटेरेस ने एक संक्षिप्त बयान में कहा कि कोई गलती न करें: सैन्य समाधान कोई समाधान नहीं है। गुटेरेस ने कहा कि वे 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए भयानक आतंकी हमले के बाद लोगों की भावनाओं को समझते हैं और उन्होंने फिर से उस हमले की कड़ी निंदा की तथा पीड़ितों के परिवारों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की। उन्होंने कहा कि नागरिकों को निशाना बनाना अस्वीकार्य है - और इसके लिए जिम्मेदार लोगों को विश्वसनीय और वैध तरीकों से न्याय के कटघरे में लाया जाना चाहिए। उन्होंने शांति की सेवा में दोनों सरकारों के प्रति अपने अच्छे कार्यों की पेशकश दोहराई।

शांति के लिए संयुक्त राष्ट्र की प्रतिबद्धता की पुष्टि करते हुए, गुटेरेस ने दोनों देशों को अपने अच्छे कार्यालयों की पेशकश की, जिसमें कहा गया कि संयुक्त राष्ट्र किसी भी पहल का समर्थन करने के लिए तैयार है जो संवाद, तनाव कम करने और संकट के शांतिपूर्ण समाधान को बढ़ावा देता है। 22 अप्रैल को जम्मू और कश्मीर के पहलगाम में हुए घातक आतंकवादी हमले के बाद दोनों परमाणु-सशस्त्र पड़ोसियों के बीच बढ़ती दुश्मनी के बीच उनकी टिप्पणी आई है। इस हमले में 26 लोग मारे गए थे, जिसे पाकिस्तान स्थित आतंकवादी समूहों से जोड़ा गया है।

**पाकिस्तान ने किया संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के मंच का दुरुपयोग :** सूत्रों ने बताया संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ने सोमवार को बंद कमरे में विचार-विमर्श किया, जिसमें कई संयुक्त राष्ट्र सदस्यों ने पाकिस्तान की भूमिका और बयानबाजी पर सवाल उठाए। पाकिस्तान, जो वर्तमान में शक्तिशाली परिषद का एक अस्थायी सदस्य है, ने परमाणु-सशस्त्र पड़ोसियों के बीच स्थिति पर बंद कमरे में विचार-विमर्श का अनुरोध किया था। संयुक्त राष्ट्र में पाकिस्तान के स्थायी प्रतिनिधि, असीम इफ्तिखार अहमद ने एक बार फिर भारत के खिलाफ झूठे दावे फैलाने के लिए संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के मंच का दुरुपयोग किया। पहलगाम आतंकी हमले से ध्यान हटाने के प्रयास में, जिसमें 26 नागरिक मारे गए थे, पाकिस्तान ने कश्मीर मुद्दे को उठाया और भारत पर सैन्य निर्माण और भड़काऊ बयान देने का आरोप लगाया। संघर्ष का समाधान संवाद और शांतिपूर्ण तरीके से निकालने का आह्वान सुरक्षा परिषद की यह बैठक सोमवार दोपहर को लगभग डेढ़ घंटे तक चली। बैठक का आयोजन 'यूएनएससी चैंबर' में नहीं बल्कि उसके बगल के परामर्श कक्ष में हुआ। सुरक्षा परिषद ने बैठक के बाद कोई बयान जारी नहीं किया लेकिन पाकिस्तान ने दावा किया कि उसके उद्देश्य ''काफी हद तक पूरे हो गए''। पाकिस्तान, वर्तमान में 15 सदस्यीय शक्तिशाली सुरक्षा परिषद का एक अस्थायी सदस्य है, जिसने परमाणु-हथियार संपन्न पड़ोसी देशों के बीच स्थिति को लेकर ''बंद कमरे में परामर्श'' का अनुरोध किया था। संयुक्त राष्ट्र में राजनीतिक और शांति निर्माण मामलों के विभाग (डीपीपीए) एवं शांति अभियान विभाग (डीपीओ) में पश्चिम एशिया, एशिया और प्रशांत मामलों के लिए सहायक महासचिव खालिद मोहम्मद खैरी ने दोनों विभागों की ओर से सुरक्षा परिषद को जानकारी दी। खैरी ट्यूनीशिया से हैं। बैठक से बाहर आकर खैरी ने कहा कि ''संघर्ष का समाधान संवाद और शांतिपूर्ण तरीके से निकालने'' का आह्वान किया गया।

संयुक्त राष्ट्र के सदस्यों ने पाकिस्तान की परमाणु बयानबाजी और मिसाइल परीक्षणों पर चिंता जताई 90 मिनट के सत्र के दौरान, परिषद के सदस्यों ने पाकिस्तान की बढ़ती परमाणु बयानबाजी और हाल ही में किए गए मिसाइल परीक्षणों पर चिंता जताई, जिसके बारे में उन्होंने कहा कि इसने क्षेत्रीय अस्थिरता में योगदान दिया है। प्रतिभागियों ने पाकिस्तान द्वारा फैलाए गए झूठे झंडे की कहानी को भी खारिज कर दिया और घातक हमले के मद्देनजर जवाबदेही के लिए दबाव डाला। सूत्र ने कहा कि लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) की संभावित भागीदारी के बारे में भी सवाल उठाए गए और पर्यटकों को उनकी धार्मिक पहचान के लिए निशाना बनाए जाने पर चिंता व्यक्त की गई। सूत्रों ने बताया कि इस मुद्दे को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उठाने की पाकिस्तान की कोशिशें नाकाम हो गईं, क्योंकि बैठक के बाद चीन समेत किसी अन्य सदस्य ने प्रेस बयान में शामिल नहीं हुआ। सत्र बिना किसी प्रस्ताव, बयान या प्रेस विज्ञप्ति के समाप्त हो गया, जिससे परामर्श के दौरान और उसके बाद पाकिस्तान प्रभावी रूप से अलग-थलग पड़ गया। सूत्रों ने बताया कि कई सदस्यों ने दोहराया कि भारत के साथ द्विपक्षीय मुद्दों को सीधे संवाद के माध्यम से हल किया जाना चाहिए। सिंधु जल संधि को निलंबित करने का मुद्दा पाकिस्तान ने भारत द्वारा 1960 की सिंधु जल संधि को निलंबित करने का मुद्दा भी उठाया। उन्होंने कहा, ''पानी जीवन है, हथियार नहीं। ये नदियां 24 करोड़ से अधिक पाकिस्तानियों का भरण-पोषण करती हैं।'' अहमद ने कहा कि बैठक में पाकिस्तान ने ''भारत सहित अपने सभी पड़ोसियों के साथ शांतिपूर्ण, सहयोगात्मक संबंधों के लिए अपनी प्रतिबद्धता'' दोहराई। यूएनएससी की बैठक से पहले संयुक्त राष्ट्र में भारत के पूर्व स्थायी प्रतिनिधि राजदूत सैयद अकबरुद्दीन ने 'पीटीआई-भाषा' से बातचीत में कहा था कि ऐसी चर्चा से कोई परिणाम की उम्मीद नहीं की जा सकती है।

# पत्रकारिता में 15 और कला जगत की 8 विभूतियों को मिलेगा इनाम, 15000 डॉलर भी मिलेंगे



**न्यूयॉर्क, एजेंसी।** कला और पत्रकारिता जगत में मिलने वाले पुलित्जर पुरस्कार 2025 की घोषणा हो गई है। पत्रकारिता के क्षेत्र में 15 श्रेणियों में पुरस्कार दिए जाएंगे। इसके अलावा, पुस्तकों, संगीत और रंगमंच जैसे कला जगत की आठ श्रेणियों में भी पुलित्जर पुरस्कार दिए जाएंगे। सार्वजनिक सेवा क्षेत्र से चुने जाने वाले विजेता को स्वर्ण पदक दिया जाएगा। जबकि अन्य सभी विजेताओं को 15,000 डॉलर दिए जाएंगे। अमेरिकी उपन्यासकार पर्सीवल एवरेस्ट के उपन्यास जेम्स ने कथा साहित्य के लिए पुलित्जर पुरस्कार जीता है। यह उपन्यास द एडवेंचर्स ऑफ हकलबेरी फिन की एक नई और अनोखी कहानी है, जो एक गुलाम की नजरों से दिखाई गई है। इसके अलावा, ब्रैंडन जैकब्स-जेनकिंस के नाटक पर्पस ने पुलित्जर पुरस्कार जीता है।

यह नाटक एक अमीर अश्वेत परिवार की कहानी है जो अपने ही अंदर के संघर्षों से जूझ रहा है। इसे पिछले सप्ताह टोनी पुरस्कारों के लिए भी 6 बार नामांकित किया गया था। न्यूयॉर्क टाइम्स को चार और न्यू यॉर्कर को तीन पुरस्कार पत्रकारिता जगत में उल्लेखनीय काम के लिए न्यूयॉर्क टाइम्स को चार, न्यू यॉर्कर को तीन और राष्ट्रपति ट्रंप की हत्या के प्रयास की खबर के विस्तृत कवरेज के लिए वाशिंगटन पोस्ट को पुलित्जर पुरस्कार 2025 के लिए चुना गया है। पुलित्जर का प्रतिष्ठित सार्वजनिक सेवा पदक लगातार दूसरे साल प्रोपब्लिका को मिला। कविता सुराना, लिजी प्रेसर, कैसंड्रा जारामिलो और स्टेसी क्रैनिट्ज को गर्भवती महिलाओं पर रिपोर्टिंग के लिए सम्मानित किया गया। इन महिलाओं की मौत सख्त गर्भपात कानूनों वाले अमेरिकी राज्यों में डॉक्टरों द्वारा तत्काल देखभाल में देरी के कारण हुई थी।

# ऋतिक-राकेश रोशन पहली बार एक साथ पर्दे पर, मोबिल1 के साथ दिखाया 'अनफॉरगेटेबल जर्नीज़' का जज़्बा

**नई दिल्ली:** एक्सॉनमोबिल लुब्रिकेंट्स प्राइवेट लिमिटेड, जो भारत में मोबिल्ॿ ब्रांडकेलुब्रिकेंट्सबेचतीहै, नेआजअपने 'अनफॉर गेटेबल जर्नीज़' कैंपेन की नई विज्ञापन फिल्म लॉन्च की। इस फिल्म में बॉलीवुड सुपर स्टार ऋतिक रोशन नजर आएंगे और इसमें दुनिया के अग्रणी सिंथेटिक इंजन ऑयल ब्रांडमोबिल 1™ को प्रमुखता से दिखाया गया है। यह विज्ञापन ऋतिक के जुनून, भारत जैसे देश के सपने देखने वाले और मेहनती लोगों की सोच, और मोबिल 1™ के शानदार प्रदर्शन को एक साथ जोड़ता है। ये तीनों बातें एक समान भावना से जुड़ी हैं, कुछ अलग और बेहतर करने की लगातार चाह। इस नई फिल्म की खास बात यह है कि इसमें पहली बार ऋतिक रोशन अपने पिता, मशहूर फिल्म निर्माता और निर्देशक राकेश रोशन के साथ स्क्रीन पर दिखाई दे रहे हैं। ऋतिक की पहली सुपरहिट फिल्म 'कहो ना प्यार है' को 25 साल पूरे हो गए हैं। यह कैंपेन उनके कभी न रुकने वाले जोश और यादगार परफॉर्मेंसेस की तलाश को सलाम करता है। ऋतिक की यह यात्रा भारत जैसे देश की भी कहानी है, जहां सपने देखने वाले हर चुनौती का सामना करते हैं और मेहनती लोग अपने सपनों को साकार करते हैं। यह उस भारत की भावना को दर्शाता है जो हमेशा आगे बढ़ता है, जहां हर नई पीढ़ी एक बेहतर कल का सपना देखती है और उसे सच करने के लिए जी-जान से मेहनत करती है। मोबिल 1ॿ भी इसी भावना को साझा करता है। यह एक ऐसा ब्रांड है जो इंजन ऑयल की दुनिया को लगातार नई दिशा देता है। अत्याधुनिक टेक्नोलॉजी से लैस यह ब्रांड समय के साथ आगे बढ़ता है और ऐसे हाई परफॉर्मेंस इंजन ऑयल तैयार करता है जो आपके इंजन को लंबे समय तक नया बनाए रखते हैं। चार्लीन परेरा, मैनेजिंग डायरेक्टर, एक्सॉनमोबिल लुब्रिकेंट्स प्राइवेट लिमिटेड ने कहा, मोबिल 1™ ने दशकों से सबसे कठिन परिस्थितियों में अपनी काबिलियत साबित की है।

# डेला रिसॉर्ट्स एंड एडवेंचर ने पुणे में 1,100 करोड़ की थीम वाली मेगा टाउनशिप के लिए हीरानंदानी कम्युनिटीज और क्रिसला डेवलपर्स के साथ मिलकर काम किया

**मुंबई।** भारतीय रियल एस्टेट सेक्टर में अपनी तरह के पहले कदम के तहत, डेला रिसॉर्ट्स एंड एडवेंचर ने पुणे में 1,100 करोड़ रुपये की राजस्व क्षमता वाली एक ऐतिहासिक, रेसकोर्स थीम वाली मेगा टाउनशिप शुरू करने के लिए हीरानंदानी कम्युनिटीज और क्रिसला डेवलपर्स के साथ एक मालिकाना CDDMOTM मॉडल में प्रवेश किया है। थीम आधारित आतिथ्य संचालित मॉडल रियल एस्टेट में एक नए निवेश वर्ग को खोलता है जिसमें 9 प्रतिशत तक ROI प्राप्त करने की क्षमता है। यह मॉडल सुनिश्चित करता है कि मूल्य प्रस्ताव रियल एस्टेट से कहीं आगे तक फैला हुआ है, एक क्यूरेटेड लाइफस्टाइल इकोसिस्टम बनाता है जो बेजोड़ विलासिता, समुदाय और अनुभवात्मक आतिथ्य को मिलाता है। पुणे के तेजी से विकसित हो रहे उत्तरी हिंजेवाड़ी में 40 एकड़ से अधिक क्षेत्र में फैले इस टाउनशिप में 8 एकड़ का रेसकोर्स और इंटरनेशनल पोलो क्लब, 128 निजी विला प्लॉट, 112 रिसॉर्ट निजी निवास, 300 चाबियों वाला 5-सितारा लक्जरी रिसॉर्ट, 9 विवाह स्थल स्थल, 12 कॉर्पोरेट और एमआईसीई स्थल, एक्सट्रीम एडवेंचर पार्क, डेला रेंज गोल्फ स्वास्थ्य सुविधाएं और डेला की विशिष्ट डिजाइन संवेदनाओं द्वारा संचालित अनुभवात्मक स्थान शामिल होंगे। टाउनशिप की समकालीन जैविक और ब्रिटिश औपनिवेशिक वास्तुकला और डिजाइन शैली घर के मालिकों और निवेशकों की नई पीढ़ी की सौंदर्य संबंधी प्राथमिकताओं के साथ गहराई से प्रतिध्वनित होती है जो अनुभवात्मक जीवन, स्थिर रिटर्न और दीर्घकालिक परिसंपत्ति विकास को महत्व देते हैं। इस विकास के पीछे दूरदर्शी, डेला रिसॉर्ट्स एंड एडवेंचर के संस्थापक और अध्यक्ष, जिमी मिस्त्री ने कहा, यह सिर्फ एक और टाउनशिप नहीं है - यह भारत में पहले कभी नहीं देखे गए रियल एस्टेट मॉडल का जन्म है। हमारे CDDMOTM दृष्टिकोण के साथ, हम रियल एस्टेट को एक उत्पाद से एक अनुभव में बदल रहे हैं, और एक स्थिर संपत्ति से एक गतिशील, उपज-उत्पादक निवेश में बदल रहे हैं। यह पहली बार है जब आवासीय रियल एस्टेट 3 प्रतिशत के पारंपरिक उद्योग मानदंडों से अधिक रिटर्न दे रहा है - पारंपरिक अपेक्षाओं को तोड़ते हुए रियल एस्टेट निवेश पर 9 प्रतिशत तक का सुनिश्चित रिटर्न दे रहा है। यह लक्जरी भविष्य के अनुकूल जीवन है, जिसे सटीकता के साथ क्यूरेट किया गया है और डिजाइन, नवाचार और परिचालन उत्कृष्टता द्वारा संचालित किया गया है। उद्योग के दिग्गज, डॉ. निरंजन हीरानंदानी - चेयरमैन- हीरानंदानी कम्युनिटीज ने इस साझेदारी पर अपने विचार साझा करते हुए कहा, भारतीय रियल एस्टेट परिदृश्य में आमूलचूल परिवर्तन हो रहा है, जो एकीकृत, वन-स्टॉप गंतव्यों में जीवनशैली-केंद्रित जीवन जीने के लिए घर खरीदारों की बढ़ती आकांक्षाओं से प्रेरित है।

# सैन डिएगो में नाव पलटी, तीन की मौत, नौ लापता; तलाश में जुटा तटरक्षक बल; पीड़ितों में भारतीय परिवार भी

**सैन डिएगो , एजेंसी।** अमेरिका में एक बार फिर बड़ा हादसा हुआ है। यहां सैन डिएगो के तट पर सोमवार तड़के ऊंची लहरों की वजह से एक छोटी नाव पलट गई। हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई, चार घायल हो गए और नौ अन्य लापता हैं। हादसे में भारतीय परिवार भी प्रभावित हुआ है, जिसमें एक दंपती का अस्पताल में इलाज चल रहा है, जबकि उरके दो बच्चे लापता हैं। सैन फ्रांसिस्को में भारत के महावाणिज्य दूतावास ने मामले पर नजर बना रखी है। इस बीच मामले से जुड़े अधिकारियों ने बताया कि अमेरिकी तटरक्षक जहाज और हेलीकॉप्टर लापता लोगों की तलाश कर रहे हैं, जबकि चार घायलों को अस्पतालों में भेजा गया है। तटरक्षक अधिकारियों ने कहा कि उन्हें नहीं पता था कि 12-फुट (3.6 मीटर) नाव पलटने से पहले कहां से आ रही थी। सैन डिएगो शेरिफ विभाग के लेफ्टिनेंट निक बैकोरिस ने बताया कि टॉरी पाइंस स्टेट बीच पर हाइकर्स और अन्य लोगों ने सुबह करीब 6:30 बजे तट के पास एक नाव पलटते हुए देखी। बैकोरिस ने बताया, पास में हाइकिंग कर रहे एक डॉक्टर ने फोन करके कहा कि मैं लोगों को बीच पर सीपीआर करते हुए देख रहा हूं, मैं उस तरफ भाग रहा हूं। पंगास खुली नावें हैं, जिन्हें मछली पकड़ने के लिए बनाया गया है, लेकिन आमतौर पर तस्करों की ओर से इसे इस्तेमाल किया जाता है।

# यमन में हूती विद्रोहियों के बंदरगाह पर इजराइली एयरस्ट्राइक

## 2000 किमी दूर 20 फाइटर जेट्स से 50 ठिकानों पर बम गिराए, एयरपोर्ट अटैक का बदला

**सना, एजेंसी।** इजराइली सेना ने यमन में हूती विद्रोहियों के नियंत्रण वाले बंदरगाह शहर हुदैदाह पर सोमवार रात भीषण बमबारी की। सेना के मुताबिक हमले में 20 इजरायली वायुसेना के लड़ाकू विमानों ने हिस्सा लिया। इसके लिए विमानों ने 2000 किमी की दूरी तय की। हमले में हुदैदाह पोर्ट और बाजिल कंक्रीट फैक्ट्री को निशाना बनाया गया। इजराइल डिफेंस फोर्स के मुताबिक फाइटर जेट्स ने कम से कम 50 टार्गेट्स पर बम गिराए। इजराइल का यह हमला एक दिन पहले हूती विद्रोहियों के तेल अवीव में बेन गुरियन एयरपोर्ट हमले के जवाब में किया गया। मिसाइल हमले में कई लोग घायल हो गए थे। इसके बाद इजराइल ने इसका बदला लेने का ऐलान किया था। हूती विद्रोही बोले- इजराइल को जवाब देंगे हूती विद्रोहियों का कहना है कि इजराइली हमले में कम से कम 21 लोग घायल हो गए हैं। हूती विद्रोहियों के मीडिया विभाग के चीफ नसरुद्दीन आमेर ने कहा कि वे इस हमले का जवाब देंगे। इजराइली हमले उन्हें नहीं रोक पाएंगे। उन्होंने यह भी दावा किया कि यह हमला इजराइल और अमेरिका दोनों ने मिलकर किया था। हालांकि, एक अमेरिकी रक्षा अधिकारी ने कहा कि वाशिंगटन ने इन हमलों में भाग नहीं लिया। इजरायली सेना ने कहा कि यह हमला हूती शासन की अर्थव्यवस्था और उसके सैन्य निर्माण के लिए एक झटका है। बाजिल कंक्रीट फैक्ट्री उनके लिए एक अहम आर्थिक संसाधन के रूप में काम करती है और इसका उपयोग सुरंगों और सैन्य बुनियादी ढांचे के निर्माण के लिए किया जाता है। सेना ने कहा कि हुदैदाह बंदरगाह का इस्तेमाल हूती आतंकी ईरानी हथियारों, सैन्य जरूरतों के लिए उपकरणों और दूसरे



आतंकी मकसद के लिए करते थे। इजराइल का हूती विद्रोहियों पर इस साल का पहला हमला गाजा में जंग शुरू होने के बाद यमन में इजराइल का यह छठा और इस साल का पहला हमला था। इजराइल ने कहा है कि यमन पर हमला हूतियों के इजराइल के खिलाफ बार-बार किए गए हमलों के जवाब में किया गया है। मार्च में हूती विद्रोहियों के खिलाफ बड़ा अमेरिकी अभियान शुरू होने के बाद से ढ्रूष्ट्रस्न ने यमन पर हमला करना रोक दिया था। इजराइल ने यमन के अलावा सोमवार रात सीरिया, लेबनान और गाजा पर भी हमले किए। ढ्रूष्ट्रस्न ने साउथ लेबनान और बेका घाटी में हिजबुल्लाह के ठिकानों पर कई हवाई हमले किए। इसके अलावा उन्होंने लेबनान की सीमा से सटे सीरिया पर भी कई हमले किए। अभी तक इन दोनों इलाके में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। इजराइली सेना ने गाजा पर भी हमला किया। इसमें 54 लोगों की मौत हो गई है। गाजा पर पूरी तरह से कब्जा करेगा इजराइल इस बीच इजराइल गाजा में सैन्य अभियान को और तेज करने का ऐलान किया है। इजराइल की वॉर कैबिनेट ने सोमवार को इस फैसले पर मंजूरी दी। इसमें गाजा पर पूरी तरह से 'कब्जा' करने और पूरे इलाके पर कंट्रोल करने का प्लान शामिल है। रिपोर्ट्स के मुताबिक एक अधिकारी ने कहा कि उम्मीद है कि इसे अगले सप्ताह अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की यात्रा के बाद ही इसे लागू किया जाएगा। इजराइल तब तक हमास के साथ सीजफायर और बंधक समझौते पर पहुंचने की कोशिश जारी रखेगा।

हालांकि इजराइली सेना के चीफ इयाल जमीन ने गाजा में अभियान तेज करने को लेकर चेतावनी दी है। उन्होंने कहा है कि यह अभियान गाजा में बंधकों की जान को खतरे में डाल सकता है। हालांकि उन्होंने कहा कि नए प्लान से हमास के खिलाफ ज्यादा मजबूत हमले करने और वहां रह गए बंधकों को लाने में मदद मिलेगी। इससे एक दिन पहले सेना इयाल जमीर ने कहा था कि वे अपने रिजर्व सैनिकों को इसके लिए बुला रहे हैं। उन्होंने कहा कि इजराइली सेना गाजा में जमीन और जमीन के भीतर बने हमास के सभी बुनियादी ढांचे को बर्बाद कर देगी। इजराइल और हमास के बीच 8 हफ्ते से जारी सीजफायर 18 मार्च को टूट गया था।

# जहां कैदी खो देते थे मानसिक संतुलन.... फिर खुलेगी दुनिया की सबसे खतरनाक जेल अल्काट्राज़

**सैन फ्रांसिस्को , एजेंसी।** रहस्य-रोमांच और कैदियों पर अत्याचार की कई कहानियों के लिए बदनाम दुनिया की सबसे खतरनाक अल्काट्राज़ जेल 62 साल बाद फिर से खुलने की तैयारी कर रही है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सोमवार को जेल ब्यूरो के साथ न्याय विभाग, एफबीआई और होमलैंड सिक्योरिटी को जेल को फिर से खोलने का निर्देश दिया। उन्होंने ट्रुथ सोशल साइट पर लिखा, अमेरिका लंबे समय से क्रूर, हिंसक और बार-बार अपराध करने वाले अपराधियों से त्रस्त है। इसलिए मैं अल्काट्राज़ जेल खोलने का निर्देश दे रहा हूं। इसका पुनः खुलना कानून, व्यवस्था और न्याय का प्रतीक होगा।

**अमेरिका के सर्वाधिक वांछित अपराधियों को यहीं रखा जाता है :** अल्काट्राज़ अधिकतम सुरक्षा जेलों के बारे में प्रयुक्त मुहावरे, एक पक्षी भी पर नहीं मार सकता से कहीं अधिक था। चूंकि यह अमेरिकी राज्य सैन फ्रांसिस्को में अथाह समुद्र के बीच एक द्वीप पर बनाया गया था, इसलिए कैदी भागने के बारे में सोच भी नहीं सकते थे। अमेरिका के सर्वाधिक वांछित अपराधियों को यहीं रखा गया था। प्रत्येक कोठरी 9*5 फीट की थी। सुविधाओं के नाम पर वहां कुछ भी नहीं था। जेल की स्थिति ऐसी थी कि कैदियों ने इसका नाम हेलकाट्राज़ (नरक जैसी जेल) रख दिया था। जो एक बार जेल में प्रवेश कर गया, वह बाहर नहीं निकल सका।

**इस कारण 1964 में अलकाट्राज़ जेल को बंद कर दिया गया :** जेल की कठोर परिस्थितियों से परेशान होकर कैदी या तो अपना मानसिक संतुलन खो बैठे या आत्महत्या कर ली। अलकाट्राज़ जेल का निर्माण 1934 में किया गया था और इसे 1963 में बंद कर दिया गया था। इसे बंद करने का कारण इसमें लगने वाली लागत थी। अमेरिकी सरकार ने कहा कि अल्काट्राज़ में प्रति कैदी की लागत सामान्य जेलों की तुलना में तीन गुना अधिक है। बंद होने के बाद, अल्काट्राज़ जेल को पर्यटक आकर्षण में बदल दिया गया। हर साल लगभग 1.4 मिलियन पर्यटक इसकी ऐतिहासिक इमारतों, उद्यानों और प्रकाशस्तंभों को देखने आते हैं।

**1962 में भागे तीन कैदी अभी भी लापता हैं :** कैदियों ने अल्काट्राज़ जेल से भागने की 31 बार असफल कोशिश की। लेकिन 12 जून 1962 को तीन कैदी, फ्रैंक मॉरिस, जॉन एंगलिन और क्लेरेन्स एंगलिन भाग निकले। जेल प्रशासन ने तब कहा था कि किसी इंसान के लिए इतनी दूर तैरकर किनारे तक पहुंचना असंभव है। संभवतः तीनों कैदी डूब गए होंगे। तीनों कहीं नजर नहीं आए और न ही उनके शव मिले। लंबी जांच के बाद प्रशासन ने 1979 में उन्हें मृत घोषित कर दिया। लेकिन एक गुमनाम पत्र में उनके जीवित होने का दावा किए जाने के बाद फिर से खोज शुरू हुई, जो अब भी जारी है। हॉलीवुड में रोमांचक फिल्में बनी हैं अल्काट्राज़ जेल पर हॉलीवुड में कई फिल्में बनाई गई हैं। जेल बंद होने से पहले बर्डमैन ऑफ अल्काट्राज़ (1962) आई थी। इसी वर्ष जेल से तीन कैदियों के भागने की घटना से मची सनसनी को देखते हुए फिल्म निर्माताओं ने नया विषय उठाया। एस्केप फ्रॉम अल्काट्राज़, पॉइंट ब्लैंक, द रॉक और मर्डर इन द फर्स्ट इसी विषय पर आधारित थीं। हैरी पॉटर फिल्मों की श्रृंखला का अज़काबान जेल काफी हद तक अल्काट्राज़ से प्रेरित था। ब्रिटिश काल के दौरान, अंग्रेजों ने स्वतंत्रता सेनानियों को कैद करने के लिए भारत के अंडमान निकोबार के पोर्ट ब्लेयर में एक सेलुलर जेल का निर्माण किया था।

# न्यूजीलैंड में 16 साल से कम उम्र के बच्चों के लिए सोशल मीडिया बैन की उठी मांग, सांसद कैथरीन वेड ने रखा प्रस्ताव

**वेलिंगटन , एजेंसी।** न्यूजीलैंड की सांसद कैथरीन वेड ने एक कानून का प्रस्ताव रखा है, ये 16 साल से कम उम्र के बच्चों को सोशल मीडिया इस्तेमाल करने से रोकेगा। यह प्रस्ताव ऑस्ट्रेलिया के सख्त डिजिटल प्लेटफॉर्म नियमों का अनुसरण करता है। समाचार एजेंसी सिन्हुआ के अनुसार, न्यूजीलैंड नेशनल पार्टी की सांसद कैथरीन वेड ने सदस्य विधेयक पेश किया है, जिसके तहत सोशल मीडिया कंपनियों पर उपयोगकर्ताओं की उम्र सत्यापित करने और नाबालिगों को अकाउंट बनाने से रोकने की जिम्मेदारी होगी। रेडियो न्यूजीलैंड के अनुसार, नियम न मानने वाली कंपनियों पर जुर्माना लग सकता है और उन्हें यह सुनिश्चित करना होगा कि उपयोगकर्ता कम से कम 16 साल के हों। वेड ने कहा, मेरा सोशल मीडिया आयु-उपयुक्त उपयोगकर्ता बिल 16 साल से कम उम्र के बच्चों को साइबर बुलिंग, अनुचित सामग्री और सोशल मीडिया की लत से बचाने के लिए है। इस विधेयक का समर्थन प्रधानमंत्री क्रिस्टोफर लक्सन ने किया है। उन्होंने कहा कि वे इसे सरकारी बिल के रूप में अपनाने के लिए तैयार हैं, यह एक ऐसा कदम है जो संसद के माध्यम से इसकी प्रगति को तेज करेगा। लक्सन ने कहा, यह राजनीतिक मुद्दा नहीं, बल्कि न्यूजीलैंड का मुद्दा है और वे सभी दलों का समर्थन चाहते हैं। न्यूजीलैंड का प्रस्तावित कानून ऑस्ट्रेलिया में लागू कानून पर आधारित है। अगर यह पास होता है, तो कुछ प्लेटफॉर्म्स को आयु-प्रतिबंधित घोषित किया




जा सकेगा और कानून लागू होने के तीन साल बाद इसके प्रभाव की समीक्षा होगी। ऑस्ट्रेलिया का 16 साल से कम उम्र के बच्चों के लिए सोशल मीडिया प्रतिबंध बिल दुनिया में पहला है, जिसे नवंबर 2024 में सीनेट में पास किया था। इसके तहत, सोशल मीडिया कंपनियां जो 16 साल से कम उम्र के ऑस्ट्रेलियाई बच्चों को अपनी सेवाएं इस्तेमाल करने से रोकने में विफल रहेंगी, उन्हें लाखों डॉलर का जुर्माना देना होगा। कानून के अनुसार, न्यूनतम आयु सीमा लागू करने की जिम्मेदारी सोशल मीडिया कंपनियों पर है, न कि बच्चों, माता-पिता या अभिभावकों पर है। जो कंपनियां बार-बार आयु सीमा लागू करने में असफल रहेंगी, उन्हें 50 मिलियन ऑस्ट्रेलियाई डॉलर (लगभग 32.5 मिलियन अमेरिकी डॉलर) तक का जुर्माना देना पड़ सकता है।

# हमास के हमलों की जांच कराने से इस्राइली कैबिनेट का इनकार, विपक्षी नेताओं ने नेतन्याहू सरकार को घेरा

**तेल अवीव, एजेंसी।** इस्राइल पर सात अक्तूबर 2023 को हुए हमास के हमलों की जांच की मांग को इस्राइली कैबिनेट ने खारिज कर दिया है। कैबिनेट ने हमलों की जांच के लिए राज्य आयोग गठित न करने की बात कही है। इसे लेकर विपक्षी नेताओं ने नेतन्याहू सरकार को घेरा है। विपक्षी नेता और पूर्व पीएम यायर लैपिड ने कहा कि जांच आयोग गठित न करने का सीधा अर्थ यह है कि सात अक्तूबर जैसी घटना बार-बार होगी। अगर जांच नहीं की जाती है तो यह कभी पता नहीं लग पाएगा कि हमास के हमलों के पीछे का कारण क्या था? हम इससे सबक नहीं ले पाएंगे और ऐसा दोबारा न हो इसके लिए कोई उपाय भी नहीं कर सकेंगे। नेतन्याहू ने मेरोन आपदा और पनडुब्बी मामले में राज्य जांच समिति की स्थापना को भी रोकने की कोशिश की। इस बार भी राज्य जांच समिति स्थापित की जाएगी। वहीं प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने जांच की मांग का विरोध करते हुए कहा कि यह राजनीतिक रूप से पक्षपाती जांच का विरोध करते हैं। आलोचकों ने नेतन्याहू पर जांच में देरी करने और इसके अधिकार क्षेत्र को कमजोर करने का आरोप लगाया है। विपक्षी सांसद बेनी गैंट्ज़ ने कहा कि जनता मूर्ख नहीं है। राज्य जांच आयोग गठित न किए जाने का एकमात्र कारण जिम्मेदारी से बचने का प्रयास है। यदि आप ऐसा नहीं करने जा रहे हैं, तो कम से कम हमें शर्मनाक बहाने से तो बचिए। हालांकि सेना और इस्राइल ने हमास के हमलों को लेकर जांच पूरी कर ली है। इसकी रिपोर्ट में खुफिया जानकारी की कमी और कमान के मुद्दों को हमले का जिम्मेदार बताया। हाईकोर्ट ने मांगा था जवाब बंधकों



के परिवारों और पूर्व नेसेट सदस्यों ने हाईकोर्ट में याचिका दायर करके हमास के हमलों की जांच की मांग की थी। इसके जवाब में हाईकोर्ट ने फरवरी में सरकार को 11 मई तक जांच को लेकर जवाब देने का आदेश दिया था। बताया जा रहा है कि नेतन्याहू मंत्रिमंडल जांच को मंजूरी देने से पहले जांच आयोगों की नियुक्ति के तरीके में परिवर्तन चाहता है।

ऐसा इसलिए क्योंकि राज्य जांच आयोगों के पास गवाहों को बुलाने और सबूत इकट्ठा करने का व्यापक अधिकार होता है और इनका नेतृत्व सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ न्यायाधीश करते हैं। वे जांच के दायरे में आने वाले व्यक्तियों के बारे में व्यक्तिगत सिफारिशें भी शामिल कर सकते हैं, हालांकि सरकार उन पर कार्रवाई करने के लिए बाध्य नहीं है।

**नेतन्याहू सरकार को सता रहा डर :** जांच आयोग न गठित करने की मंशा को लेकर सवाल खड़े हो रहे हैं। माउंट मेरोन भगदड़ की जांच करने वाले अंतिम राज्य जांच आयोग ने घटना के लिए नेतन्याहू को व्यक्तिगत रूप से जिम्मेदार ठहराया था। वहीं सेना की जांच में सामने आया है कि सेना ने सालों तक हमास के इरादों को गलत समझा और सात अक्तूबर के करीब आते-आते हमले के बारे में खुफिया जानकारी भी नहीं मिल सकी। सेना का ध्यान ईरान और लेबनान में उसके प्रतिनिधि हिजबुल्लाह से होने वाले खतरों पर भी अधिक था। सात अक्टूबर को गाजा सीमा के पास इस्राइली समुदायों पर हमास के हमलों में कम से कम 1,180 लोग मारे गए और 252 इजरायली और विदेशी बंधक बनाए गए। शेष 59 बंधकों में से 36 के मृत होने की आशंका है।

# कलेक्टर जन्मेजय महोबे ने बोर्ड परीक्षा में प्रदेश की प्रावीण्य सूची में स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों से मुलाकात कर उन्हें सम्मानित किया

**जांजगीर-चांपा ( समय दर्शन )।** कलेक्टर जन्मेजय महोबे ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में बोर्ड परीक्षा में प्रदेश की प्रावीण्य सूची में स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों से मुलाकत कर सम्मनित किया। उन्होंने खुशी देवांगन, अदिति देवांगन, उपेन्द्र साहू व भाविक द्विवेदी की इस सफलता के लिए बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। कलेक्टर ने सभी सफल छात्र-छात्राओं को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं और कहा कि उनकी सफलता अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणास्त्रोत बनेगी। उन्होंने विश्वास जताया कि इसी प्रकार परिश्रम और समर्पण के साथ आगे बढ़ते रहें, तो जीवन में नई ऊंचाइयों को अवश्य प्राप्त करेंगे और भविष्य में भी इसी तरह उत्कृट प्रदर्शन करते हुए जिले और प्रदेश का नाम रोशन करेंगे। उन्होंने उन विद्यार्थियों को भी संबोधित किया जो इस बार परीक्षा में सफल नहीं हो पाए। उन्होंने कहा कि परीक्षा का परिणाम चाहे जैसा भी हो, उसे लेकर



तनाव या निराशा की भावना न रखें, बल्कि इसे आत्ममंथन का अवसर मानें। कलेक्टर ने छात्रों को सलाह दी कि वे यह जानने का प्रयास करें कि कहां कमी रह गई और पूरे मनोयोग व मेहनत के साथ पुन: प्रयास करें जिससे आपको निश्चित सफलता प्राप्त होगी।

उल्लेखनीय है कि कक्षा 12वीं में खुशी देवांगन ने 96 प्रतिशत अंक के साथ पूरे प्रदेश 9 वां स्थान एवं कक्षा 10वीं में अदिति देवांगन ने 97.83 प्रतिशत व उपेन्द्र साहू ने 97.83 प्रतिशत अंक के साथ पूरे प्रदेश 9 वां स्थान व भाविक द्विवेदी ने ने 97.67 प्रतिशत अंक के साथ पूरे प्रदेश 10 वां स्थान प्राप्त कर जिले को गौरन्वित किया। खुशी देवांगन शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल पंतोरा, अदिति देवांगन स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम स्कूल पामगढ़ व उपेन्द्र साहू जीएलडी पब्लिक हाई स्कूल खैरताल, भाविक द्विवेदी लायंस इंगलिश हायर सेकेण्डरी स्कूल चांपा के छात्र-छात्राएं हैं। जिला शिक्षा अधिकारी ने बताया कि जिले का हाई स्कूल परीक्षा का औसत परिणाम 71.98 तथा हायर सेकण्डरी स्कूल परीक्षा का औसत परिणाम 72.45 प्रतिशत उत्तीर्ण है।

राज्य में जिला हाई स्कूल परीक्षा परिणाम में 25वें स्थान और हायर सेकण्डरी स्कूल परीक्षा परिणाम 29वें स्थान पर है। कक्षा 10वीं कुल 14558 परीक्षार्थी में 10261 उत्तीर्ण हुए है। जिसमें प्रथम श्रेणी 5220 (बालक 1768, बालिका 3452), द्वितीय श्रेणी 4843 (बालक 2284, बालिका 2559) व तृतीय श्रेणी 398 (बालक 262, बालिका 136) उत्तीर्ण हुए है। इसी प्रकार कक्षा 12वीं कुल 10264 परीक्षार्थी में से 7432 उत्तीर्ण हुए है। जिनमें प्रथम श्रेणी 3448 (बालक 1176, बालिका 2272), द्वितीय श्रेणी 3786 (बालक 1652, बालिका 2134) व तृतीय श्रेणी 198 (बालक 147, बालिका 51) उत्तीर्ण हुए है।

### ज्ञानभारती जांजगीर कक्षा 10वीं व 12वीं का परिणाम उत्कृष्ट रहा

**जांजगीर( समय दर्शन )।** ज्ञानभारती जांजगीर बोर्ड परीक्षाओ का परिणाम उत्कृष्ट रहा जिसमें 10वी हिन्दी माध्यम से अंकिता नामदेव 89.16 प्रतिशत, मनोज मीरी 88.33 प्रतिशत, ओम साव 87 प्रतिशत ,हिमांशी कश्यप 86 प्रतिशत ,शुभम खूंटे 85.3 प्रतिशत, दिव्या साहू 83 प्रतिशत , अंजली थवाईत 82.3 प्रतिशत, विद्या 81.5 प्रतिशत, प्रभा खूंटे 80.16 प्रतिशत, माही कुर्रे 78.16 प्रतिशत, ध्रुव पटेल 77.6 प्रतिशत, देवेश 77.6 प्रतिशत, कविता 72.5 प्रतिशत, आराधना 70.8 प्रतिशत, अंजली भवानी 67.3 प्रतिशत कक्षा 12वीं हिंदी माध्यम से प्राची लाठियां 74 प्रतिशत, साहिल कुमार 70.2 प्रतिशत, श्वेता रानी कश्यप 70 प्रतिशत, सुषमा पटेल 69.2 प्रतिशत, सत्य प्रकाश पटेल 69.2 प्रतिशत, आशीष राठौर 68.8 प्रतिशत, दिव्यानी कपूर 68.6 प्रतिशत, तानिया कंवर 68.6 प्रतिशत, भगवती कश्यप 65 प्रतिशत, कक्षा दसवीं अंग्रेजी माध्यम से लता कौशिक 92. 16 प्रतिशत, श्रुति जांगड़े 90.66 प्रतिशत, ज्योति रत्नाकर 87.16 प्रतिशत प्रतिशत, साक्षी साव 86.16 प्रतिशत, चंद्रमणि टंडन 69.8 प्रतिशत, श्रेया सिंह 68.3 प्रतिशत, आफरीन खान 67 प्रतिशत, प्रिया 66.5 प्रतिशत प्रतिशत, खुशी टंडन 65.6 प्रतिशत, कक्षा 12वीं अंग्रेजी माध्यम से यशवर्धन आहूजा 71.6 प्रतिशत, उत्कर्ष पाण्डेय 67.2 प्रतिशत प्राप्त किया संस्था के संचालक डॉ आर सी पाण्डेय हिन्दी माध्यम प्राचार्य सीमा कश्यप अंग्रेजी माध्यम प्राचार्य गणेशराम जांगड़े प्रबंधक देवेंद्र राठौर सहायक प्रबंधक गीतेश राठौर तथा समस्त शिक्षक शिक्षिकाओं ने बच्चों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

## खबर-खास

### कोकपुर में 7 दिवसीय शिव महापुराण कथा 22 से



**राजनांदगांव ( समय दर्शन )।** डोंगरगांव ब्लॉक ग्राम कोकपुर में आगामी 22 मई से 28 मई तक 7 दिवसीय शिव महापुराण कथा का आयोजन किया गया है। इस में व्यास पीठ से प्रवचनकर्ता छत्तीसगढ़ के गौरव माटीपुत्र राष्ट्रीय कथावाचक आचार्य पंडित रामानुज युवराज पाण्डेय श्री जगन्नाथ मंदिर अमलीपदर/देवभोग होंगे।

दिनांक 22.05.2025, दिन-गुरुवार कलश यात्रा शिवमहापुराण की महत्तम वर्णन, दिनांक 23.05.2025, दिन-शुक्रवार, शिव पूजन विधि भस्मधारण रुद्राक्ष की महिमा, ब्रम्हनारद संवाद, नारदमोक्ष दिनांक 24.05.2025, दिन-शनिवार पार्थिव पूजन विधि, दक्ष के तप शिव का वरदान सती जन्म दिनांक 25.05.2025, दिन-रविवार शिव विवाह, सती देहत्याग सतीमोह रामकथा गंगा उत्पत्ति की कथा पार्वती जन्म पार्वती जप, दिनांक 26.05.2025, दिन-सोमवार कामदेव चरित्र शिव विवाह, गणेश जन्म अंधकासुर की कथा कृष्ण कथा वाणासुर की कथा, दिनांक 27.05.2025, दिन-मंगलवार शिव के विभिन्न रूप की कथा शिव महापुराण का सार विल्व वर्षा नगर भ्रमण, दिनांक 28.12.2024, दिन-बुधवार गीतादान कपिला तर्पण पुर्णाहुति ब्राम्हण भोज होंगे। कथा बाजार चौक कापरेटिव बैंक के पास रखा गया है। कथा समय प्रतिदिन 3 बजे से 7 बजे तक रखा गया है। शिवमहापुराण कथा का श्रावणपान करने के लिए समस्त श्रोता समाज बड़ी संख्या में उपस्थित रहने हेतु आयोजक द्वारा अपील किये है।

### कलेक्टर ने मुंगेली शहर में एस.टी.पी. निर्माण हेतु किया भूमि आबंटित

**मुंगेली( समय दर्शन )।** कलेक्टर कुन्दन कुमार ने नगर पालिका परिषद मुंगेली अंतर्गत सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट (एस.टी.पी.) के निर्माण हेतु भूमि का आबंटन कर दिया है। उन्होंने नगरपालिका मुंगेली के परमहंस वार्ड स्थित रेहुंटाखार क्षेत्र में भू-मापन क्रमांक 983, कुल रकबा 6.096 हेक्टेयर शासकीय भूमि में से ठोस अपशिष्ट प्रबंधन हेतु पूर्व में आबंटित भूमि को छोड़कर शेष भूमि को एस.टी.पी. निर्माण के लिए चिन्हित किया है, इससे शहरी जल-निकासी व्यवस्था में व्यापक सुधार आएगा।

### नपा अध्यक्ष डॉ.खुशबू अग्रवाल ने बस स्टैण्ड में सर्व सुविधा युक्त सार्वजनिक शौचालय का किया उद्घाटन



**बसना( समय दर्शन )।** नगर पंचायत बसना में विगत कई महीनों से नया शौचालय को प्रारम्भ करने की मांग नागरिकों के द्वारा किया जा रहा था, जिसे प्राथमिकता से लेते हुए दिनांक 08.05.20250को नगर पंचायत अध्यक्ष डाक्टर खुशबु अभिषेक अग्रवाल, उपाध्यक्ष शीत गुप्ता, वरिष्ठ पार्षद गण मुज्जमिल कादरी, राकेश डडसेना, गौतम धृतलहरे, निर्मल दास, शिव नायक, मनोज गहरेवाल एवं गणमान्य नागरिक गण उपस्थित हुए।

# गाड़ाडीह में किसान चौपाल : जैविक और व्यवसायिक खेती पर हुई बात

### कलेक्टर ने भी चौपाल में की शिरकत, खेती-किसानी को और बेहतर करने मांगे सुझाव

**धमतरी ( समय दर्शन )।** जिले में खेती-किसानी को बेहतर बनाकर लाभ के व्यवसाय के रूप में विकसित करने के उद्देश्य से लगातार किसान चौपालों का आयोजन किया जा रहा है। आज कुरूद विकासखण्ड के गाड़ाडीह में हुई किसान चौपाल में जैविक तरीके से खेती करने के साथ-साथ ज्यादा लाभ देने वाली व्यवसायिक खेती के बारे में भी चर्चा की गई। आज के किसान चौपाल में कलेक्टर श्री अबिनाश मिश्रा सहित आसपास के 10 से अधिक प्रगतिशील किसानों ने खेती के अपने अनुभवों को साझा किया। कलेक्टर श्री मिश्रा ने कहा कि जिले के किसानों को ज्यादा लाभ पहुंचाने, खेती को और बेहतर बनाने से लेकर सरकारी योजनाओं का ज्यादा से ज्यादा लाभ दिलाने के उद्देश्य से ऐसी किसान चौपालों का आयोजन किया जा रहा है। श्री मिश्रा ने बताया कि जिले में लगभग 20 ऐसी चौपालों की योजना बनाई गई है। इन चौपालों में जिले के प्रगतिशील किसान, जो व्यवसायिक रूप से उन्नत खेती कर रहे हैं, को बुलाकर दूसरे किसानां को मार्गदर्शन दिलाया जा रहा है। खेती-किसानी के साथ-साथ उद्यानिकी फसलों को लगाने, डेयरी, गौपालन, मछलीपालन, बकरी पालन, कुक्कुट पालन जैसे कृषि आधारित व्यवसायों के लिए भी इन चौपालों में मार्गदर्शन किया जा रहा है। कलेक्टर ने उपस्थित किसानों को खेती को और बेहतर बनाने के लिए सुझाव भी मांगे। उन्होंने सभी को आश्वासन दिया कि जिले में किसानों की आय बढ़ाने और कृषि विकास के लिए हरसंभव मदद दी जाएगी। आज की चौपाल में सीईओ जिला पंचायत श्रीमती रोमा श्रीवास्तव, जिला पंचायत सदस्य श्री नीलम चन्द्राकर, जनपद पंचायत सदस्य श्री महेश ध्रुव, गाड़ाडीह की सरपंच श्रीमती अर्चना कश्यप मौजूद रहीं।

चौपाल में जिला पंचायत सदस्य और प्रगतिशील किसान श्री नीलम चन्द्राकर ने रबी मौसम में धान के बदले दलहन-तिलहन फसलों की खेती और उद्यानिकी फसलों विशेषकर सब्जी, फूल और फसलों के बगीचे लगाकर ज्यादा मुनाफा कमाने के बारे में बताया। एक अन्य प्रगतिशील किसान श्री चन्द्रहास पटेल ने मृत पशुओं को समाधी देकर जैविक खाद बनाने और उसके उपयोग से उत्पादन बढ़ाने की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि एक मृत गाय या बैल को समाधी देकर एक साल बाद उसकी खुदाई कर बने खाद को लगभग 10 एकड़ भूमि में उपयोग कर सकते हैं।

उन्होंने यह भी बताया कि इससे अन्य खादों की तुलना में 10 गुना ज्यादा उत्पादन हो सकता है। किसान श्री थानेश्वर साहू ने अपने दस साल के जैविक खेती के अनुभव उपस्थित किसानों से साझा किए। उन्होंने गौ आधारित प्राकृतिक खेती के तरीके बताए। श्री थानेश्वर साहू ने ब्लैक राईस एवं रेड राईस उत्पादन में गौ आधारित प्राकृतिक खेती के बारे में बताया। प्रगतिशील युवा किसान श्री पुष्पक साहू ने पॉली हाउस में आर्किड फूलों की खेती से एक एकड़ रकबे से लगभग 50 लाख रूपये की आमदनी की योजना साझा की। इसी तरह कृषक श्री लीलाराम ने संतुलित खादों के उपयोग से खेती, श्री डोमनलाल साहू ने फसल चक्र परिवर्तन के फायदे, श्री भोलाराम साहू ने मक्का की उन्नत खेती के बारे में भी बताया।

## समाधान शिविर के माध्यम से लोगों की समस्याओं का हो रहा निराकरण- विधायक साहू



### विकासखंड छुरा के ग्राम मुड़ागांव में आयोजित हुआ शिविर

**गरियाबंद ( समय दर्शन )।** सुशासन तिहार के तीसरे चरण के अंतर्गत जिले में जिला स्तरीय समाधान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में आज छुरा विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत मुड़ागांव में समाधान शिविर का आयोजन किया गया ।जहां भारी संख्या में मुड़ागांव सहित आसपास गांव के लोगों ने भी उपस्थित होकर अपने अपने आवेदनों के निराकरण की स्थिति के बारे में जानकारी ली। शिविर में राजिम क्षेत्र के विधायक रोहित साहू मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए।शिविर में जिला पंचायत सीईओ जीआर मरकाम एवं प्रशासनिक अधिकारियो ने शामिल होकर लोगों को विभागीय योजनाओं एवं उनके आवेदनों के निराकरण की जानकारी दी।विधायक श्री साहू ने शिविर स्थल में विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टाल का निरीक्षण कर लोगों को लाभान्वित किये जा रहे गतिविधियों की जानकारी ली। साथ ही शिविर में मौजूद लोगों को जल संरक्षण के संबंध में जागरूक करते हुए जल शपथ भी दिलाई।उन्होंने लोगों को जल के बचाव के लिए कार्य करते हुए फसल परिवर्तन एवं जल संरक्षण कार्यक्रम के प्रति जागरूक किया।

शिविर में केन्द्र और राज्य सरकार की विभिन्न हितग्राहीमूलक योजनाओं जैसे किसान सम्मान निधि,किसान किताब, कृषि बीज,मछली जाल आदि से लोगों को लाभान्वित किया गया।इस दौरान विधायक श्री साहू ने महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा बच्चों का अन्न प्रासन्न एवं गर्भवती माताओं को गोद भराई की रस्म अदा की।इस दौरान शिविर में जिला पंचायत अध्यक्ष गौरी शंकर कश्यप, एसडीएम नेहा भेड़िया सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि,विभागीय अधिकारीगण एवं ग्रामीणजन मौजूद रहे। शिविर में विधायक श्री साहू ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि शासन की मंशा है कि समस्त योजनाओं का लाभ सभी पात्र लोगों को मिले। साथ ही उनके सभी समस्याओं का निराकरण भी हो।

इसी उद्देश्य से सुशासन तिहार मनाया जा रहा है।इसके अगले चरण में समाधान शिविरों का आयोजन जिले में किया जा रहा है।इसके तहत लोगों की समस्याओं का यथा संभव निराकरण भी किया जा रहा है।जिससे लोगों को उनके आवेदनों के निराकरण की जानकारी उनके गांव के पास ही शिविर लगाकर दी जा रही है। विधायक ने कहा कि केन्द्र और राज्य की सरकारें गांव,गरीब,किसान की प्रगति और खुशहाली के लिए सतत् कार्य कर रही हैं। उन्हें विभिन्न योजनाओं जैसे प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत पक्के आवास, जल जीवन मिशन के तहत घर पहुंच पानी, बिजली,सड़क, अस्पताल,स्कूल एवं विभिन्न सुविधाओं से लाभान्वित किया जा रहा है।



## ग्रामीण सीख रहे जीवन जीने की कला

**बसना( समय दर्शन )।** आर्ट ऑफ़लिविंग परम् पूज्य श्री श्री रविशंकर जी संस्था की ओर से ग्राम देवपुर रेस्टहॉउस परिक्षेत्र (बया ) 24 अप्रैल से 28 अप्रैल तक 5 दिवशीय हैप्पीनेस प्रोग्राम चलाया जा रहा है। जिसमे खेल, सत्संग, ज्ञान वर्धक बाते योग, ध्यान, प्रणाम, मैडिटेशन, स्वासो का रहस्य सुदर्शन क्रिया शिखाया गया।

जिससे शारीरिक मानसिक शान्ति वा शरीर ऊर्जावान सकरात्मक सोच जैसे प्रभाव शाली सुदर्शन क्रिया सिखाया गया। शिक्षक डोंगरगढ़ पनियाजोब से दानी राम साहू जो निरंतर 15 वर्षो से समाज मे सेवा दे रहे हैं। छत्तीसगढ़ के आलावा अनेको राज्यों मे आप आर्ट ऑफ़ लिविंग का प्रोग्राम चलाते है । इस शिविर मे तेंदुचुवा के भूतपूर्व सरपंच सनत चौहान, जगदीश चौहान, सुखराम पटेल राजदेवरी कोर्रा डीही से कलस राम चौहान, राजदेवरी से शौकीलाल चौहान, राजपुर से सरस्वती चौहान इस कार्यक्रम के बारे जानकारी दिया गया।

# छत्तीसगढ़ राज्य साक्षरता मिशन प्राधिकरण द्वारा उल्लास कार्यक्रम की राष्ट्रीय स्तर पर प्रभावशाली प्रस्तुति

**सारंगढ़ ( समय दर्शन )।** छत्तीसगढ़ राज्य साक्षरता मिशन प्राधिकरण के अंतर्गत संचालित उल्लास कार्यक्रम की उपलब्धियों और नवाचारों पर आधारित एक प्रभावशाली प्रस्तुति का प्रसारण आज राष्ट्रीय स्तर पर एनसीईआरटी के आधिकारिक चैनल पर किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम के नोडल अधिकारी व प्राधिकरण के असिस्टेंट डायरेक्टर श्री प्रशांत पांडेय ने विशेषज्ञ वक्ता के रूप में आधे घंटे का सारगर्भित प्रस्तुतीकरण दिया। कार्यक्रम का संचालन एनसीईआरटी की ओर से एंकर हरप्रीत कौर ने किया।

श्री पांडेय ने बताया कि छत्तीसगढ़ राज्य साक्षरता मिशन प्राधिकरण के अध्यक्ष व प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के कुशल मार्गदर्शन में, स्कूल शिक्षा विभाग के सचिव व राज्य साक्षरता मिशन प्राधिकरण के संचालक के सतत निर्देशन व नेतृत्व में, प्रदेशभर में उल्लास कार्यक्रम के तहत उल्लेखनीय कार्य किए जा रहे हैं। प्रदेश में व्यापक जागरूकता वातावरण निर्माण हेतु उल्लास रैली, नारा लेखन, उल्लास रथ, शपथ, गीत, वीडियो, साक्षरता चौक व लाइव प्रदर्शनी जैसे अनेक नवाचार किए गए हैं। रायपुर और दुर्ग में साक्षरता चौक का निर्माण प्रमुख है। सरगुजा से लेकर बस्तर तक साक्षरता की गूंज प्रारंभ हो गई है। नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में भी सकारात्मक बदलाव आया है। कई पूर्व नक्सलियों ने हथियार छोड़कर कलम थामी है और शिक्षा से विकास की संकल्पना को साकार करने के लिए उल्लास केंद्रों में पंजीयन कर शिक्षार्थी बने हैं।

उल्लास केंद्र अब केवल स्कूल या सामुदायिक भवनों तक सीमित नहीं रहकर लोगों के घरों, मोहल्लों, पेड़-पहाड़ और जंगलों तक पहुंच गए हैं। 'कभी भी, कहीं भी पढ़िए' की अवधारणा को साकार किया जा रहा है। प्रदेश के मुख्यमंत्री, उनकी धर्मपत्नी, विधानसभा अध्यक्ष, उपमुख्यमंत्री, केंद्रीय मंत्री, कलेक्टरों आदि द्वारा उल्लास शपथ के जरिए लोगों को पढ़ने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। आवश्यकता आधारित पाठ्यक्रम निर्माण हेतु राज्य के विभिन्न क्षेत्रों में सर्वेक्षण कर शिक्षार्थियों की रुचि के अनुसार क्यूआर कोड युक्त पाठ्य सामग्री तैयार की गई है। नवाचारी पद्धतियों जैसे प्रेरणा गीत, समाचार पाठन, सफल नवसाक्षरों की कहानियों आदि के माध्यम से 150 से 200 घंटे का अध्यापन किया जा रहा है। स्वयंसेवी शिक्षकों का राज्य, जिला व ब्लॉक स्तर पर चिन्हांकन कर हाइब्रिड मोड में प्रशिक्षण दिया जा रहा है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप प्रारंभ उल्लास कार्यक्रम को प्रदेश में प्राथमिकता से लागू किया गया है। 23 मार्च 2025 को आयोजित राष्ट्रव्यापी महा परीक्षा अभियान में 4 लाख 60 हजार शिक्षार्थियों ने सफलता प्राप्त की है। छत्तीसगढ़, भारत सरकार के उल्लास पोर्टल में स्वस्स्ज्ञ परीक्षा परिणाम 15 दिनों में अपलोड करने वाला देश का पहला राज्य बन गया है।

प्रदेश में प्रचार-प्रसार हेतु सोशल मीडिया, प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक मीडिया, पोस्टर, न्यूज लेटर व 16 स्थानीय बोली-भाषाओं में अनुकूलित उल्लास गीतों का उपयोग हो रहा है। राज्य, जिला, ब्लॉक, संकुल, ग्राम स्तर पर बैठकें नियमित रूप से आयोजित कर सघन मॉनिटरिंग की जा रही है।

# 5.800 किलो ग्राम गांजा परिवहन करते दो आरोपियों को किया गया गिरफ्तार



**गरियाबंद ( समय दर्शन )।** जिले के वरिष्ठ अधिकारियों के द्वारा सभी थाना प्रभारी को थाना क्षेत्रों में अवैध रूप से शराब,गांजा तस्करी बिक्री पर अंकुश लगाने के साथ प्रभावी कार्रवाई करने के निर्देश दिए थे ।जिसके परिपालन में थाना प्रभारी राजिम अपने थाना क्षेत्र में मुखबिर सक्रिय किए थे ।मुखबिर द्वारा थाना प्रभारी राजिम निरीक्षक अमृत लाल साहू को सूचना दिया कि ग्राम पिताईबंद से गैस गोदाम रोड होते हुए अवैध रूप से गांजा लेकर राजिम आने की सूचना प्राप्त हुआ। जो थाना से पुलिस टीम लेकर मुखबिर द्वारा बताए गए घटनास्थल पर रवाना होकर इंडियन गैस गोदाम के पास मोटर साइकिल की पुलिया के आधार पर मोटर साइकिल क्रमांक छ्त्न 04 क्क्र0438 को रोक कर गवाहो के समक्ष चेक किया गया ।चेक करने के दौरान दोनों आरोपियों के कब्जे से प्लास्टिक के थैले में रखें 5.800 किलो ग्राम गांजा मादक पदार्थ कीमती 60,000 रुपए को बरामद कर गवाहो के जप्त कर कब्जा पुलिस लिया गया ।दोनों आरोपियों का नाम पता पूछने पर अपना नाम गिरवर देवांगन पिता बिसहत राम देवांगन उम्र 29 वर्ष,कोमल देवांगन पिता बिसहत राम देवांगन उम्र 27 वर्ष निवासी पिताईबंद थाना राजिम का होना बताया अवैध गांजा परिवहन करते उपयोग में हीरो सुपर स्प्लेंडर मोटर साइकिल को जप्त किया गया। आरोपियों का उक्त कृत्य अपराध धारा 20 (ख) नारकोटिक एक्ट का पाए जाने से दोनों आरोपियों के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। विवेचना के दौरान दोनों आरोपियों को समक्ष गवाहन के विधिवत की गिरफ्तार कर न्याय हिरासत में भेजा गया। इस कार्रवाई में थाना राजिम पुलिस टीम का विशेष भूमिका रहा।

## कृषक उच्च माध्य विद्यालय पाटसेंद्री का परीक्षा परिणाम रहा उत्कृष्ट



**सरायपाली( समय दर्शन )।** शिक्षण सत्र 2024-25 मे पाटसेंद्री विद्यालय का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा है। फुलझर सेवा समिति सरायपाली द्वारा संचालित कृषक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पाटसेंद्री में छत्तीसगढ़ मा शि मण्डल की कक्षा दसवीं एवं बारहवीं के मुख्य परीक्षा 2025 का परीक्षा परिणाम दिनांक 7/5/2025को जारी हुआ। दोनों ही कक्षा में सभी परीक्षार्थी सफल हुए ।दसवीं में प्रथम कुमारी तेजकुमारी नायक 93.16 प्रतिशत, द्वितीय कोमल साहू 89प्रतिशत,तृतीय अमितेश प्रधान 88.88 प्रतिशत। 34 दर्ज में 31 प्रथम श्रेणी, 3द्वितीय श्रेणी प्राप्त किया ।बारहवीं में कला में प्रथम खिलेश्वरी दास 85.8त्न, द्वितीय नवीना दास 80.6 प्रतिशत, तृतीया मानसी विशाल 77.6 प्रतिशत इसी प्रकार विज्ञान में प्रथम वैष्णवी साहू 82.4 प्रतिशत,द्वितीय चांदनी साहू 81.8 प्रतिशत, तृतीय लिशा डडसेना ने स्कूल में स्थान प्राप्त किया ।बारहवीं कला और विज्ञान में 61परीक्षार्थी में 34 प्रथम श्रेणी, 26 ने द्वितीय श्रेणी प्राप्त किया ।इस प्रकार परिणाम से गदगद विद्यालय के प्राचार्य श्री शाखीराम पटेल जी ने कहा कि पालक , बालक और मेरे शिक्षक साथियों के प्रयास से यह परिणाम संभव हो पाया ।सभी सफल परीक्षार्थीयो की उज्ज्वल भविष्य की कामना की और निरंतर आगे बढ़ने के लिए उत्साहित किया। फुलझर सेवा समिति के मंत्री विद्याभूषण सतपथी सभी को शुभाशीर्वाद दिये ।

## संक्षिप्त-खबर

### अवैध रुप से शराब बिक्री कर रहे आरोपी के विरुद्ध की गई वैधानिक कार्यवाही

**धमतरी ( समय दर्शन )।** धमतरी पुलिस थाना मगरलोड को मुखबिर से सूचना मिली की ग्राम भरदा नहर पुल के पास बोड़रा में एक व्यक्ति शराब रखकर बिक्री कर रहा हैं की सूचना के आधार पर तत्काल मगरलोड पुलिस द्वारा ग्राम भरदा नहर पुल के पास बोड़रा में रेड कार्यवाही कर अवैध रुप से शराब बेच रहे आरोपी कुंजल कंवर पिता मदन कंवर उम्र 35 वर्ष साकीन रांकाडीह के कब्जे से थैले के अंदर 38 पौवा देशी प्लेन शराब प्रत्येक में 180-180 एम. एल.भरी हुई कीमती 3040 रूपये को जप्त कर आरोपी के विरूद्ध थाना मगरलोड में अप.क्र. 66/25 धारा 34 (2) आबकारी एक्ट के तहत वैधानिक कार्यवाही किया गया है।

### छत्तीसगढ़ हाई कोर्ट के रजिस्ट्रार ठाकुर नियुक्त

**बिलासपुर ( समय दर्शन )।** छत्तीसगढ़ हाइ कोर्ट का नया रजिस्ट्रार जनरल मनीष कुमार ठाकुर को नियुक्त किया गया है। वहीं वर्तमान रजिस्ट्रार जनरल विनोद कुजूर को दुर्ग का प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश बनाया गया है।

हाई कोर्ट ने प्रशासनिक फेरबदल करते हुए कई वरिष्ठ न्यायिक अधिकारियों को नई जिम्मेदारियां सौंपी हैं। जिसके अनुसार संतोष कुमार शर्मा को कोरबा का प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश बनाया गया है। सत्येंद्र कुमार साहू को जशपुर का प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश नियुक्त किया गया है। गरिमा शर्मा को कोरबा की द्वितीय जिला एवं सत्र न्यायाधीश के रूप में नई जिम्मेदारी मिली है। मंसूर अहमद को हाईकोर्ट का नया रजिस्ट्रार विजिलेंस नियुक्त किया गया है। निधि तिवारी शर्मा, जो वर्तमान में एडिशनल रजिस्ट्रार (डीई एंड ई) हैं, उन्हें स्टेट ज्यूडिशियल एकेडमी की डायरेक्टर बनाया गया है। अनिल कुमार पाण्डेय को नया एडिशनल रजिस्ट्रार (डीई एंड ई) नियुक्त किया गया है। वहीं, ज्यूडिशियल एकेडमी के वर्तमान डायरेक्टर संतोष कुमार आदित्य को कोरबा का प्रथम जिला एवं सत्र न्यायाधीश नियुक्त किया गया है।

### मुर्गी लेकर भाग रहे तेंदुआ गहरे कुएं में गिरा,रेस्क्यू कर तेंदुए को निकाले



**गरियाबंद ( समय दर्शन )।** मुर्गा का शौक तेंदुए को काफी महंगा पड़ा, मुर्गा को पेकर भाग रहा तेंदुआ 40 फिट गहरे कुएँ में गिर गया,जिसे वन विभाग की टीम मौके पर पहुंच कर तेंदुए को घंटों मशक्कत कर कुएं से बाहर निकाल पाए।

जिले के छुरा नगर से 3 किलोमीटर दूर ग्राम पंडरीपानी मे सुबह मुर्गा का शिकार के पश्चात तेंदुआ 40 फिट गहरे कुएँ में गिर गया,जिसकी जानकारी लगते ही वन विभाग में हड़कंप मच गया है। घटना सुबह की बताई जा रही है।घटना की जानकारी वन विभाग को दी गई। जानकारी मिलते ही वन विभाग के कर्मचारी घटना स्थल पर पहुंच कर तेन्दुए को कुएँ से बाहर निकालने का प्रयास किया जा रहा है,इधर तेन्दुए के कुएँ मे गिरने की खबर गांव मे फ़ैलते ही घटना स्थल पर लोगो की भीड़ लग गई।सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार घटना सुबह की बताई जा रही है तेंदुआ गांव मे शिकार के लिये पहुंचा था।तेन्दुए ने गांव मे मुर्गी का शिकार कर वापस जा रहा था और कुएं में गिर गया।वन विभाग की टीम घटना स्थल पहुंच कर वहा से ग्रामीणों को हटाकर गहरे कुएँ मे गिरे तेंदुए को कुएँ से बाहर निकालने सीढ़ी और चारपाई के सारे घंटों मशक्कत के बाद तेंदुए को बाहर निकाल पाए।

### कलेक्टर ने सड़क निर्माण एवं प्रस्तावित कार्यों की समीक्षा बैठक ली



**जांजगीर-चांपा ( समय दर्शन )।** कलेक्टर जन्मेजय महोबे ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आरईएस, सेतु निगम तथा लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों की बैठक लेकर जिले में जारी एवं प्रस्तावित निर्माण कार्यों की समीक्षा की। बैठक में कलेक्टर ने सभी संबंधित विभागों से प्रगतिरत कार्यों की विस्तृत जानकारी ली और निर्देशित किया कि प्रस्तावित सड़क निर्माण कार्यों के स्वीकृति प्रस्ताव शीघ्र तैयार कर फाइल प्रस्तुत करें । कलेक्टर श्री महोबे ने जिला मुख्यालय से विकासखंड मुख्यालयों तथा प्रमुख संपर्क मार्गों पर स्थित क्षतिग्रस्त एवं गड्ढायुक्त सड़कों की मरम्मत को सर्वोच्च प्राथमिकता के साथ करने कहा। उन्होंने सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए चिन्हित ब्लैक स्पॉट्स पर चेतावनी संकेतक, पर्याप्त रोशनी की व्यवस्था तथा रेडियम रिफ्लेक्टर लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने प्रमुख चौराहों एवं व्यस्त मार्गों के आसपास अतिक्रमण हटाने हेतु कार्रवाई करने को भी कहा। बैठक में जिला पंचायत सीईओ श्री गोकुल रावटे, अपर कलेक्टर श्री ज्ञानेन्द्र सिंह ठाकुर सहित संबंधित विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

# वन नेशन वन इलेक्शन को लेकर विधानसभा स्तरीय संगोष्ठी का किया गया आयोजन

### संकीर्तन सेवा संस्थान साजा के बैनर तले अंबेडकर भवन मेंआयोजन

**साजा ( समय दर्शन )।** केंद्र सरकार के द्वारा वन नेशन वन इलेक्शन को लेकर जिस तरह से संसद में प्रस्ताव पारित किया जाना है उसे लेकर स्थानीय अंबेडकर भवन में संकीर्तन सेवा संस्थान साजा के बैनर तले एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया संगोष्ठी में राजनीतिक दलो के जनप्रतिनिधियों के अतिरिक्त शहर के बुद्धिजीवी वर्ग ने भी अपने विचार खुलकर रखें तथा देश हित में इस अति महत्वपूर्ण संविधान को लागू किए जाने की आवश्यकता भी बताई साथी वक्ताओं



ने आज किसी देश की आवश्यकता भी बताई। उन्होंने कहा कि विकासशील देश के लिए अति आवश्यक है कि देश में एक साथ चुनाव कर जा सके जिससे समय और पैसे की बचत होगी साथ ही साथ ब्यूरोक्रेट्स के प्रतिभा का पूरा उपयोग देश हित में होगा जिससे देश विकासशील के बदले विकसित देश में अपनी गिनती जल्द ही कर पाएगी केंद्र सरकार के द्वारा देश हित में यह नियम लागू करने की अपनी प्रतिबद्धता बता दी है आवश्यकता है इसे लोगों को अपनाने की ताकि देश विकास के नए सोपान को तय कर सके.. उक्त संगोष्ठी को साजा के बुद्धिजीवी वर्ग में मुख्य रूप से सहयोग संस्था की ओर से चंद्रशेखर सिंह राजपूत, लवकुश अग्रवाल रिटायर शिक्षक, ललित अग्रवाल रिटायर हेड मास्टर, तोरण लाल सिंह, भी अपने विचार रखकर इस देश की आवश्यकता बताई। हालांकि वन नेशन वन इलेक्शन को लेकर भारतीय जनता पार्टी के द्वारा इस अहम संविधान के बारे में लोगों तक केंद्र सरकार की मनसा पहुंचने के लिए समिति का गठन किया गया है आज विधानसभा स्तरीय संगोष्ठी के मुख्य वक्ता दुर्ग लोकसभा के सांसद विजय बघेल, पूर्व विधायक सांवरा राम डेहरे,अवधेश चंदेल पूर्व विधायक बेमेतरा, ओम प्रकाश जोशी पूर्व जिला अध्यक्ष को यह जिम्मेदारी दी गई है जिसके चलते वक्ताओं ने भी अपने हम विचार संगोष्ठी में रखें जिम्मेदारी दी गई है कि पूरे संभाग में शासन की इस हम संविधान के बारे में जन-जन तक बात पहुंचाई जा सके आज अंबेडकर भवन में यह संगोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें विधानसभा के विधायक ईश्वर साहू, जितेन साहू जी, लाभचंद बाफनाजी पूर्व विधायक साजा तेलघानी बोर्ड अध्यक्ष,बेमेतरा भारतीय जनता पार्टी के पूर्व जिला अध्यक्ष राजेंद्र शर्मा, जितेन्द्र साहू जनपद अध्यक्ष साजा, हिमांशु वर्मा नगर पंचायत अध्यक्ष साजा , हषर्वर्धन तिवारी बुलाक साहू मंडल अध्यक्ष साजा, केशव पटेल, नारद वर्मा ,जय सिंह राजपूत, मुलचंद शर्मा रोहित राजपूत, परमेश्वर वर्मा,बिष्णु साहू, त्रिलोकी साहू, प्रेरणा सिंह, लक्ष्मी वर्मा, सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने भी अपने हम विचार आज संगोष्ठी में साझा किया।

# समाधान शिविर भाजपा की सच्ची जनसेवा का प्रमाण है - डॉ.ख़ुशबू अग्रवाल



**बसना( समय दर्शन )।** बसना नगर पंचायत अध्यक्ष डॉ.ख़ुशबू अग्रवाल के कहा कि भाजपा, जो हमेशा राष्ट्रहित, जनहित और अंत्योदय की भावना को अपने मूल में रखती है, उसने एक बार फिर सिद्ध कर दिया है कि राजनीति केवल सत्ता का साधन नहीं, सेवा का माध्यम होती है। श्री विष्णुदेव साय जी का यह निर्णय दर्शाता है कि जब नेतृत्व दृढ़ इच्छाशक्ति, संवेदना और दूरदर्शिता से ओतप्रोत हो, तो शासन लोगों के जीवन का हिस्सा बन जाता है—वह शासन नहीं, सेवा धर्म बन जाता है।

भारतीय जनता पार्टी की सरकार, विशेष रूप से छत्तीसगढ़ के यशस्वी मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय जी के नेतृत्व में जो समाधान शिविर की पहल की गई है, वह केवल एक प्रशासनिक योजना नहीं, बल्कि जनकल्याण की दिशा में एक क्रांतिकारी कदम है। यह शिविर एक माध्यम है, जिसके द्वारा सरकार आम नागरिकों के द्वार तक पहुंच रही है—उनकी समस्याओं को सुनने, समझने और मौके पर ही समाधान देने के संकल्प के साथ। भाजपा हमेशा से सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास के सिद्धांत पर चलती रही है, और समाधान शिविर उसी भावना का प्रत्यक्ष उदाहरण है। यह पहल दर्शाती है कि यह सरकार सिर्फसत्ता के शिखर पर बैठकर शासन नहीं करती, बल्कि जमीन पर उतरकर, आम आदमी की पीड़ा को महसूस करती है, उसका समाधान खोजती है।

ग्रामीण अंचलों के बुजुर्ग, माताएं, बहनें, किसान, मजदूर—हर वर्ग के लोग अब इस शिविर के माध्यम से अपनी समस्याओं को लेकर सीधे शासन तक अपनी आवाज़ पहुँचा पा रहे हैं। न तो उन्हें कार्यालयों के चक्कर लगाने पड़ते हैं, न ही महीनों इंतज़ार करना पड़ता है। अब निर्णय वहीं मौके पर होता है—तुरंत, पारदर्शी और जनहितकारी।

यह समाधान शिविर महज़ एक सरकारी कैम्प नहीं, यह सरकार और जनता के बीच आत्मीयता, विश्वास और सहयोग का पुल है। यह एक ऐसा प्रयास है जिसमें शासन सेवा बनता है, और अधिकारी, सेवक की भूमिका में दिखाई देते हैं। यह दृष्टिकोण भाजपा की उस नीति को प्रतिबिंबित करता है जिसमें सरकार का हर कार्य आमजन के हित में होता है। विष्णुदेव साय की यह पहल बताती है कि वे केवल एक मुख्यमंत्री नहीं, बल्कि जनता के सच्चे सेवक हैं।—

# 10वीं, 12वीं के राज्य स्तरीय मेरिट सूची में गुण्डरदेही विधानसभा क्षेत्र से तीन बच्चों ने मेरिट सूची में शामिल

**भानूप्रताप साहू**

**बालोद ( समय दर्शन )।** छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा कल जारी हायर सेकेंडरी सर्टिफिकेट परीक्षा एवं हाईस्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा 2025 की राज्य स्तरीय मेरिट सूची में गुण्डरदेही विधानसभा क्षेत्र से तीन बच्चों ने मेरिट सूची में अपनी जगह बनाई। कक्षा 10 वीं की सूची में अर्जुन्दा नगर में संचालित स्वामी आत्मानंद स्कूल की छात्रा कु.भावना साहू आ. अनिल कुमार साहू ने 98.17 प्रतिशत के साथ सप्तम स्थान, छात्र ध्रुव साहू आ.चम्पा लाल साहू ने 97.83 प्रतिशत के साथ नवम स्थान तथा प्रयास विद्यालय पिनकापार वि.खं.-डौण्डीलोहारा की छात्रा कु.भावना साहू आ. मनोज कुमार ने 97.67 प्रतिशत अंक प्राप्त कर दशम स्थान



प्राप्त किया । बच्चों की इस उपलब्धि पर गुण्डरदेही विधानसभा क्षेत्र के लोकप्रिय विधायक कुंवर सिंह निषाद ने बच्चों के निवास जाकर बच्चों एवं उनके माता-पिता को शॉल श्रीफल से सम्मानित कर बधाई दिए एवं मुंह मीठा कराए ।

विधायक ने कहा कि बच्चों की उपलब्धि से गुण्डरदेही विधानसभा क्षेत्र के साथ पूरा बालोद जिला गौरवान्वित हुआ । माननीय श्री भूपेश बघेल सरकार की शिक्षा के क्षेत्र में महत्वाकांक्षी योजना आत्मानंद स्कूल के बच्चों की उपलब्धि निश्चित ही शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय है आने वाले दिनों में इसका और व्यापक परिणाम दिखेगा। भ्रमण के दौरान जिला पंचायत बालोद की अध्यक्ष तारिणी चन्द्राकर, जिला भाजपा अध्यक्ष चेमन देशमुख, पुष्पेन्द्र चन्द्राकर,ललिता भुआर्य, रीतेश देवांगन, सागर साहू, सुभाष गजेन्द्र,ओमिन राजकुमार साहू, लीलेश्वर ठाकुर एवं ग्राम के वरिष्ठजन उपस्थित रहे।

### मोटर सायकल चोरी के आरोपी को दिन भर मेहनत के बाद गिरफ्तार कर,भेजा जेल

**धमतरी ( समय दर्शन )।** दिनांक 11.04.25 को प्रार्थी अपने किराए के मकान में करीब 09:30 बजे अपने दोस्त अरुण देवांगन ग्राम भटगांव से मो0सा0 क्र0 सी.जी.05 एस.6752 कीमती करीबन 15,000/-रु0 को अपने काम से मांगकर लाकर अपने घर में लॉक करके घर अंदर गया और खाना खाकर सो गया। प्रार्थी जब दिनांक 12.04.25 को सुबह 08:00 बजे देखा तो खड़े किए स्थान पर मो0सा0 नही था,तब प्रार्थी अपने मकान मालिक सूरज सेन तथा वासुदेव सेन को बताया तो मकान मालिक अपने घर के सीसीटीव्ही. कैमरा को देखा तो गजेन्द्र बांधे पिता प्रकाश बांधे सतनामी पारा जोधापुर धमतरी ने मो0सा0को चोरी कर ले गया हैं।

जिसे अपने स्तर पर पता तलाश किया नही मिलने पर दिनांक 07.05.25 को थाना सिटी कोतवाली धमतरी पहुंचकर प्रार्थी लिखित आवेदन दिया गया। जिस पर तत्काल धमतरी पुलिस द्वारा प्रार्थी के कथन एवं सीसीटीव्ही0 फुटेज के आधार पर आरोपी का पता तलाश कर आरोपी को उनके घर के पास घुमते पकड़कर गवाहों के समक्ष पूछताछ किया गया।

# मुयमंत्री विष्णु देव ने सुतियापाट नहर विस्तारीकरण, सिंचाई एवं पेयजल आपूर्ति के लिए 78 करोड़ 45 लाख रुपए की घोषणा की

### पंडरिया विधायक भावना बोहरा ने जताया मुख्यमंत्री का आभार

**कवर्धा ( समय दर्शन )।** जिला के वनांचल ग्राम दलदली में सुशासन तिहार के समाधान शिविर में मंगलवार को मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने जनता से संवाद कर उनकी समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए। मुख्यमंत्री श्री साय ने सुतियापाट नहर विस्तारीकरण परियोजना को जल्द पूरा करने और 26 गांव में सिंचाई योजना एवं 54 गांव में पेयजल आपूर्ति हेतु रामपुर (ठाठापुर)-दशरंगपुर-इंदौरी और मरका तक पाइप लाइन विस्तार हेतु 78 करोड़ 54 लाख रुपए की स्वीकृति देने की घोषणा की। साथ ही क्षीरपानी जलाशय से 66 गांव में पेयजल आपूर्ति के लिए 1 करोड़ 23 लाख रुपए की स्वीकृति और दलदली में कन्हाई नदी द्वारा घरों तक जल आपूर्ति की घोषणा भी मंच से की गई



जिससे किसानों और ग्रामवासियों में उत्साह दिखाई दिया और सभी ने मुख्यमंत्री का अभिवादन किया।

प्रदेशव्यापी सुशासन तिहार में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय मंगलवार को जिले के दुर्गम पहाड़ियों पर बसे ग्राम दलदली पहुँचे। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि, दलदली सहित पूरे वनांचल क्षेत्र में पीने के पानी की बड़ी समस्या का अब स्थाई समाधान होगा। यहां की कनई नदी से पेयजल लाकर हर घर तक पहुंचाया जाएगा। उन्होंने कहा कि पेयजल संकट दूर करने के लिए सरकार लगातार बड़े फैसले ले रही है। कबीरधाम जिले में क्षीरपानी जलाशय से कुसुमघटा जल प्रदाय योजना के तहत 123 करोड़ रुपए स्वीकृत किए गए हैं, जिससे 66 ग्रामों में जलापूर्ति होगी। वहीं रामपुर ठाठापुर दशरंगपुर सुतियापाठ जल प्रदाय योजना के लिए 78 करोड़ 45 लाख रुपए की स्वीकृति दी गई है, जिससे 54 ग्रामों को लाभ मिलेगा।

उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ सरकार ने अपनी पहली ही कैबिनेट बैठक में मोदी की गारंटी को पूरा करते हुए प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 18 लाख नए आवासों की स्वीकृति दी है। उन्होंने कहा कि इन आवासों के लिए हमने सड़क पर लंबी लड़ाई लड़ी है और आज इस संघर्ष का सुखद परिणाम छत्तीसगढ़ के गाँव-गाँव में नजर आने लगा है। उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ने बताया कि केंद्रीय पंचायत मंत्री शिवराज सिंह चौहान जल्द ही अंबिकापुर प्रवास पर आ रहे हैं और प्रदेश को प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत और भी बड़ी सौगात मिलने जा रही है। मुख्यमंत्री के आगमन पर उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा एवं पंडरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा ने हैलीपैड में उनका स्वागत किया और कार्यक्रम में शिरकत करते हुए जनता को संबोधित किया। इस दौरान मुख्यमंत्री द्वारा सुतियापाट नहर विस्तारीकरण, सिंचाई योजना और ग्रामवासियों के लिए पेयजल आपूर्ति के लिए करोड़ों की स्वीकृति और दलदली में कन्हाई नदी द्वारा घरों तक जल आपूर्ति की घोषणा करने के लिए मुख्यमंत्री श्री देव साय का आभार व्यक्त किया।

# एक मछली पूरा विभाग, बदनाम




**बिलासपुर ( समय दर्शन )।** संयुक्त संचालक पशु विभाग के अंतर्गत संचालित पशु चिकित्सालय शहर जो कोतवाली थाने के पास मुख्य मार्ग पर स्थित है कि हालत वैसी ही है जैसी जिला अस्पताल की सरकारी खरीद में आई दावों से ज्यादा ऐसी दवाइयां लिखी जाती है जिसे पशु पलक को बाहर से खरीदना पड़ता है और वह भी एक दुकानदार विशेष से, इस पूरे मामले में विभाग का ही एक कर्मचारी विशेष भूमिका निभाता है। बताया जाता है कि मेडिकल स्टोर संचालक से पार्टनरशिप है । सरकार ने पशु-पक्षी विक्रेता दुकान पशु प्रजनन (ब्रीडिंग) कराने वालो का पंजीयन आवश्यक करा रखा है। इसके लिए कानून भी है। पर बिलासपुर जिसे बी ग्रेड शहर कहां जाता है स्मार्ट सिटी कहा जाता है। जहां के सैकड़ो राजपत्रित अधिकारियों के घर में लाडले कुत्ते-बिल्ली पले है पर एक भी दुकानदार और ब्रीडर पंजीकृत नहीं है। इसके पीछे भी विभाग का ही एक कर्मचारी की भूमिका दिखाई देती है। जनाब शासन की नौकरी के साथ ऐसी हर दुकान में बैठते हैं जहां से कुत्ता-बिल्ली बेचा जाता है। सैंया भए कोतवाल तो डर काहेका। तीसरा महत्वपूर्ण बिंदु पशु कल्याण समिति से हर जनपद को पैसा दिया गया। आवारा पशुओं पर नियंत्रण के लिए एक बड़ी रकम नगर निगम बिलासपुर को भी मिली, आवारा पशुओं को सड़क से पकड़ने के लिए अभियान स्थानीय निकाय चलाएं। उनके पास अपने-अपने बजट हैं। पशु कल्याण समिति के बजट से सड़क से पशुओं को हटाने के लिए बजट आवंटन उचित प्रतीत नहीं होता।

# विधायक डॉ. सपत अग्रवाल के अवतरण दिवस पर अष्टप्रहरी संकीर्तन यज्ञ का आयोजन

### प्रदेशवासियों से भक्ति उत्सव में शामिल होने किया आग्रह

**बसना ( समय दर्शन )।** बसना विधानसभा क्षेत्र के लोकप्रिय विधायक डॉ. सम्पत अग्रवाल के जन्मदिन के शुभ अवसर पर 9 मई से 10 मई तक अष्टप्रहरी संकीर्तन हरिनाम यज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। 24 घंटे लगातार 'हरे रामा हरे कृष्णा' का कीर्तन होगा। साथ में अष्टप्रहरी संकीर्तन में आई सभी 10 टीमों द्वारा इसका संकीर्तन किया जाएगा।

इस आयोजन को श्री चैतन्य महाप्रभु की अपार कृपा और भक्ति परंपरा के रूप में देखा जा रहा है, जहां *हरे राम, हरे कृष्ण* के महामंत्रों के संकीर्तन से वातावरण भक्तिमय हो जाएगा। विधायक डॉ संपत अग्रवाल ने बताया कि इस यज्ञ का प्रमुख उद्देश्य *आध्यात्मिक उन्नयन* के साथ-साथ हाल ही में हुए *पहलगाम आतंकी हमले में शहीद लोगों की आत्मा की शांति* हेतु विशेष प्रार्थना करना भी है।




विधायक डॉ संपत अग्रवाल ने मीडिया से चर्चा करते हुए कहा कि इस बार अपना जन्मदिवस शांति पूर्ण तरीके से भगवान का नाम लेकर मना रहा हूं । इसका सबसे बड़ा कारण यह है कि पहलगाम आतंकी हमले में देश के 26 लोग शहीद हुए है। उनकी शहादत को नमन करते हुए उनकी आत्मा की शांति के लिए अष्टप्रहरी संकीर्तन हरीनाम जप होगा।

उन्होंने यह भी बताया कि 7 मई को हमारी सेना के जवानों ने पाकिस्तानियों के घर में घुसकर धूल चटाई है । मोदी सरकार ने बता दिया कि तुमने छुपकर मारा ,हमने घुसकर मारा । भारत देश ने पाकिस्तानियों को बता दिया कि जब हमारी बहू बेटियों के सम्मान को ललकारा जाता है ,तो उसका जवाब गोलियों से नहीं इतिहास रच कर दिया जाता है। तो यह अष्टप्रहरी संकीर्तन हरीनाम जप हमारे देश की सेना के जवानों के लिए भी है । जिन्होंने इतिहास रच दिया। हमने बता दिया ना भूले थे ना भूलने दिया,घर में घुसकर बदला लिया।

विधायक डॉ संपत अग्रवाल ने जानकारी देते हुए कहा कि यह यज्ञ *समाज में शांति, प्रेम और सौहार्द का संदेश* देगा, साथ ही सभी के आध्यात्मिक उन्नयन में सहायक होगा।अष्ट प्रहरी संकीर्तन होगा, जिसमें *अखंड हरिनाम संकीर्तन* से वातावरण गुंजायमान होगा।

उन्होंने कहा कि इस भव्य धार्मिक समारोह में क्षेत्र के श्रद्धालुजन, भक्तगण, समाजसेवी एवं स्थानीय नागरिक बड़ी संख्या में शामिल होंगे। अष्टप्रहरी संकीर्तन हरीनाम जप 9 मई से शुरू होकर 10 मई को इसका समापन होगा । उसके बाद भंडारे का भी आयोजन किया गया है । विधायक डॉ संपत अग्रवाल ने ग्रामवासियों के साथ साथ प्रदेश वासियों से अनुरोध किया है कि वे इस *भक्ति उत्सव में सपरिवार एवं इष्ट मित्रों सहित शामिल हों और इस पुनीत कार्य का भागीदार बनें। आपको बता दे कि इस भव्य धार्मिक अनुष्ठान का आयोजन नीलांचल भवन (विधायक निवास) के सामने, बसना में किया जाएगा। इस आयोजन को सफल बनाने के लिए *बसना विधानसभा क्षेत्र के नागरिकों* ने विशेष तैयारियां की हैं।

### राम कथा मे शामिल हुई जिला सभापति रामदुलारी सिन्हा



**पिथौरा(समय दर्शन)।** पिथौरा विकासखण्ड के ग्राम बल्दीडीह में एक दिवसीय राम कथा समारोह आयोजन किया गया। जिसमें क्षेत्र के मानस परिवार की मनमोहक प्रस्तुति हुई। इस अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य रामदुलारी सीताराम सिन्हा, सरपंच गायत्री बरिहा, दीनबंधु पटेल एवं ग्रामीण जन मुख्य रूप से उपस्थित हुए। आयोजन समिति तुलसी मानस एवं ग्रामीणों ने अतिथियों का पुष्पगुच्छ राम भगवान की तस्वीर भेट कर स्वागत किया। कार्यक्रम को जिला पंचायत सदस्य रामदुलारी ने संबोधित किया और कहा कि,इस आयोजन के लिए आयोजक समिति एवं ग्रामीणों को बधाई और शुभकामना देती हूं ,एवं सभी की मनोकामना पूर्ति के लिए भगवान श्री राम जी से प्रार्थना करती हूं। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में भक्तजन व आसपास के ग्राम वासी उपस्थित रहे।

स्वामित्वधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक रोहित खड़तकर द्वारा समय दर्शन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स ग्राम छाटा, पोस्ट देवादा, तहसील पाटन, जिला दुर्ग ( छ.ग. ) 491111 से मुद्रित कर बी-4, प्रेस काम्प्लेक्स, इंदिरा मार्केट, दुर्ग छ.ग. 491001 से प्रकाशित। संपादक :- रोहित खड़तकर,
समाचार संपादक : दामोदर राव, फोन नं.-0788-4051213, मो. 9827104452, रायपुर कार्यालय:-0771-4218364, ईमेल - samay.darshan191@gmail.com पं. क्र. CHHHIN/2011/41517 डाक पंजीयन क्रमांक छ.ग./दुर्ग/61/2021-23